# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 15 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-28 | पृष्ठ-13 | मूल्य : 01 | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# बिहार के 43वें राज्यपाल बने सैयद अता हसनैन

## पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने पद की दिलाई शपथ

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के नए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल पद की शपथ ली। बिहार के लोक भवन में आयोजित एक सादे समारोह में पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संगम कुमार साहू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। 12 मार्च को ही नए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन पटना पहुंचे थे।

**शपथ ग्रहण में सीएम नीतीश और दोनों डिप्टी सीएम**

शनिवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गण्यमान्य लोग और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन जब पटना पहुंचे तो एयरपोर्ट पर नए राज्यपाल को राज्य सरकार की ओर से 'गार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। सैयद अता हसनैन भारतीय सेना में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और रणनीतिक नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। सेना में लंबे अनुभव के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। सुरक्षा से जुड़े मामलों में उनकी विशेषज्ञता मानी जाती है।



### सैयद हसनैन आर्मी में 40 साल तक दे चुके हैं सेवा

सैयद अता हसनैन करीब 40 सालों तक भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। अपने सैन्य करियर के दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई। उनके नेतृत्व में सेना में कई सामाजिक पहल शुरू की गई, जिनमें युवाओं के लिए शिक्षा, खेल-रोजगार से जुड़े कार्यक्रम शामिल रहे। इससे कश्मीर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश की गई। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी वे राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक मामलों से जुड़े रहे। उन्हें एनडीएमए का सदस्य बनाया गया, जहां उन्होंने आपदा प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों में योगदान दिया।

## इजराइल का दक्षिणी लेबनान में हमला बारह चिकित्सा कर्मियों की गई जान

**बेरूत (एजेंसी) :** पश्चिम एशिया में 15 दिन से जारी सैन्य संघर्ष के बीच इजराइल ने दक्षिणी लेबनान पर हवाई हमले किए। इस हमले में एक स्वास्थ्य केंद्र पर काम कर रहे डॉक्टर, नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मियों समेत 12 लोगों की मौत हो गई। लेबनान के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार यह हमला बुर्ज कलाविया शहर में हुआ।

इस बीच लेबनान के उग्रवादी संगठन हिज्बुल्लाह ने कहा है कि उनका संगठन इजराइल के साथ लंबे संघर्ष के लिए तैयार है, इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। सऊदी अरब की समाचार पत्रिका अरब न्यूज और लेबनान की सरकारी समाचार संस्था राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार लेबनान के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि दक्षिणी लेबनान में हुए इजराइली हमले में एक क्लिनिक के 12 डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स मारे गए। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में संघर्ष तेज हो रहा है और हिज्बुल्लाह ने इजराइल के साथ लंबे टकराव के लिए तैयार रहने की बात कही है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक हमला बुर्ज कलाविया शहर के एक हेल्थ सेंटर पर हुआ, जहां काम करने वाले मेडिकल स्टाफ की मौत हो गई। इससे पहले सवानेह शहर में हुए एक अन्य हमले में हिज्बुल्लाह और उसके सहयोगी अमल आंदोलन से जुड़े दो पैरामेडिक्स भी मारे गए थे। इजराइल ने शुक्रवार को लिटानी नदी पर बने एक पुल को भी नष्ट कर दिया, जो दक्षिणी लेबनान में आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण मार्ग था। इजराइली सेना का कहना है कि यह पुल हिज्बुल्लाह के लिए उत्तरी और दक्षिणी लेबनान के बीच सैनिकों और हथियारों की आवाजाही का अहम रास्ता था।

## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना में 100 आवारा कुत्तों की जहरीले इंजेक्शन देकर हत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना में आवारा कुत्तों को मारे जाने की एक और घटना सामने आई है। मनचेरियल जिले में लगभग 100 कुत्तों को जहर देकर मार डाला गया। जनवरी से अब तक तेलंगाना में 1200 कुत्तों की हत्या की जा चुकी है। पशु कल्याण कार्यकर्ता ए गौतम ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि 7-8 मार्च की रात को किष्टापुर गांव में कुत्तों को जहर वाला इंजेक्शन देकर मार दिया गया। NGO ह्यस्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया में क्रुएल्टी प्रिवेंशन मैनेजर गौतम ने आरोप लगाए कि किष्टापुर गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव ने इसके लिए दो लोगों को काम पर रखा था। कुत्तों को मारे जाने के बाद उन्हें एक नदी के पास दफना दिया गया।

### अंतर-राज्यीय गिरोह का हुआ भंडाफोड़

**मुंबई (एजेंसी):** मुंबई पुलिस ने एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन के तहत एक बड़ा ऑपरेशन चलाकर घरेलू चोरी करने वाले अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मुंबई पुलिस ने एमआरए मार्ग पुलिस थाना, के अधिकारियों ने विशेष अभियान चलाया, जिसमें वे 10 दिनों तक बिहार-पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र में गुप्त रूप से डेरा डाले रहे। इस गहन जांच और छिपे अभियान के परिणामस्वरूप चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लगभग 25 लाख रुपए की चोरी की गई संपत्ति जब्त की, जिसमें सोना, चांदी, नकदी, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य कीमती सामान शामिल हैं। साथ ही, घर में चोरी के कुल सात मामलों का खुलासा हुआ है।

'लैंड फॉर जॉब' मामला

## रिश्वत के पैसों से लालू परिवार ने खरीदी अचल संपत्ति : ईडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित 'लैंड फॉर जॉब' घोटाला (जमीन के बदले नौकरी) से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में दावा किया है कि पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवार ने रिश्वत के पैसों से अचल संपत्ति खरीदी थी। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में ईडी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव समेत अन्य को मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी बनाया है। अब इस केस में ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अपनी दलील पूरी की है।



जांच एजेंसी ने दावा किया कि मामले में आरोप तय करने के लिए उसके पास पुख्ता सबूत मौजूद हैं। ईडी ने कोर्ट में यह भी कहा है कि साजिश के तहत पहले एके इंफोसिस्टम कंपनी के शेयर हासिल किए गए थे और बाद में कंपनी को लालू परिवार ने टेकओवर कर लिया। ईडी (ईडी) के अनुसार, जब लालू यादव रेल मंत्री (2004-2009) थे, तब 'ग्रुप डी' की नौकरियों के बदले में लोगों से जमीनें ली गई। इन जमीनों को अक्सर सीधे लालू परिवार के बजाय एके इंफोसिस्टम्स के नाम पर लिया गया। एके इंफोसिस्टम कंपनी अमित कात्याल की है, जिन्हें लालू यादव और तेजस्वी यादव का बेहद करीबी सहयोगी माना जाता है।

## नेपाल में भीषण सड़क हादसा, मंदिर से लौट रहे 7 भारतीय श्रद्धालुओं की मौत

**काठमांडू (एजेंसी) :** नेपाल के गोरखा जिले में शनिवार शाम एक सड़क हादसे में कम से कम सात भारतीय श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु मनकामना मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार श्रद्धालुओं को ले जा रही एक इलेक्ट्रिक माइक्रोबस साहिद लखन ग्रामीण नगरपालिका के कंतार क्षेत्र में सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक राज कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि हादसे में सात अन्य श्रद्धालु घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए चितवन मेडिकल कॉलेज, भरतपुर (चितवन जिला) भेजा गया है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान अभी जारी है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार माइक्रोबस में एक दर्जन से अधिक



यात्री सवार थे। गोरखा के मुख्य जिला अधिकारी तुलसी बहादुर श्रेष्ठ ने बताया कि माइक्रोबस मनकामना मंदिर से पश्चिम की ओर तनहूं जिले के अनबुखैरेनी क्षेत्र की ओर जा रही थी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मंदिर दर्शन के बाद यात्री किस स्थान की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन श्रद्धालुओं को ले जा रही इलेक्ट्रिक माइक्रोबस पहाड़ी सड़क के एक मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# 94 लाख गरीब परिवारों को रोजगार के लिए दो-दो लाख मिलेंगे : नीतीश

## समृद्धि यात्रा के दौरान बेगूसराय और शेखपुरा पहुंचे मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में बेगूसराय एवं शेखपुरा पहुंचे। वहां विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की तथा चल रही कल्याणकारी कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही विकास कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 94 लाख गरीब परिवार जिसमें अपर कास्ट, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महादलित एवं मुस्लिम

**716 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं कायारंभ**

समुदाय के लोग शामिल हैं। इन सभी को रोजगार हेतु 2 लाख रुपये की सहायता दी जानी है। इन परिवारों को रोजगार योजना से जोड़कर राशि देना शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद से राज्य में कानून का राज कायम है और हमलोग निरंतर बिहार के विकास में लगे हुए हैं। राज्य में प्रेम, भाईचारा एवं शांति का माहौल है। हमलोगों ने बड़ी संख्या में नये स्कूल खोले, नियोजित शिक्षकों की बहाली की, लड़के-लड़कियों के लिए पोशाक एवं साइकिल योजना चलायी। पहले बिहार में मात्र 6 मेडिकल कॉलेज थे जो अब 12 हो गयी है, शेष जिलों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी शीघ्र पूरा होगा। अस्पतालों में बीएड की संख्या बढाई जा रही है। कृषि रोड मैप से अनाज, फल, सब्जी, दूध, अंडा, मांस एवं मछली का उत्पादन काफी बढा है। अगले 5 वर्षों में प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना किया जायेगा। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, आज बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या देश में सबसे अधिक है। जन संवाद कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता, गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार एवं विधायक अभिषेक आनंद ने भी संबोधित किया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह शेखपुरा जिला के प्रभारी मंत्री जमा खान, सांसद विवेक ठाकुर, विधायक रणधीर कुमार सोनी, डॉ० कुमार पुष्पंजय सहित पूर्व विधायकगण, पूर्व विधान पार्षदगण आदि उपस्थित रहे।



### बेगूसराय और शेखपुरा को दी 480 करोड़ रुपये की सौगात

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में बेगूसराय एवं शेखपुरा को 480 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए कुल 716 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं कायारंभ किया। इस क्रम बेगूसराय जिला अंतर्गत 274 करोड़ रुपये की लागत से 400 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 165 करोड़ रुपये की लागत से 211 योजनाओं का उद्घाटन तथा 109 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं शेखपुरा जिले के लिए 62 करोड़ रुपये की लागत से 196 योजनाओं का उद्घाटन एवं 144 करोड़ रुपये की लागत से 120 योजनाओं का शिलान्यास/कायारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ ही मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक सुनील कुमार, स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, बेगूसराय प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार, बेगूसराय के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक मनीष, शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद, शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे। सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत नागरिकों के जीवन को और आसान बनाना है मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें।

**अधिकारियों को दिये तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

# बंगाल की निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा : मोदी

**कोलकाता में 18,680 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया**

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अब राज्य के लोगों के दिलों में यह बात छप चुकी है कि बंगाल की निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव का माहौल बन चुका है और इसे कोई नहीं रोक सकता।



प्रधानमंत्री ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत बंगाली भाषा में लोगों का अभिवादन करते हुए की। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल के मेरे प्यारे भाइयों और बहनों, मैं अपने दिल की गहराइयों से आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड में उमड़ी विशाल भीड़ इस बात का प्रमाण है कि आज बंगाल क्या सोच रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों का उत्साह और जोश स्पष्ट रूप से दिखाता है कि राज्य में परिवर्तन की इच्छा मजबूत हो चुकी है। वहीं पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में लगभग 18,680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क, रेलवे और बंदरगाह अवसंरचना से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य पश्चिम बंगाल और पूरे पूर्वी भारत में कनेक्टिविटी मजबूत करना और आर्थिक विकास को गति देना है। मोदी ने कहा कि ब्रिगेड मैदान का इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि जब-जब बंगाल ने देश को दिशा दी है, तब-तब यह मैदान बंगाल की आवाज बना है। अंग्रेजी शासन के खिलाफ इसी मैदान से उठी आवाज पूरे देश में क्रांति बन गई थी और अंततः अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का अंत हुआ था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक बार फिर इसी मैदान से ह्लनए बंगाल की क्रांतिह्व का बिगुल बज चुका है।

### असम में 24 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास कर प्रधानमंत्री ने कहा-'बराक वैली बनेगा ट्रेड हब'

**सिलचर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर-पूर्वी भारत के पहले एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड चार-लेन हाई-स्पीड कॉरिडोर का असम के सिलचर में शिलांग-सिलचर कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। उन्होंने कैपिटल पॉइंट के पास ट्रंक रोड से सिलचर के रंगिरखारी पॉइंट तक एनएच-306 पर बनने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर (चरण-1) का भूमि पूजन भी किया। इसके अलावा, करीमगंज जिले के पथारकंडी में एक नए कृषि महाविद्यालय की आधारशिला रखी। उन्होंने भूमि पूजन के बाद कहा कि कांग्रेस वालों के दिमाग का ताला जहां बंद होता है, वहां से हमारा काम शुरू होता है। जो विकास की दौड़ में पीछे रह गया, उसको प्राथमिकता देना भाजपा का मंत्र है। कांग्रेस की सरकारें बॉर्डर एरिया के देश के अंतिम गांव मानती थीं। हम बॉर्डर के गांवों को देश का पहले गांव मानते हैं। आज बराक वैली और नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े हजारों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

## अगले दो दिनों में 92 हजार टन गैस ले दो जहाज पहुंचेंगे भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में घरेलू रसोई गैस आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए दो भारतीय जहाज जल्द ही गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचने वाले हैं। इनमें कुल 92,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लदी हुई है और ये 16-17 मार्च को गुजरात के प्रमुख पोर्ट्स पर डॉक करेंगे। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार इन जहाजों को प्राथमिकता के आधार पर बंदरगाह पर लगाने की व्यवस्था की गई है ताकि गैस आपूर्ति प्रभावित न हो। इससे रसोई गैस की उपलब्धता बनाए रखने और संभावित संकट को कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि महानिदेशालय नौवहन भारतीय ध्वज



वाले जहाजों और उन पर तैनात भारतीय नाविकों की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। इसके लिए जहाज मालिकों, आरपीएसएन एजेंसियों और भारतीय राजनयिक मिशनों के साथ समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में पोत परिवहन के कंट्रोल रूप में पिछले 24 घंटों में 312 फोन कॉल और 460 ई-मेल प्राप्त हुए हैं। ये संदेश नाविकों, उनके परिजनों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े हैं।

## खबरें : एक नजर में

### 29 मार्च को प्रो. परमानंद सिंह 'मदन' की जयंती एवं एआईफुक्टो की 70वीं वर्षगांठ पटना में

**पटना (एनएसबी)।** छात्र व शिक्षक आंदोलन के प्रतिबद्ध हस्ताक्षर, स्वतंत्रता सेनानी, इतिहासकार तथा पूर्व विधायक विधान पार्षद प्रो. परमानंद सिंह 'मदन' की 95 वीं जयंती एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ ( एआईफुक्टो) की 70वीं वर्षगांठ आगामी 29 मार्च को बिहार विधान परिषद सभागार ( प्रथम तल) पटना में आहूत किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो अरुण कुमार ने बताया कि आयोजन के प्रथम सत्र में बिहार का शिक्षक आंदोलन और प्रोफेसर परमानंद सिंह 'मदन' विषय पर चर्चा होगी। इस परिचर्चा में विश्व शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष प्रो ए. के. महंथी, बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के साथ ही शिक्षक एवं तक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद गण भाग लेंगे। फैक्टनेब के मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने आगे बताया कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (एआईफुक्टो), बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुटाब )एवं बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ ( फैक्टनेब) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में स्व. प्रो परमानंद सिंह मदन के संघर्षो पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया जायेगा इसके साथ ही एआईफुक्टो के 34 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बिहार के नवनिर्वाचित पदाधिकारी यथा राष्ट्रीय महासचिव डा. अरुण कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ड अशोक कुमार सिंह व डा. हरिशचन्द्र शाही तथा क्षेत्रीय सचिव डा. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा को सम्मानित किया जाएगा ।

### सीपीआई (एम) का दिल्ली महारैली 24 मार्च को

**पटना (एनएसबी)।** 10 जन संघर्ष यात्रा जत्था निकालकर विभिन्न जिलों में सभा कर दिल्ली रैली में शामिल होने का आमलोगों से अपील। मनरेगा बहाल करो, भारत- अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करो,चार लेबर कोड बिल वापस लो, बिजली और बीज बिधेयक रद्द करो- आदि नारों सहित बेरोजगारी,शिक्षा, स्वास्थ्य की मांगो को लेकर सी पी आई (एम) के महत्वाकांक्षी दिल्ली महारैली में बिहार से बीस हजार से भी अधिक पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजन भाग लेगें। रैली दिल्ली 24 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में आहुत की गयी है। केन्द्र सरकार एक तरफ मनरेगा समाप्त कर ग्रामीण गरीबों के सामने भूखमरी की समस्या खडा करना चाहती है तो दूसरी तरफ चार लेबर कोड के माध्यम से मजदूर वर्ग को कार्पोरेट पूँजीपतियों का गुलाम बनाने पर उतारु है। क्योंकि इसके प्रावधान के अनुसार हड़ताल जैसे मजदूरों के बुनियादी अधिकार ही रौंद डाले जायेगें। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता के तहत हम अमरीकी सामानों को महंगे दर पर खरीदने को विवश होंगे तो बिजली बिल जबरन स्मार्ट मीटर लगाने के लिये बाध्य करेगा। सी पी आई (एम) राज्य कमिटी ने दिल्ली रैली के लिये व्यापक तैयारी है। इसके तहत 9 मार्च से राज्य के दस भागों में जन संघर्ष यात्रा जत्था बिहार के हरेक जिलों में भ्रमण कर सभा रहा है! लोगो से दिल्ली रैली में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। प्रचार जत्थों का दिशानिर्देशन के लिये केन्द्रीय नेतृत्व का टीम में पोलित व्यूरो सदस्य अशोक ढावले, बिजू ष्णन, मरियम ढावले, केंद्रीय कमिटी सदस्य ए आर सिंधू, विक्रम सिंह, बादल सरोज जत्थे में शामिल है। केंद्रीय नेतृत्व के साथ राज्य सचिव ललन चौधरी, केंद्रीय कमिटी सदस्य अवधेश कुमार, राज्य सचिव मंडल सदस्य सह विधायक अजय कुमार, रामपरी, विनोद कुमार, भोला दिवाकर, प्रभुराज नारायण राव, अहमद अली, संजय कुमार, मनोज कुमार चंद्रवंशी, राजेंद्र सिंह, श्याम भारती, अनुपम कुमार, शशि कांत राय, रणधीर यादव साथ में जत्था का नेतृत्व तथा सभा को सम्बोधित करेंगे! जत्था का समापन 17 मार्च को होगा! 21 मार्च से ही बिहार के लोग विभिन्न ट्रेनों से दिल्ली रवाना होंगे! उपरोक्तआशय की जानकारी सी पी आई (एम) के राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने दिया।

### पटना साहिब के सांसद को ज्ञापन सौंपा

**पटना(एनएसबी)।** रजनीश तिवारी, प्रदेश सह संयोजक लीगल सेल , भाजपा युवा मोर्चा बिहार ने वकील समाज से संबंधित निम्न मांगों को लेकर चल रहे संसद सत्र में मुद्दा उठाने के संबंध में पटना साहिब के सांसद, भारत सरकार के पूर्व मंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता रविशंकर प्रसाद से उनके आवास पर मिल उनको ज्ञापन सौंपा। वकील समाज के कल्याणार्थ हेतु निम्न मांग है जो संसद सत्र में उठाना अति आवश्यक है। आए दिन वकीलों के खिलाफ हिंसा, उनकी सुरक्षा व उनके प्रोफेशन से जूरी काफी मामले प्रकाश में आते रहते हैं। काफी असुविधा व कठिनाइयों का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। संसद में मुद्दा उठाने हेतु निम्न मांग जो इस प्रकार है- एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल 2021 को लागू करने के संबंध में, वकील समाज को रेलवे कोटा में एडजस्टमेंट किराया में रियायती दर में टिकट की सुविधा मुहैया कराया जाए, कोर्ट टाइम मे आवागमन के समय टोल प्लाजा पर टोल टैक्स में एक्सेंप्शन व छूट, फ्लाइट किराया में एनरोल्ड एडवोकेट को किराया में रियायत व छूट देने के संबंध में। विदित हो की बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 2 जुलाई 2021 को 7 सदस्य कमेटी के द्वारा ड्राफ्ट किया गया एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल, 2021 इंट्रोड्यूस किया गया था।जो वकीलों की सुरक्षा व उनके ऊपर हो रहे अत्याचार, हिंसा, थ्रेट, एसल्ट आदि से उनको संरक्षित करने हेतु था, जो आज तक पेंडिंग पड़ा है। अभीतक कानून नहीं बन पाया जो वकीलों के हितों की रक्षा के लिए अतिउपयोगी है,जिसमें कुल 14 धाराएं हैं। यह की अपने क्लाइंट के केस के सिलसिले में वकीलों को इंटर- स्टेट एवं राज्य के अंदर सुदूर इलाके विभिन्न जिलों में ट्रैवल करना होता है,जबकि रिजर्वेशन नहीं मिल पाता है, टिकट फेयर अत्यधिक रहते हैं। वकीलों के लिए अतिरिक्त कोटा जैसे दिव्यांग, महिला, सीनियर सिटीजन, डिफेंस, पत्रकार आदि के लिए पहले से व्यवस्थित है, ठीक उसी प्रकार वकीलों को भी कोटा में शामिल किया जाए एवं उन्हें टिकट दरों में छूट दी जाए ताकि वह कोर्ट की कार्रवाई में भाग ले सके। आए दिन सुप्रीम कोर्ट समेत राज्य के अलग-अलग हाई कोर्ट में वकीलों को अपने क्लाइंट के केस के सिलसिले में अर्जेंट हियरिंग में भाग लेना होता है,ऐसे में उन्हें फ्लाइट प्रेफर करना महत्वपूर्ण हो जाता है और फ्लाइट की दाम आसमान छूती है क्योंकि केस किसी भी डेट को लिस्ट हो जाता है तत्काल में उन्हें हियरिंग में भाग लेना होता है। ऐसे में फ्लाइट ट्रैवल में वकील समाज के लोगों के लिए फ्लाइट दरों में छूट उपयोगी है इसलिए बार काउंसिल में रजिस्टर्ड अधिवक्ताओं को फ्लाइट फेयर में उचित रियायत दिए जाने की आवश्यकता है। भारत की संविधान की रक्षा न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने लोकतंत्र को जीवंत रखने लोगों के न्याय में वकीलों की भूमिका अग्रणी है। लेकिन सुविधा के नाम पर वकीलों को आज तक कोई लाभ नहीं मिल पाया है ऐसे में वकील समाज सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान के मजबूती में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं यह प्रमुख मांगे वकील समाज के कल्याणार्थ हेतु आवश्यक है।

## इंडिया नेटबुक्स के साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित हुईं कमलेश पाठक

### बीपीए फाउंडेशन व इंडिया नेटबुक्स द्वारा आयोजित किया गया साहित्यकार सम्मान उत्सव


श्रीमती कमलेश पाठक को साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित करते अतिथि।

**मुंबई (एनएसबी)।** बीपीए फाउंडेशन व इंडिया नेटबुक्स द्वारा दिल्ली के पांच सितारा होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित साहित्यकार सम्मान उत्सव में वरिष्ठ कवयित्री व विविध भारती की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमलेश पाठक को प्रख्यात कथाकार हरिसुमन विष्ट, प्रख्यात व्यंग्यकार राजेश कुमार व इंडिया नेटबुक्स की स्वामी डा. मनोरमा कुमार द्वारा एक भव्य समारोह में साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के तहत उन्हें स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र व शॉल, श्रीफल भेंट किया गया। आयोजन के संयोजक डा संजीव कुमार थे। इस अवसर पर प्रख्यात कवि, कथाकार, शिक्षा विद संतोष चौबे, नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बलदेवभाई शर्मा, प्रख्यात कथाकार ममता कालिया, व्यंग्य यात्रा के संपादक प्रेम जनमेजय, प्रख्यात गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र, लीलाधर मण्डलोई, नंद भारद्वाज, मशहूर लेखक सुरेंद्र मोहन पाठक, त्रिलोक दीप ,गिरीश पंकज, प्रताप सहगल, श्याम सखा श्याम, राजेश्वरी मंडोरा, आशा कुंद्रा सहित कला,साहित्य, संसति के दिग्गज मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात व्यंग्यकार लालित्य ललित, रणविजय राव व पूनम माटिया ने किया।

### जमीनी स्तर के परिवर्तनकर्ताओं को सम्मानित करने की पहल

## आर्ट ऑफ लिविंग देगा अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड्स

**पटना (एनएसबी)।** सेवा की भावना का उत्सव मनाने के उद्देश्य से आर्ट ऑफ लिविंग ने 'अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड्स' की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसके अंतर्गत भारत के प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में ऐसे अनसुने नायकों को पहचान और सम्मान दिया जाएगा, जिनकी निस्वार्थ सेवा और निष्ठा अपने आसपास के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के मध्य देश भर के समुदाय एकत्र होकर इन परिवर्तनकर्ताओं का सम्मान करेंगे। इस सम्मान के प्रथम संस्करण में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा नेतृत्वकर्ताओं, खिलाड़ियों तथा उद्यमियों या व्यवसायिक नेतृत्वकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा, जो ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा और उत्कृष्टता की प्रेरणा दे रहे हैं।

इस पहल का उद्देश्य सकारात्मकता, आनंदपूर्ण सेवा तथा मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए एक व्यापक जनआंदोलन को प्रेरित करना है। संस्था का यह

**सम्मान के प्रथम संस्करण में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा नेतृत्वकर्ताओं, खिलाड़ियों तथा उद्यमियों या व्यवसायिक नेतृत्वकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा, जो ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा और उत्कृष्टता की प्रेरणा दे रहे हैं**

**15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के मध्य देश भर के समुदाय एकत्र होकर इन परिवर्तनकर्ताओं का सम्मान करेंगे**

विश्वास है कि जो भी व्यक्ति अपने समुदाय की सेवा करता है, वह एक ऐसा नायक है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए।

जिला स्तर पर आयोजित सम्मान समारोहों में स्थानीय समुदाय, स्वयंसेवक और नागरिक नेतृत्व एकत्रित होकर उन व्यक्तियों का अभिनंदन करेंगे, जो अपनी पहल और समर्पण के माध्यम से समाज की सेवा कर रहे हैं।

इन सम्मानों के साथ-साथ देशभर में आर्ट ऑफ लिविंग के विभिन्न केन्द्र अनेक सेवा गतिविधियों का आयोजन भी करेंगे, जिनमें वृक्षारोपण अभियान, मोहल्ला स्वच्छता अभियान तथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर शामिल होंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों में विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएँगे।

आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षकों-प्रशिक्षकों और कार्यकर्ताओं द्वारा नामांकन की प्रक्रिया की जा रही है। यदि आपके क्षेत्र में भी इन श्रेणियों में कोई भी आम व्यक्ति सामाजिक परिवर्तन का सराहनीय प्रयास कर रहा है तो दिए गए लिंक पर उसे नामांकित किया जा सकता है या आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों तक उसका नाम प्रेषित किया जा सकता है।

### जिलाधिकारी, पटना द्वारा अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ एलपीजी गैस आपूर्ति तथा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई एवं अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया

## एलपीजी गैस आपूर्ति व वितरण की समीक्षा

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, पटना द्वारा अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ एलपीजी गैस आपूर्ति तथा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई एवं अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया।

उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। सभी डिस्ट्रिब्यूटर्स एवं गैस कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है। जनहित में सभी अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति की जा रही है। अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था के अनुश्रवण हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक सदुढ़ तंत्र का निर्माण किया गया है।

सिविल सर्जन, पटना एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य), पटना को नोडल अफिसर तथा सहायक नोडल पदाधिकारी के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया है। ये दोनों पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यकता के अनुरूप एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में आईजीआईएमएस, एम्स, पीएमसीएच, एनएमसीएच, ईएसआईसी सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इन सभी से एक-एक कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।


गैस के लिए कतारबद्ध आम उपभोक्ता।

इन लोगों ने बताया है कि मरीजों को कोई समस्या नहीं है। गैस कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा भी बताया गया है कि अस्पतालों को प्राथमिकता के आधार पर गैस की आपूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सिविल सर्जन एवं डीपीएम (हेल्थ) को अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के अधीक्षकों प्रमुखों, गैस कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों एवं सेवा प्रदाताओं से लगातार सम्पर्क में रहने का निदेश दिया गया है। सिविल सर्जन एवं डीपीएम हेल्थ सभी स्टेक होल्डर्स से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में गैस आपूर्ति बाधित न हो तथा मरीजों को कोई समस्या न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज की बैठक में प्रमुख संस्थानों यथा आईआईटी, एनआईटी, चाणक्य राष्ट्रीय लॉ विश्वविद्यालय, निफ्ट इत्यादि संस्थानों के प्रमुख प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इन सभी से विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा आवश्यकता के आलोक में गैस आपूर्ति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इन सभी संस्थानों के प्रमुखों ने बताया है कि गैस आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं है। गैस कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों ने भी बताया कि शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि उपर्युक्त सभी संस्थान राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान हैं। विद्यार्थियों एवं संस्थानों के हित में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति) तथा शहरी क्षेत्रों के लिए विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन को सभी शैक्षणिक संस्थानों में सुचारू गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया है। ये दोनों अधिकारी शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों, गैस कंपनियों के क्षेत्रीय अधिकारियों एवं सेवा प्रदाताओं से लगातार सम्पर्क में रहेंगे ।


राज्यपाल सैयद अता हुसैन से शिष्टाचार मुलाकात करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## राजधानी वाटिका में 'संगीत बिहान' की सुरमयी सुबह

**पटना (एनएसबी)।** कला एवं संस्कृति विभाग तथा बिहार संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजधानी वाटिका में 'संगीत बिहान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका नंदिता चक्रवर्ती ने अपनी सुमधुर आवाज से शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने अत्यंत सराहा। उनकी प्रस्तुति में तबला पर शशि शंकर मिश्रा तथा कीबोर्ड पर सुभाष मिश्रा ने सधी हुई संगत प्रस्तुत की। कलाकारों के बीच बेहतरीन तालमेल और लयबद्ध प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

संगीत बिहान' कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रातःकालीन समय में शास्त्रीय संगीत की सुरमयी परंपरा से जोड़ना तथा संगीत के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। प्रति के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने उपस्थित श्रोताओं को एक अनूठा सांसतिक अनुभव प्रदान किया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की निदेशक रूबी , बिहार संगीत नाटक अकादमी के सचिव महमूद आलम , जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कीर्ति आलोक तथा सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन लाडली राय ने किया। इस अवसर पर रूबी, निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय ने सभी कलाकारों एवं उपस्थित श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शास्त्रीय संगीत की परंपरा को समाज के बीच जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने संस्कृति और शास्त्रीय संगीत की इस सुंदर जुगलबंदी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन लोगों को कला और संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं।

## नशा-मुक्त बिहार थीम पर पटना मैराथन आज

**पटना (एनएसबी)।** मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2026 (रविवार) को गाँधी मैदान, पटना से "नशा-मुक्त बिहार" थीम पर आयोजित होने वाले पटना मैराथन कार्यक्रम में करीब 10 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। इसके आलोक में जिला प्रशासन, पटना द्वारा आमजन की सुविधा हेतु 14 मार्च की रात्रि 11:00 बजे से 15 मार्च को कार्यक्रम की शांतिपूर्ण समाप्ति तक के लिए ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। एम्बुलेंसध्शव वाहन रोगी वाहन अगिशमन वाहन को छोडकर यातायात के सुगम संचालन हेतु निम्नांकित व्यवस्था की गई हैः मैराथन के अवसर पर जे0पी0 गोलम्बर से चिल्ड्रेन पार्क तक वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। चिल्ड्रेन पार्क से आयुक्त कार्यालय, जे0पी0 गंगा पथ अंडर पास तक दोनों फ्लैंक में वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। जे0पी0 गंगा पथ आयुक्त कार्यालय के सामने से दीघा गोलम्बर तक दक्षिणी फ्लैंक पर वाहनों का परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। दीघा गोलम्बर से अटल पथ के पूर्वी फ्लैंक पर वाहनों का परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा।

## नव्या प्रोजेक्ट : किशोरियों के कौशल विकास के लिए विशेष पहल

### गयाजी जिले में पांच जगहों- बोधगया, गुरारू, मानपुर, शेरघाटी, डुमरिया में संचालित है

**पटना (एनएसबी)।** केंद्र सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के स्तर से किशोरी बालिकाओं के समग्र सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए एक विशेष पायलट कार्यक्रम नव्या प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है।

यह पहल प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन के अंतर्गत कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सहयोग से चल रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य 14 से 18 वर्ष की किशोरियों को व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी कौशल में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसरों से जुड़ें। पहले चरण में योजना देश के 19 राज्यों के 27 जिलों से शुरू हुई है।

बिहार में यह कार्यक्रम गयाजी जिले में पांच जगहों- बोधगया, गुरारू, मानपुर, शेरघाटी, डुमरिया में संचालित है।

योजना के अंतर्गत बालिकाओं का चयन पोषण ट्रैकर पर पंजीकरण और आधार सत्यापन के आधार पर किया गया है। इन्हें विभिन्न क्षेत्रों जैसे फैशन डिजाइनिंग, सफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ब्यूटी एंड वेलनेस, सोलर पीवी इंस्टलेशन (सूर्यमित्र), मर्चेंडइजिंग, कस्टमर सर्विस, फूड एंड बेवरेज सर्विस आदि में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**14 से 18 वर्ष की किशोरियों को दिया जा रहा व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण**

जुलाई 2025 तक कुल 532 किशोरियां स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) पोर्टल पर पंजीकृत हो चुकी हैं, जिनमें शेरघाटी के अनुष्का स्किल एजुकेसन सेंटर में 80 किशोरियां फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

**गयाजी जिले में प्रशिक्षण के लिए चिन्हित स्थान :** स्किल रूट एंड टेक, पोस्टेरिटी कंसल्टिंग, अनुष्का स्किल एजुकेशन, एम्बिशाइन स्किल, आराधना अनलाईन सल्यूशन, जेएसएस गया इन संस्थानों द्वारा चयनित क्षेत्र में प्रशिक्षण सत्र संचालित किए जा रहे हैं। नव्या योजना के तहत लड़कियों को पारंपरिक के साथ-साथ गैर-पारंपरिक कामों की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। ऐसे मडर्न काम सिखाए जाएंगे, जिनकी आज के समय में ज्यादा जरूरत है, जैसे ग्राफिक्स डिजाइनिंग। इसके अलावा ड्रोन असेंबलिंग, सीसीटीवी लगाना, स्मार्टफोन टेक्निशियन और प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट जैसे क्षेत्रों में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। योजना के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास होना जरूरी है।

## फिट इंडिया कार्निवल का आज होगा भव्य आयोजन

**पटना (एनएसबी)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण पटना केंद्र द्वारा 15 मार्च 2026 को पटना में फिट इंडिया कार्निवल का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम मोइन-उल-हक स्टेडियम रोड (प्रेमचंद गोलंबर से मैकडोनाल्ड गोलंबर तक) आयोजित होगा।

कार्यक्रम का समय प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी प्रतिभागियों, खेल संघों, खिलाड़ियों एवं स्वयंसेवकों से अनुरोध है कि वे सुबह 6 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर रिपोर्ट करें। इस कार्निवल का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं, विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम में विभिन्न खेल संघों, खिलाड़ियों, फिटनेस प्रशिक्षकों, एनसीसी कैडेट्स, योग प्रशिक्षकों तथा फिटनेस प्रेमियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों जैसे योग, वुशु, एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबल, बक्सिंग, कराटे, ताइंडो आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही फिटनेस गतिविधियों, खेल प्रदर्शन, जागरूकता कार्यक्रम और जनसामान्य के लिए सहभागिता गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण, पटना के केंद्र प्रभारी सोमेश्वर राव चव्हाण ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना है।

उन्होंने सभी खेल संघों, खिलाड़ियों, छात्रों और आम नागरिकों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

सभी खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस फिटनेस महोत्सव का हिस्सा बनें और 'फिट इंडिया' के संकल्प को मजबूत करें।

## गैस और तेल संकट पर केंद्र सरकार विफल, जनता परेशान और प्रधानमंत्री चुनावी रैलियों में व्यस्त : राजेश राम

पटना (एनएसबी)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने देश में उत्पन्न गैस और तेल संकट को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में गैस और तेल की भारी किल्लत से लोग परेशान हैं। सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और कई जगहों से ऐसी दुखद खबरें सामने आ रही हैं कि लोग घंटों लाइन में लगने के दौरान अपनी जान तक गंवा रहे हैं। राजेश राम ने कहा कि यह स्थिति बेहद भयावह और चिंताजनक है, लेकिन इस संकट को पैदा करने वाली केंद्र सरकार के लिए जनता की परेशानी से ज्यादा चुनावी राजनीति महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री इस गंभीर स्थिति के बावजूद पश्चिम बंगाल में चुनावी रैलियों में व्यस्त हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री विपक्ष पर राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि खुद चुनावी मंचों से बड़े-बड़े वैश्विक व्यापार समझौतों की बातें कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब देश की जनता गैस और तेल के संकट से जूझ रही है, तब क्या सरकार का पूरा ध्यान इस समस्या के समाधान पर नहीं होना चाहिए। राजेश राम ने कहा कि इतनी गंभीर स्थिति में भी अगर सरकार के लिए राजनीति और चुनाव ही सर्वोपरि है, तो यह देश की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने केंद्र सरकार से अविलंब हस्तक्षेप कर गैस और तेल की आपूर्ति को सुचारू करने तथा जनता को राहत देने की मांग की।

## जलवायु चुनौती से निपटने को सरकार सजग, राज्यसभा में आम की फसल पर ठोस कदमों की जानकारी दी

**पटना/ नई दिल्ली (एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद डा भीम सिंह द्वारा उठाए गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण फसलों, विशेषकर आम में हार्मोनल असंतुलन एवं समय से पहले फल गिरने की समस्या पर वैज्ञानिक स्तर पर कार्य किया जा रहा है तथा इससे निपटने के लिए कई अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम संचालित हैं। कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने राज्यसभा में लिखित उत्तर में बताया कि आम के फल गिरने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अपर्याप्त परागण एवं निषेचन, भ्रूण का पूर्ण विकास न होना, सिंचाई की कमी, पोषक तत्वों का अभाव तथा प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियाँ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता तापमान, जल संकट, तेज हवाएँ, बेमौसम वर्षा, ओलावृष्टि तथा फूल आने की अवस्था के दौरान तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव जैसी स्थितियाँ फसल की फिजियोलजी को प्रभावित करती हैं।


राज्यसभा सांसद डा. भीम सिंह ।

सरकार के अनुसार ऐसे प्रतिकूल परिवर्तनों से पौधों में हार्मोनल असंतुलन उत्पन्न हो सकता है, जिसमें एब्सिसिक एसिड एवं एथिलीन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे फल लगने की संख्या कम हो सकती है और समय से पहले फल गिरने की दर में वृद्धि हो सकती है।

इस समस्या के समाधान के लिए सरकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं राज्य षि विश्वविद्यालयों के माध्यम से जलवायु-प्रतिरोधी आम की किस्मों के विकास पर कार्य कर रही है। आईसीएआर-भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा विकसित 'अर्का उदय' किस्म जलवायु के अनुकूल मानी गई है, जिसके मध्यम आकार के फल गुच्छों में लगते हैं तथा 12-15 दिनों तक भंडारण योग्य रहते हैं। इसी प्रकार आईसीएआर -केंद्रीय उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान लखनऊ द्वारा विकसित 'सीआईएसएच अरुणिका' एवं 'अवध अभया' किस्में उच्च तापमान एवं रोगों के प्रति सहनशील हैं ।

# विवादों का त्वरित, सुलभ एवं सस्ता समाधान ही लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य : शिव गोपाल मिश्र

## व्यवहार न्यायालय, दरभंगा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का डीएम, एसपी तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

नव संदेश ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, दरभंगा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्र, जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति एवं सुलहनामे के आधार पर विवादों का त्वरित, सुलभ एवं सस्ता समाधान सुनिश्चित करना है।



उद्घाटन करते जिला जज डीएम, एसएसपी, सचिव एवं अन्य ।

लोक अदालत के माध्यम से विशेष रूप से कंपाउंडेबल (शमनीय) मामलों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा, जिससे न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम होगा तथा आम लोगों को शीघ्र न्याय मिल सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा के सचिव द्वारा कुल 28 बेंचों का गठन किया गया है। इनमें व्यवहार न्यायालय, दरभंगा में 16, व्यवहार न्यायालय, बेनीपुर में 05 तथा व्यवहार न्यायालय, बिरौल में 07 बेंच शामिल हैं।

## ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरने से युवक का पाँव कटा, हालात नाजुक

**दरभंगा (एनएसबी)।** समस्तीपुर जिला अंतर्गत विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट निवासी सागर शाह के पुत्र रोहन कुमार उम्र 19 साल अपने घर से काम करने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए गया।ट्रेन खुल रही थी वह दौड़कर पकड़ा। लेकिन हाथ छूट जाने के कारण वह गिरकर ट्रेन के नीचे चला गया। जिसके फलस्वरुप उनका बाया पाव कट गया है।

परिजन उन्हें उठाकर समस्तीपुर अस्पताल ले गए लेकिन वहां के डॉक्टर प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें डीएमसीएच इमरजेंसी वार्ड में रेफर कर दिया है। रोहन कुमार का नाना गांव सिंघिया घाट है उनके नाना को पुत्र नहीं है । जिसके फलस्वरुप उनके पिता वहां जाकर बस गए उनके पिताजी का अपना घर दरभंगा जिला अंतर्गत कैदराबाद में है। रोहन की स्थिति काफी खराब है।

## आईएमए के द्विवार्षिक चुनाव में रोमांचक मुकाबला, दोनों उम्मीदवारों को मिले समान मत

**दरभंगा (एनएसबी)।** आईएमए के द्विवार्षिक चुनाव उस समय रोमांचक स्थिति पैदा हो गई जब मानद सचिव के पद पर डाक्टर अंजार आलम एवं डॉ भरत कुमार ने बराबर बराबर 132 मत प्राप्त कर चुनाव आयोग के सामने विषम परिस्थिति पैदा कर दी। अंत में चुनाव आयोग और वर्तमान कार्यकारिणी ने दोनों सह-विजेताओं की सहमति से डॉक्टर अंजार आलम को 2026-27 और डॉ भरत कुमार को 2027-28 के लिए सचिव घोषित किया।

दिन भर चले चुनाव में मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका में डॉक्टर बी बी शाही और चुनाव आयुक्त डॉ माधवेश्वर झा एवं डॉ नवल किशोर साहू थे। सुबह 9:00 से 4:00 तक चले चुनाव का रोमांच चरम पर था और वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर एस पी सिंह, डॉक्टर आर एन झा, डॉक्टर रमेश चंद्र मिश्रा, डॉ बी के मिश्रा, डॉ ओम प्रकाश इत्यादि ने समय निकालकर आई एम ए भवन में वोटिंग में हिस्सा लिया।ज्ञात्व्य हो की 2026-28 के अध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर कन्हैया जी झा और 2028-30 अध्यक्ष के लिए डॉक्टर नीरज कुमार का निर्वाचन सर्वसम्मति से हो गया। डॉ मोहन पासवान उपाध्यक्ष और डॉक्टर संजन संजू जॉइंट सेक्रेटरी चुने गए। डॉ रविंद्र कुमार कोषाध्यक्ष के पद पर पुनः निर्वाचित हुए। भवन कमेटी का अध्यक्ष निवर्तमान अध्यक्ष डॉ हरी दामोदर सिंह बने।

डॉ सुशील कुमार ने सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की तत्परता को आई एम ए चुनाव को डेमोक्रेसी की जीत बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद व रामनवमी शांतिपूर्ण मनाने के लिए हुई बैठक

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कुशेश्वरस्थान पूर्वी और थानाध्यक्ष तिलकेश्वर थाना के अध्यक्षता में ग्राम तिलकपुर में तथा वाजितपुर थानाध्यक्ष के द्वारा ग्राम मैना रहिका में आगामी ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शांति समिति के सदस्यों ,जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में डी जे पर पूर्ण प्रतिबंध, किसी प्रकार की कोई घटना या सूचना प्राप्त होने पर तुरंत थाना को सूचित करना,किसी भी प्रकार के भ्रामक अफवाह प्रसारित नहीं करना, इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

### डीएमसीएच के गायनिक वार्ड के पेइंग वार्ड से पंखा गायब

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच के गैनिक वार्ड के पेइंग वार्ड से आठ पंखा बंद रूम से गायब हो गया है। इसके संबंध में उपाधीक्षक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उधर लोग नहीं रहते हैं। कैसे पंखा गायब हुआ यह हम लोग नहीं कह सकते हैं। इस संबंध में वहां के नर्स इंचार्ज ने पत्र लिखकर अधीक्षक को जानकारी भेज चुकी है। गार्ड की कमी के कारण कभी बंद रूम से पंखा चोरी हो रहा है, तो कभी गैस पाइप कट रहा है कभी-कभी तो ऐसा भी होता है कि कुर्सी और बेड भी इधर से उधर हो जाता है। इसमें डीएमसीएच प्रशासन की कमी पूरा देखा जा रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**दरभंगा (एनएसबी)।** केवटी थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान पप्पू कुमार यादव 40 वर्ष पिता स्वर्गीय राम जुलुम यादव, निवासी कोयला स्थान वार्ड नंबर-7 के रूप में हुई है।बताया जाता है कि पप्पू कुमार यादव प्लंबर और पेंटिंग का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।शुक्रवार शाम करीब 4 बजे काम खत्म कर वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एयरपोर्ट से आगे सिसवन पुल के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पुल से नीचे नदी में जा गिरी और पप्पू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया और इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक अपने पीछे दो बेटियां और दो बेटे सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार के अनुसार घर में कमाने वाले वही एकमात्र सदस्य थे। मृतक के भाई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है और छोटे-छोटे बच्चों के पालन-पोषण के लिए सरकार से उचित मुआवजे की मांग की गई है।

### राज्यपाल अता हसनैन को डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने दी बधाई

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार लोक भवन में आयोजित समारोह में बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन सेवानिवृत्त ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्यसभा सांसद और बिहार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ धर्मशीला गुप्ता ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) अता हसनैन का सैन्य अनुभव, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता बिहार के लिए प्रेरणादायी साबित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में राज्य में संवैधानिक मूल्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा विकास और सुशासन को नई दिशा मिलेगी।

### जिले में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है एल.पी.जी. गैस, 15 हजार गैस सिलेंडर का वितरण

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा के आदेश के आलोक में जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन पदाधिकारियों की उपस्थिति में गैस सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वितरण प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से चलते रहें। उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 14 मार्च को 14 हजार 925 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 10,558 सिलेंडर एजेसिंयों के पास शेष हैं। दरभंगा जिला में 15 मार्च 2026 को 14623 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। आमजनों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और किसी भी प्रकार की गलत सूचना से बचें।

## भेलूचक में घटिया नाला निर्माण होने पर भड़के ग्रामीण, बंद कराया काम

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर प्रखंड के भेलूचक में नाला निर्माण में घटिया गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम है और छड़ भी दूरी पर लगाया जा रहा है। नाला निर्माण के कारण रोड क्षतिग्रस्त हुआ है। ये नाला निर्माण पिछले कई माह से हो रहा है जो प्रखंड मुख्यालय होते हुए दाल मील तक बनना है पर अभी तक योजना बोर्ड नहीं लगा है। नाला निर्माण इतना घटिया हो रहा है कि कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। इस रास्ते होते हुए बड़ी-बड़ी गाड़ियां गुजरती है और नाले की गुणवत्ता को देखने से पता चल रहा है कि कुछ माह में ही नाला टूट जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि नगर विधायक संजय सरावगी से मिलकर संवेदक की शिकायत करेंगे और गुणवत्ता की जांच के बाद ही निर्माण कराने की मांग करेंगे। अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो ग्रामीण विरोध करेंगे। काफी धीमी गति कार्य की जा रही है और नाला खुदाई में जो मिट्टी निकाली जाती है उसे भी संवेदक के मुंशी द्वारा बेच दिया जाता है। यही नहीं जैसे तैसे नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है नाला निर्माण होने के कारण रोड को काफी क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। अगर नाला निर्माण में गुणवत्ता सही नहीं किया गया तो सभी ग्रामीण मिलकर सड़क को जाम कर संवेदक के खिलाफ विरोध प्रकट किया जाएगा।



विरोध जताते ग्रामीण ।

## लोकसभा में सांसद ने ऑटिज्म रोग से बचाव का उठाया मुद्दा

### शारीरिक तथा मानसिक रोग के रोकथाम के लिए जनजागरूकता आवश्यकः डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारत सरकार के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान के माध्यम से शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक रूप से अक्षम तथा दिव्याग्जनों खासकर ऑटिज्म रोग से बचाव के लिए विशेष जनजागरूकता चलाने की आवश्यकता है ताकि कुपोषण तथा जेनेटिक रूप से ऑटिज्म पीड़ितों को हर दृष्टि से मदद मिल सके एवं ऑटिज्म पीड़ितों के परिजनो को हर तरह की सुविधा तथा सहायता मिल सके। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में इस तरह से पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर ठोस पहल शुरू की जरूरत है।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा में अतारंकित प्रश्न 3645 के माध्यम से अपनी मांगे रखते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर लोकसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री प्रताव राव जाधव के समक्ष दरभंगा सहित उत्तर बिहार में इस तरह के रोग के रोकथाम के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे पहल तथा दी जा रही सुविधाओं के बारे में गांव तथा सुदूर देहाती क्षेत्रों में जनजागरूकता चलाने पर जोर देते हुए कहा कि शारीरिक तथा मानसिक रूप से अपंग तथा दिव्यांजनों के इलाज तथा उनके लिए आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने में गरीब परिवारों के माता पिता उनके आर्थिक बोझ उठाने में सक्षम नहीं होते जिनके लिए विदेश सहायता तथा उनके पुनर्वास की आवश्यक पहल होनी चाहिए।सांसद डा ठाकुर की मांगो पर केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री जाधव ने सांसद को बताया कि जन्मजात दोष, दिव्यांग रोग, ऐसे लोगों में पाई जा रही कमियां तथा विकासात्मक विलेन की पहचान के लिए देश में राष्ट्रीय ट्रस्ट अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांजनों एवं ऑटिज्म पीड़ितों को शेरब्रेल पाल्सी, बौद्धिक अक्षमता और बहु दिव्यांगता को बेहतर चिकित्सा तथा उनके पुनर्वास के लिए पीड़ितों को एक लाख रुपए की सहायता दी जाती है तथा एक लाख रुपए की मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कराई जाती है।

इस तरह के बच्चों को यंत्र तथा सहायक उपकरण की भी मुफ्त सहायता देकर उनमें दिव्यांगता के प्रभाव को कम करके उनकी आर्थिक क्षमता को बढ़ाते हुए उनके शारीरिक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार तत्पर है।

## दरभंगा एयरपोर्ट पर यात्री के बैग में मिला गांजा, पूछताछ में खुले राज

# गांजा तस्करी गिरोह का खुलासा, कई गिरफ्तार

नव संदेश ब्यूरो

**दरभंगा।** दरभंगा एयरपोर्ट पर स्कैनिंग के दौरान एक यात्री के बैग से गांजा जैसा पदार्थ पाया गया। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई में सहायक पुलिस अधीक्षक सशस्त्र बल के साथ दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचकर सूचना का सत्यापन किया गया।

सत्यापन के क्रम में सूचना की पुष्टि हुई और जांच में 470 ग्राम गांजा, 01 सैमसंग स्क्रीन टच मोबाइल, 03 पासबुक, 01 नोट बुक, 01 पॉकेट खरौंची आदि को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करने को आवेदित किया गया तथा मोहन कुमार यादव पिता रामकिशोर यादव बिसरहा जिला दरभंगा को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मोहन कुमार यादव ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बरामद गांजा को राम नरेश यादव पिता तमेश्वर यादव ग्राम बलहा थाना बिसरहा जिला दरभंगा से खरीदने की बात स्वीकार की।

तत्पश्चात अभियुक्त की मोबाइल चेक किया गया तो अभियुक्त मोहन कुमार यादव के द्वारा कुल 3000/- रुपये ऑन लाइन राम नरेश यादव को पेमेंट करने का प्रमाण पाया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त मोहन कुमार यादव निशानदेही पर विरेन्द्र यादव के घर छापामारी कर अगल अभियुक्त रामनरेश यादव पिता तमेश्वर यादव को गिरफ्तार कर स्वीकारोक्ति बयान लिया गया तो उनके द्वारा प्रीतम कुमार सिंह ग्राम लगमा जिला समस्तीपुर गांजा खोदने की बात स्वीकार किये। जिनके निशानदेही पर सहायक पुलिस अधीक्षक के सहयोग से ग्राम लगमा में छापामारी किया और 04 किलो 830 ग्राम गांजा एवं कम्पनी का 180 एम0एल0 का कुल 39 अदद विदेशी शराब बरामद किया।

अभियुक्त प्रीतम कुमार सिंह के स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही पर ग्राम लगमा में ही रविंद्र कुमार सिंह पिता स्व0 सुधीर सिंह एवं राजू कुमार कुमार सिंह पिता स्व0 सुधीर सिंह के घर छापामारी की गयी जहाँ से 1.890 ग्राम गांजा एवं 1053750/- रुपये नगद बरामद किया गया। समस्तीपुर जिला अन्तर्गत बरामद सभी सामानों, नगद, गांजा को बरामद कर अग्रिम कार्रवाई हेतु सिंधिया थाना को सुपुर्द किया गया। जहाँ प्राथमिकी अंकित की गयी।

## पिकअप के तहखाने से 40 कार्टन विदेशी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप वैन के तहखाने से 40 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर पीकअप को जप्त कर लिया। चालक सारण जिला के गरखाए थानाक्षेत्र चैनपुर गांव निवासी अमोद कुमार यादव बताया गया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार 13 मार्च को सिंहवाडा थाना के सामने वैरिकेटिंग कर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस बीच एक पिकअप वाहन को संदेह होने पर पुलिस ने रोक लिया। विधिवत चालक अमोद कुमार की तलाशी लिया तो एक स्मार्टफोनए एक पर्स जिसमें कुल बाईस सौ रूपया सहित कागाजात मिला है। तहखाना में छिपाकर ऑफिसर च्वाइस चालीस कार्टन उत्तर प्रदेश निर्मित प्रत्येक कार्टून मे 180 एम एल का 48 पीस ट्रेट्रा पैक फ्रुटी जब्त किया। अवैध शराब के संबंध में पुछने पर बताये कि यह सारण जिला के थाना व गांव गरखा के शंकर राय उर्फ अरविन्द राय का है। शंकर राय बिठौली चौक तक साथ आए तथा मुझको शराब सिंहवाडा में पहुंचाने के लिए भेजा था। और बोले कि आप सिंहवाडा तक जाइये वहां आदमी रिसीव कर लेगा। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की चालक को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

## कृषि क्षेत्र में व्यावसायिक, विविधीकरण और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता : कौशल कुमार



एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का उद्घाटन करते जिलाधिकारी कौशल कुमार ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रेक्षागृह, दरभंगा में जिला पदाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में पैक्स अध्यक्षों, प्रबंधकों एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के लिए व्यावसायिक विविधीकरण एवं उद्यमशीलता का विकास विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी अपने कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर किये। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सहकारिता व्यवस्था किसानों के सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने सभी पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों से अपील किया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिला के सभी किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित करें, ताकि किसान इन योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय दोगुनी कर सकें। कृषि क्षेत्र में व्यावसायिक , विविधीकरण और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इसके माध्यम से किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक कृषि उपकरणों और योजनाओं का लाभ उठाकर उत्पादन तथा आय दोनों बढ़ा सकते हैं।कार्यशाला के दौरान सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में मिथिला विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने 39वें अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह महोत्सव एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नई दिल्ली के तत्वावधान में सत्यभामा विश्वविद्यालय, चेन्नई में आयोजित किया गया।इस प्रतिष्ठित महोत्सव में विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

कल्चरल प्रोसेशन तथा शास्त्रीय वाद्य एकल नॉन-परकशन में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि फोक ऑर्केस्ट्रा, शास्त्रीय नृत्य, वाद-विवाद (हिंदी), वक्तृत्व (हिंदी) एवं स्किट्स प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।




मिथिला विश्वविद्यालय के प्रतिभागी एवं अन्य।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा उनके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कुलपति ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान रूप से प्रोत्साहित करता रहा है, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। उन्होंने इस सफलता के लिए सभी विजेता प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं संबंधित समन्वयकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय के वित्त परामर्शी इन्द्र कुमार, कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा,खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. प्रियंका राय ने प्रसन्नता जाहिर की।

## डीएम ने किया एलिवेटेड पथ निर्माण कार्य का निरीक्षण

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने सैदनगर,लहेरियासराय में चल रहे एलिवेटेड पथ निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति,गुणवत्ता एवं यातायात व्यवस्था का गहन जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी एवं बिहार राज्य पथ निर्माण निगम के अभियंताओं को निर्देश दिया कि मुख्य सड़क के दोनों तरफ स्थित सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए डायवर्सन पथ का निर्माण करने का निर्देश दिया,जिससे आम लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि एलिवेटेड पथ निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और निर्धारित समय सीमा ,विभागीय मानक और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अभियंता को नियमित रूप से स्थल का निरीक्षण करने तथा निर्माण कार्य की सतत निगरानी रखने का भी निर्देश दिया, ताकि कार्य की प्रगति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जा सके। एलिवेटेड पथ के निर्माण से लहेरियासराय एवं आसपास के क्षेत्रों में यातायात जाम की समस्या में काफी हद तक कमी आएगी तथा आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मोख्तारखाना भवन में शौचालय निर्माण के निर्णय का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर निगम, समस्तीपुर द्वारा जिला अदालत परिसर स्थित मोख्तारखाना भवन में शौचालय निर्माण कराने के निर्णय का अधिवक्ता संघ ने स्वागत करते हुए नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस निर्णय से अधिवक्ताओं के बीच खुशी का माहौल देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता संघ ने नगर निगम की महापौर अनिता राम से मोख्तारखाना भवन में एक आधुनिक शौचालय निर्माण की मांग की थी। मांग के बाद महापौर ने अपने सहयोगियों और निगम कर्मियों के साथ मोख्तारखाना भवन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महसूस किया कि वहां शौचालय की व्यवस्था बेहद आवश्यक है। बताया गया कि परिसर में पहले से एक शौचालय मौजूद है, लेकिन वह लंबे समय से अनुपयोगी स्थिति में है, जिससे आसपास दुर्गंध फैलती रहती है। इसके कारण अधिवक्ताओं, मुवक्किलों तथा विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ता संघ ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम जल्द ही शौचालय निर्माण के इस निर्णय को अमलीजामा पहनाएगा, जिससे परिसर में स्वच्छता और सुविधा दोनों सुनिश्चित हो सकेंगी। इस पहल में जिला अधिवक्ता संघ के वरीय अधिवक्ता हेमेंद्र कुमार यादव, डॉ. परमानंद लाभ, रमेश कुमार वर्मा, बसुंधरा खुर्शीद, अकबर रजा सोज, मेराज आलम, शिवेश कुमार, अब्दुल सलाम सहित भूपनेश्वर राम, उदयशंकर सिंह और अशोक कुमार वर्मा समेत कई सामाजिक लोगों की विशेष भूमिका रही।

### किसान मेला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत चला जागरूकता कार्यक्रम

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मेला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला 2026 में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस क्रम में मेला के दूसरे दिन जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र समस्तीपुर एवं क्राई के द्वारा स्टॉल संख्या 172 पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस अवसर पर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, बच्चों के अधिकार तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समाज में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना तथा लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, समस्तीपुर की टीम की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर, संस्था की ओर से लेखा प्रबंधक पप्पू यादव, सपोर्ट पर्सन सह पीएलवी दीप्ति कुमारी तथा एक्सेस टु जस्टिस कार्यक्रम की सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता विभा कुमारी, काजल राज, ललिता कुमारी, मयंक कुमार सिन्हा, रवि कुमार मिश्रा, पैनल अधिवक्ता रेशमा जौहर, कुमारी निर्मला राय और पारा लीगल वॉलिंटियर सुनील कुमार ने स्टॉल पर आए किसानों और मेला घूमने वाले लोगों को को बाल यौन शोषण से संरक्षण का अधिनियम, बच्चों का सुरक्षा और संरक्षण, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी प्रदान की और बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान सैकड़ों किसानों, महिलाओं और युवाओं ने स्टॉल पर आकर जानकारी प्राप्त की तथा बाल विवाह रोकने के लिए जागरूक रहने का संकल्प लिया।

### ट्रेन के चपेट में आने से कटकर मजदूर की मौत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामभद्रपुर रेलवे स्टेशन से राउरकेला एक्सप्रेस से लहेरियासराय रेक पॉइंट मजदूरी करने जा रहे एक मजदूर की हायाघाट रेलवे पुल के समीप ट्रेन से गिरकर कटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामभद्रपुर पंचायत के कपूरपट्टी गांव के 38 वर्षीय राजू यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में कल्याणपुर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि, यह मामला दरभंगा जीआरपी पुलिस का है।

### मऊ धनेशपुर में युवक की गोली मारकर हत्या, इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

**विद्यापतिनगर।** थाना क्षेत्र के मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत में शुक्रवार को अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



मिली जानकारी के अनुसार मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या 5 निवासी पप्पू झा के पुत्र निलेश कुमार झा को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे घायल अवस्था में स्थानीय एक निजी क्लीनिक में लाया गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय ले जाने लगे। किन्तु रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक के मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के पीछे के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। वहीं गोली किस परिस्थिति में और किसने मारी, इसे लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही विद्यापतिनगर थाना प्रभारी सूरज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।अपराधियों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लोक अदालत में वादों का निबटारा कर परिवार एवं समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करें : न्यायाधीश



**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का समारोह पूर्वक उद्घाटन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष शशिकांत राय, एसडीजेएम सह समिति के सचिव काजल सोनावाला, सब जज प्रथम सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम विवेक चन्द्र वर्मा, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी रवि रंजन, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर समेत अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी, महासचिव राजीव रंजन सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए एसडीजे श्री राय ने कहा कि, लोक अदालत में मुकदमों का निबटारा कराकर समाज में सौहार्द व सद्भावना पूर्ण माहौल बनाने में सहयोग करें और परिवार के साथ खुशी मनाएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि, छोटे छोटे समनीय वादों को लेकर न्यायार्थी कोर्ट का चक्कर लगाते हैं और शारीरिक आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान होते हैं। इसलिए लोक अदालत के माध्यम से वादों को निबटारा करने से समय व रुपए की बचत होती है। इसलिए समनीय वादों का निबटारा कर न्यायार्थी खुशी पूर्वक अपने अपने घर जायें और जो रुपया और समय कोर्ट आने जाने मे लगता है। उसे अपने बच्चे को भरण पोषण एवं पढ़ाई लिखाई मे खर्च कर एक योग्य नागरिक बनाएं, वहीं सब जज प्रथम विवेक चन्द्र वर्मा ने भी लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक अदालत में न वकील फी और न ही किसी भी तरह का न्यायिक शुल्क लगता है और दोनों पक्षों के सहमति के आधार पर वादों का निबटारा किया जाता है। इसी क्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बदलती खेती की तस्वीर : पूसा कृषि मेला में महिला किसान बनीं 'उन्नत कृषि -विकसित भारत' की नई ताकत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के पूसा स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मेला मैदान परिसर में आयोजित क्षेत्रीय कृषि मेला 2026 इस बार सिर्फ नई तकनीकों और उन्नत बीजों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। इस मेले की एक खास तस्वीर यह भी है कि बड़ी संख्या में महिला किसान यहां पहुंचकर खेती के नए तरीके सीख रही हैं और अपने अनुभव साझा कर रही हैं। 'विकसित कृषि- उन्नत भारत' की थीम पर आयोजित इस मेले में जहां एक ओर आधुनिक कृषि मशीनरी, ड्रोन तकनीक और जलवायु अनुकूल खेती के मॉडल दिखाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिला किसानों की सक्रिय भागीदारी ग्रामीण भारत में बदलते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य की कहानी भी कहती है।



उन्नत कृषि तकनीक का अवलोकन करते किसान।।

**खेत से मेले तक : महिलाओं की नई भूमिका**

ग्रामीण बिहार में लंबे समय तक खेती में महिलाओं की भूमिका श्रम तक सीमित मानी जाती रही है। लेकिन अब यह तस्वीर बदल रही है। मेले में आई कई महिलाओं ने बताया कि वे अब सिर्फ खेत में मजदूरी ही नहीं करतीं, बल्कि खुद खेती की योजना बनाने से लेकर उत्पादन और विपणन तक की जिम्मेदारी निभा रही हैं। समस्तीपुर और आसपास के जिलों से आई महिलाओं ने सब्जी उत्पादन, मशरूम की खेती, जैविक खाद निर्माण और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में अपनी भागीदारी के अनुभव साझा किए। कई महिला किसान स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कृषि आधारित छोटे उद्यम भी चला रही हैं।

**तकनीक सीखने का मंच :**

मेले में लगे विभिन्न स्टॉल पर महिला किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, जैविक खेती और वैल्यू एडिशन की तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। कई महिलाओं ने बताया कि ऐसे आयोजनों से उन्हें वैज्ञानिकों से सीधे बातचीत करने और नई तकनीकों को समझने का अवसर मिलता है। इससे खेती के प्रति उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

**आय बढ़ाने की नई संभावनाएं :**

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि महिला किसानों को तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ा जाए तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल सकती है। मेले में कई स्टॉल पर महिला समूहों द्वारा तैयार किए गए कृषि उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है, जो अतिरिक्त आय का स्रोत बन रहे हैं।

**चुनौतियां भी कम नहीं :**

हालांकि इस सकारात्मक तस्वीर के बीच कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं। कई महिला किसानों ने कहा कि आधुनिक कृषि मशीनरी और नई तकनीकों की लागत अभी भी काफी अधिक है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए इन्हें अपनाना आसान नहीं है। इसके अलावा प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच की कमी भी एक बड़ी चुनौती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन समस्याओं का समाधान किया जाए तो महिला किसानों की क्षमता खेती के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकती है।

**तकनीक से बदलती खेती का संकेत :**

पूसा में आयोजित यह कृषि मेला सिर्फ तकनीकी नवाचारों का मंच नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण समाज में हो रहे बदलाव का भी संकेत देता है। महिला किसानों की बढ़ती भागीदारी यह दिखाती है कि खेती का भविष्य अब सिर्फ पारंपरिक ढांचे तक सीमित नहीं है। नई तकनीक, प्रशिक्षण और अवसरों के साथ महिलाएं भी कृषि विकास की मुख्य धारा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। और शायद यही वह दिशा है, जहां से 'उन्नत कृषि -विकसित भारत' का सपना साकार हो सकता है।

## पूसा में क्षेत्रीय किसान मेले के दूसरे दिन उमड़ी किसानों की भीड़, आधुनिक तकनीकों में दिखा रहे खास रुचि

**समस्तीपुर कार्यालय/एनएसबी।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के परिसर में चल रहे क्षेत्रीय किसान मेले के दूसरे दिन पहले दिन की अपेक्षा किसानों की अधिक भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर आधुनिक खेती, उन्नत बीज और नई तकनीकों की जानकारी ली। साथ ही सस्ते दर पर उपलब्ध बीज, फल-फूल के पौधे और कृषि उपकरणों की खरीदारी भी की।



मेला में जुटे किसान।

हालांकि मेले में अतिथि के रूप में आने वाले केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और आर्यभट्ट नॉलेज विश्वविद्यालय के कुलपति शरद कुमार यादव कतिपय कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.एस. पांडे ने मेले में मौजूद किसानों और वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसान मेले में हर वर्ष कुछ न कुछ नया देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेले में छोटे और बड़े सभी वर्ग के किसानों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के बीज निदेशालय द्वारा फूल और सब्जियों के बीजों की विशेष पैकिंग कराई गई है। इन बीजों को किसानों को सस्ती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में किसान उठा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य किसानों तक उन्नत तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज और नई कृषि जानकारी पहुंचाना है, ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से वैज्ञानिक किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत किस्मों और नई तकनीकों की जानकारी दे रहे हैं। किसान मेले में बीज निदेशालय, डिजिटल एग्रीकल्चर, थीमैटिक पंडाल, जलवायु अनुकूल कृषि, उद्यान विभाग, शिक्षा निदेशालय तथा मशरूम हब सहित कई स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर मौजूद वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक खेती की तकनीक, फसलों की उन्नत किस्मों और नई कृषि पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे थे। इधर कृषि यंत्रों और उन्नत कृषि पद्धतियों को लेकर भी किसानों में खासा उत्साह देखा गया। किसान विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर खेती से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी ले रहे थे। वहीं मेले से सैकड़ों किसानों ने सब्जी और फूल के बीज, फल-फूल के पौधे, कृषि उपकरण और अन्य कृषि सामग्रियों की खरीदारी भी की। किसान मेले में क्षेत्र के अलग-अलग जिलों से आए किसान पूरे दिन विभिन्न प्रदर्शनी और तकनीकी स्टॉलों का अवलोकन करते रहे। इससे मेले में किसानों की सक्रिय भागीदारी और नई तकनीकों के प्रति बढ़ती रुचि साफ दिखाई दी।

## पूसा में डिजिटल एग्रीकल्चर के मॉडल से किसानों को किया जा रहा जागरूक



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में डिजिटल एग्रीकल्चर के माध्यम से कृषि को अधिक नवाचार आधारित बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न आधुनिक मॉडलों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इन मॉडलों के जरिए किसानों को नई तकनीकों की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे आधुनिक तरीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बना सकें।

विश्वविद्यालय परिसर में लगाए गए इन मॉडलों में यह प्रदर्शित किया गया है कि कैसे मोबाइल फोन के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को संचालित किया जा सकता है तथा फसलों में पोषक तत्वों का संतुलित प्रबंधन किया जा सकता है। इसके अलावा सैटेलाइट से जुड़ी तकनीकों के माध्यम से किसानों को यह जानकारी भी मिल सकती है कि उनके क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है या नहीं, फसलों पर किसी प्रकार के कीट का प्रकोप है या नहीं और यदि कीट का प्रकोप हो तो उसके प्रभावी प्रबंधन के क्या उपाय किए जाएं।

कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि आने वाले समय में डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। विश्वविद्यालय डिजिटल एग्रीकल्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन तकनीक मे कई कार्य कर रहा है। किसान मेला में नई तकनीकों को लेकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का कहना है कि डिजिटल कृषि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से खेती को अधिक वैज्ञानिक और सटीक बनाया जा सकता है। इससे किसानों को समय पर आवश्यक जानकारी प्राप्त होगी और उत्पादन लागत कम करने के साथ-साथ उपज में भी वृद्धि संभव हो सकेगी।

इसके साथ ही किसानों को ड्रोन तकनीक के उपयोग के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। ड्रोन के माध्यम से फसलों की निगरानी, उर्वरक एवं कीटनाशक के छिड़काव तथा खेतों की स्थिति का आकलन तेजी और सटीकता के साथ किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इससे पहले यहां ‟ड्रोन दीदी‟ कार्यक्रम के तहत कई महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके अलावा बिहार पुलिस सहित अन्य विभागों के कर्मियों को भी ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में इस तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा सके।

## किसान मेला में उन्नत नस्ल की बकरियों ने खींचा किसानों का ध्यान

**समस्तीपुर/एनएसबी।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला के दूसरे दिन पशुपालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और उन्नत नस्लों को लेकर किसानों में खास उत्साह देखा गया। मेला परिसर में उन्नत नस्ल की बकरियों का भी प्रदर्शन किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने इनके पालन की जानकारी प्राप्त की। पशुपालन विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि उन्नत नस्ल की बकरियां कम समय में अधिक वृद्धि करती हैं और सामान्य बकरियों की तुलना में इनसे दूध और मांस दोनों का उत्पादन बेहतर होता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि इन नस्लों में कई सामान्य बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जिससे इनके पालन में जोखिम कम रहता है और किसानों को बेहतर लाभ मिलता है। प्रदर्शनी में किसानों को बकरियों की पहचान, पोषण प्रबंधन, रोग नियंत्रण और टीकाकरण की जानकारी भी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सही प्रबंधन और संतुलित आहार देने से इन बकरियों का वजन तेजी से बढ़ता है, जिससे कम समय में बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

## पूसा किसान मेले के दूसरे दिन कुलपति ने किया स्टॉलों का निरीक्षण, वैज्ञानिकों को किसानों से सतत संपर्क रखने का निर्देश

**समस्तीपुर/एनएसबी।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आयोजित क्षेत्रीय किसान मेले के दूसरे दिन कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने मेले में लगाए गए सैकड़ों स्टॉलों का एक-एक कर निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मशरूम हब, श्री अन्न तथा बीज निदेशालय के कार्यों की सराहना करते हुए वैज्ञानिकों और कर्मियों का उत्साहवर्धन किया।





स्टॉल निरीक्षण करते वीसी व अन्य।

कुलपति डॉ. पांडेय ने कहा कि छोटे किसानों और सरकारी क्वार्टर में रहने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की ओर से फूल, मसाला और विभिन्न सब्जियों के बीज के छोटे-छोटे पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन पैकेटों की मदद से लोग अपने घरों के आसपास किचेन गार्डन विकसित कर सकते हैं। इससे उन्हें साल भर ताजी हरी सब्जियां और मसाले मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास विभिन्न प्रकार के फूल लगाए जाने से वातावरण भी सुंदर और हरित बना रहेगा।

मेले के दौरान कुलपति ने कृषि विज्ञान केंद्र हरिहरपुर वैशाली के स्टॉल पर प्रदर्शित अल्पान केले की सराहना की। वहीं एक अन्य स्टॉल पर प्रदर्शित बत्तीसा केले के लगभग नौ फीट लंबे घौंद को देखकर भी उन्होंने प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र बिरौली तथा हरिहरपुर वैशाली के स्टॉलों का निरीक्षण कर वहां किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

कुलपति ने वैज्ञानिकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे किसानों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसान मेले में आए किसानों से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि अगले वर्ष किसान मेले का आयोजन और अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाया जा सके। इस अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रत्नेश झा ने बताया कि किसान मेले में विभिन्न विषयों पर लगातार किसानों की गोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिला किसान भी भाग ले रही हैं। गोष्ठियों के दौरान महिला किसानों से विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे जा रहे हैं, ताकि उनका फीडबैक प्राप्त किया जा सके। महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार के पुरस्कार भी दिए जा रहे हैं। वहीं निदेशक अनुसंधान डॉ. ए. के. सिंह ने कहा कि किसान मेले में आए किसानों की समस्याओं को गोष्ठियों के माध्यम से नोट किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इन समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर अनुसंधान भी शुरू किया जाएगा। मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से जुड़े देशभर के विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिक भी भाग ले रहे हैं। ये वैज्ञानिक अपने संस्थानों द्वारा विकसित तकनीकों और उन्नत किस्मों का प्रदर्शन कर रहे हैं तथा किसानों को इसकी जानकारी देने के साथ-साथ बीज और अन्य सामग्री की बिक्री भी कर रहे हैं। इसके अलावा मेले में विभिन्न बैंकों के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां किसानों को कृषि ऋण, बैंकिंग योजनाओं और वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। डॉ. झा ने बताया कि, मेला में देश भर से कृषि उत्पादों व उपकरण बनाने वाली कंपनियां हिस्सा ले रही हैं जो कृषि में आधुनिक तकनीक व उपकरण के फायदे बता रहे हैं। वहीं मेले में विभिन्न बैंकों के स्टाल भी लगाए गए हैं जो किसानों को बैंक के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इसके अलावा मेले में बागवानी, मिथिला कला, घरेलू उत्पाद, हस्त शिल्प, आदि के स्टॉल भी किसानों को रिझा रहे हैं। किसान मेला में आज दस हजार से अधिक लोगों की भीड़ जुटी।

## संक्षिप्त खबरें

### एल०पी०जी० गैस की कालाबाजारी, भंडारण करते हुए एक अभियुक्त 24 गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार मधुबनी के निर्देशानुसार जिला में एल०पी०जी गैस की कालाबाजारी एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 13. मार्च को थानाध्यक्ष, लखनौर थाना द्वारा संध्या के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई में पुलिस टीम द्वारा लखनौर थाना क्षेत्र के ग्राम तमुरिया में छापेमारी की गई जहां एक व्यक्ति द्वारा साईकिल स्टोर के दुकान में अवैध रूप से एल०पी०जी० गैस सिलेंडरों का भंडारण की जा रही थी। पुलिस द्वारा मौके से आरोपी लक्ष्मण महतो को गिरफ्तार कर तथा बरामद सभी सिलेंडरों को विधिवत जब्त कर लिया गया है।प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि आरोपी लक्ष्मण महतो घरेलू उपयोग के एल०पी०जी० सिलेंडरों का अवैध रूप से भंडारण कर ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी कर रहे थें। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत अग्रीम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा एल०पी०जी० गैस की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही आम नागरिकों से अपील है कि यदि कहीं गैस की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।



### पर्व को लेकर क्षेत्र में वाहन चेकिंग और गस्ती करने का निर्देश : एसपी

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मासिक क्राइम मीटिंग किया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेनीपट्टी, फुलपरास, झंझारपुर, जयनगर, मधुबनी सदर, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थानाध्यक्षों एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं शराब बरामदगी,भूमि विवाद,परिवाद,संचित कुर्की एवं वारंट से संबंधित लंबित काण्डों के निष्पादन,अपराधियों की गिरफ्तारी,अपराध नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया एवं जिला अन्तर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में गंभीर आपराधिक कांड का त्वरित एवं सफल अनुसंधान,साक्ष्यों का वैज्ञानिक संकलन,अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा विभिन्न थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई का आयोजन किया गया । इस दौरान कुल 30 व्यक्तियों की समस्याओं को सुना गया एवं आवेदकों के समस्या का त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,अंचल पुलिस निरीक्षक,थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया ।



### भीषण डकैती कांड में अभी भी पुलिस का हाथ खाली

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां थाना क्षेत्र के गजहरा गांव के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ दयाकांत झा के घर हुई भीषण डकैती कांड में अभी भी पुलिस का हाथ खाली ही है। गृहस्वामी शुभम कुमार झा ने बताया है कि पुलिस उक्त कांड में गिरफ्तारी का दंभ भरते नहीं थक रही है, परंतु लूट की आभूषण सहित नगद राशि की बरामदगी नहीं हुआ है। उन्होंने बताया है कि 13 फरवरी के रात लगभग दो दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के बल पर पूरे परिवार को बंधक बनाकर दो करोड़ रुपए के आभूषण एवं नगदी लूट कर अशानी से भाग खड़ा हुआ, घटना स्थल पर स्थानीय थाना के अलावा जिला पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे। पुलिस ने आनन-फानन में महज पांच दिन के भीतर ही दो मास्टर माइंड सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार करने का दावा किया। परंतु उक्त कांड में पांच अपराधी नेपाल पुलिस के हिरासत में बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस पदाधिकारियों का कहना सत्य है तो फिर दो करोड़ के आभूषण और नकदी के संबंध में कोई जानकारी क्यों नहीं है, और उनको बरामद करने पुलिस विफल क्यों है। अज्ञात सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना के सूत्रधार सुधीर कुमार झा जो घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे,तेरह तारीख को एक शादी समारोह में शामिल होने अपने घर गजहरा आया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली और उसे गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया। परंतु पूछताछ में पुलिस को क्या हाथ लगा यह नहीं बताया गया है।कुल मिलाकर देखा जाए तो लूटे गए आभूषण एवं नगदी की बरामदगी नहीं होने के कारण लोगों में नाराजगी एवं निराशा है।

### चिकित्सक की मनमानी से आपातकालीन मरीज परेशान

**जयनगर (एनएसबी)।** अनुमंडल अस्पताल में चिकित्सकों की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार को अस्पताल में इलाज के लिए पहुंची एक घायल स्कूली छात्रा को समय पर समुचित उपचार नहीं मिलने से परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि इमरजेंसी मरीज होने के बावजूद चिकित्सक द्वारा उसे प्राथमिकता नहीं दी गई और सामान्य मरीजों की तरह लाइन में लगने को कहा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जयनगर नगर क्षेत्र के भेलवा टोला वार्ड नंबर 17 निवासी मोहम्मद सरफराज आलम की 10 वर्षीय पुत्री आयत शनिवार को किसी दुर्घटना में घायल हो गई। घटना के बाद परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए जयनगर अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मौजूद एएनएम द्वारा घायल छात्रा का प्राथमिक उपचार किया गया और स्थिति की जानकारी ओपीडी में बैठे चिकित्सक को दी गई।परिजनों के अनुसार एएनएम द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद ओपीडी में तैनात चिकित्सक डॉ. विनीत कुमार इमरजेंसी वार्ड में घायल छात्रा को देखने नहीं पहुंचे। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों को मजबूर होकर खुद ही घायल छात्रा को ओपीडी तक ले जाना पड़ा। इसके बाद डॉक्टर द्वारा छात्रा की स्वास्थ्य जांच की गई।परिजनों का कहना है कि डॉक्टर द्वारा जांच के बाद उन्हें ओपीडी काउंटर से टोकन बनवाने के लिए कहा गया। टोकन बनवाने के बाद जब वे पुनः उसी चिकित्सक के पास पर्ची की इंट्री कराने पहुंचे तो डॉक्टर ने इमरजेंसी पर्ची होने के बावजूद उन्हें लाइन में लगकर आने को कहा। कई बार मरीजों और उनके परिजनों को समय पर डॉक्टर नहीं मिलने या इलाज में देरी होने की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों से अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं और मरीजों का भरोसा भी प्रभावित होता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अनुमंडल अस्पताल क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य केंद्र है, इसलिए यहां की व्यवस्था सुचारू और जवाबदेह होना बेहद जरूरी है। यदि अस्पताल में आपातकालीन मरीजों को भी समय पर उपचार नहीं मिल पाएगा तो लोगों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय परिवहन समिति की बैठक हुई आयोजित

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय परिवहन समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मधुबनी शहर की यातायात व्यवस्था, जाम की समस्या, सड़क सुरक्षा, हिट एंड रन मामलों, सड़क संबंधी कमियों के न्यूनीकरण, सुरक्षित वाहन संचालन, दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता तथा चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क सुरक्षा उपायों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मधुबनी शहर में सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निगम मधुबनी, पथ निर्माण विभाग, यातायात उपाधीक्षक तथा परिवहन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु ठोस योजना तैयार करने को कहा।जिलाधिकारी ने शहर में वन-वे व्यवस्था लागू करने, समुचित पार्किंग सुविधा विकसित करने, प्रमुख स्थानों पर साइनेज एवं जेब्रा क्रॉसिंग बनाने, टोइंग वाहन की व्यवस्था करने तथा यातायात कंट्रोल रूम स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# एलपीजी जमाखोरी का आरोपी सागर साइकिल स्टोर के मालिक लक्ष्मण प्रसाद को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

- एलपीजी गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी का दिखने लगा असर, लखनौर में एलपीजी जमाखोरी पर हुई कारवाई
- गठित टीम के दंडाधिकारी-सह- प्रखंड कृषि पदाधिकारी के आवेदन पर थाने में हुई प्राथमिकी दर्ज
- एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग एवं भंडारण से बचें, ताकि जरूरतमंद न हो जाये वंचित
- जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में संचालित सभी एलपीजी गैस एजेंसियों के निरीक्षण एवं जांच के लिए संबंधित पदाधिकारियों की टीमों के द्वारा की जा रही छापेमारी
- एजेंसियों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था, बुकिंग प्रक्रिया, उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की हो रही गहन जांच



बेनीपट्टी एसडीएम गैस एजेंसी का जांच करते।

**मधुबनी (एनएसबी)।** एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को जिले में सुचारु, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सभी एलपीजी गैस एजेंसियों के कार्यो पर की कड़ी निगरानी बरती जा रही है। जिसका असर भी दिखने लगा है।इसी क्रम में शुक्रवार को झंझारपुर अनुमंडल क्षेत्र के लखनौर थाना क्षेत्र के तमुरिया में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह दंडाधिकारी, पुष्पम कुमार, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, वीरेंद्र झा एवं सहायक अवर निरीक्षक, दिलीप सदा के द्वारा गैस कालाबाजारी,जमाखोरी की सूचना मिलने पर छापेमारी कर तमुरिया स्थित सागर साइकिल स्टोर की तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में व्यावसायिक एवं घरेलू सहित कुल-24 गैस सिलिन्डर( खाली और भरा पाया गया। जिसके पश्चात सागर साइकिल स्टोर के मालिक, लक्ष्मण प्रसाद से गैस सिलिंडर से संबंधित कागजात की मांग की गई, जब इनके द्वारा को संतोषजनक जवाब नही दिया गया तब सभी सिलिन्डर को जब्त करते हुए हिरासत में ले लिया गया। तत्पश्चात थाना में उक्त आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया।विदित हो जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के निर्देश पर जिले में संचालित सभी एलपीजी गैस एजेंसियों के कार्यप्रणाली का निरीक्षण एवं जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। जांच टीम एजेंसियों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था, बुकिंग प्रक्रिया, उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की गहन जांच कर रही है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच के दौरान किसी भी एजेंसी द्वारा गैस की जमाखोरी, कालाबाजारी, उपभोक्ताओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार, अनियमित वितरण या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।* आवश्यक होने पर लाइसेंस निलंबन अथवा रद्द करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।साथ ही अवैध रूप से कालाबाजारी के लिए एलपीजी सिलिंडर की जमाखोरी करने वालों को भी चिन्हित कर कारवाई करने हेतु निदेश दिया गया है।जिलाधिकारी ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पर्याप्त है और घबराने या अनावश्यक रूप से सिलेंडर जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या या अनियमितता दिखाई देती है तो वे इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें, ताकि त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सभी उपभोक्ता एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग एवं भंडारण से बचें, ताकि जरूरतमंद एलपीजी की सुविधा मिलने से वंचित न हो जाय।

## अवैध हथियार, एवं लूटी गई मोटरसाइकिल के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति शनिवार को जारी कर बताया है कि 14 मार्च को रात्रि समय करीब 2: बजे राजनगर थाना को सूचना प्राप्त हुआ कि कांड सं०-129/26 के संदिग्ध अपराधकर्मी ललित लक्ष्मीपुर चौक के पास लूटी गयी मोटर साइकिल के साथ पुनः किसी घटना को अंजाम देने के लिए इक्कठा हुए है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु राजनगर थाना की पुलिस टीम तत्काल ललित लक्ष्मीपुर चौक के पास पहुंची तो वहीं 04 मोटरसाईकिल के साथ 04 लोग चौक के पास उपस्थित है। चारो की नजर जैसे ही पुलिस पर पड़ी तो पुलिस को देखकर सभी मोटरसाईकिल सवार भागने लगे। जिनको पुलिस बल के सहयोग से गाडी सहित पकड लिया गया। पकडाये व्यक्ति से बारी बारी से नाम/पता पुछे जाने पर सभी अपना नाम बदल-बदल कर बता रहे थे। जब पुलिस द्वारा कडाई से पुछ-ताछ किया गया तो अपना नाम कमशः 01. मनीष कुमार सहनी 02. सोनू सहनी 03. संतोष कुमार यादव 04. मिथलेश कुमार उर्फ भरत बताया। तत्पश्चात पुलिस द्वारा चारो व्यक्तियो की विधिवत तलाशी लेने पर 01. मनीष कुमार सहनी के पास 01 देशी लोडेड कटटा, जिसको अनलोड करने पर 01 जिंदा कारतूस एवं मोवाईल तथा गांजा पाया गया। 02. सोनू सहनी के पास से मोवाईल 03. संतोष कुमार यादव के पास से 01 कटटा एवं मोबाईल 04. मिथलेश कुमार उर्फ भरत के पास से 01 मोबाईल बरामद हुआ। बरामद अवैध हथियार, मादक पदार्थ, माबाईल एवं मोटरसाईकिल को जप्त कर गिरफ्तार सभी अभियुक्त को थाना लाया गया। पुलिस द्वारा जप्त मोटरसाईकिल के संबंध में पूछने पर पता चला कि तीनों मोटरसाईकिल लूट की गई हैं। जिसका उपयोग अवैध शराब की तस्करी, लूट,छिनतई जैसी घटना को अंजाम देने के लिए करते हैं। पुलिस द्वारा सभी आपेक्षित बिंदुओं पर गहनता से जाँच की जा रही हैं। गिरफ्तार सभी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



गिरफ्तार अभियुक्त।

## लंबे अवधि से अनुपस्थित तीन पंचायत कार्यपालक सहायकों की संविदा रद्द

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा आरटीपीएस के संचालन में लापरवाही बरतने एवं लंबे अवधि से अनुपस्थित रहने तथा विभाग द्वारा स्पष्टीकरण पूछे जाने के बाद भी कोई जवाब नही देने के पश्चात तीन कार्यपालक सहायकों की संविदा रद्द कर दी गयी है।विदित हो कि रवि कुमार, पंचायत कार्यपालक सहायक, पंचायत महपतिया, प्रखंड मधेपुर एवं श्री संतोष कुमार यादव, पंचायत कार्यपालक सहायक, पंचायत-भखराईन, प्रखण्ड-मधेपुर तथा श्रीमती खुशबू कुमारी, पंचायत कार्यपालक सहायक, पंचायत-शाहपुर, प्रखण्ड-बेनीपट्टी से के संचालन में लापरवाही बरतने के विरूद्ध उक्त पंचायत कार्यपालक सहायकों से कारण पृच्छा की गई थी। तीनों पंचायत कार्यपालक सहायकों से स्पष्टीकरण का जबाब अप्राप्त रहने की स्थिति में पुनः कारण पृच्छा समर्पित करने का निदेश दिया गया, परन्तु इनके द्वारा कारण पृच्छा समर्पित नहीं किया गया।पुनः इन सभी पंचायत कार्यपालक सहायकों को कारण पृच्छा समर्पित करने का निदेश दिया गया, परन्तु अद्यतन तिथि तक इन सभी के द्वारा किसी पत्रों का जबाब समर्पित नहीं किया गया, जिससे स्पष्ट होता है कि इन सभी के द्वारा कार्य में अभिरूचि नहीं ली जा रही है साथ ही उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना भी की जा रही है।प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, मधेपुर के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि रवि कुमार एवं संतोष कुमार यादव न तो न किसी पंचायत कार्यालय में कार्यरत हैं और न ही प्रखण्ड कार्यालय में कार्यरत हैं।वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बेनीपट्टी एवं प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी बेनीपट्टी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिवेदित किया गया है की खुशबु कुमारी, पंचायत कार्यपालक सहायक, ग्राम पंचायत-शाहपुर लगभग 06 महीने से अद्यतन कार्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है।सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के नियमानुसार "जो कर्मी बिना सूचना के 15 दिन या इससे अधिक अवधि के लिए अनुपस्थित पाये जाते है, तो उनके पद को रिक्त घोषित किया जायेगा एवं संविदा के आधार पर नियोजन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।" जिसके आलोक में जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा रवि कुमार, पंचायत कार्यपालक सहायक, पंचायत-महपतिया, प्रखंड मधेपुर एवं संतोष कुमार यादव, पंचायत कार्यपालक सहायक, पंचायत-भखराईन, प्रखण्ड मधेपुर तथा खुशबू कुमारी, पंचायत कार्यपालक सहायक, पंचायत-शाहपुर, प्रखण्ड-बेनीपट्टी का पंचायत का नियोजन, संविदा समाप्त,रद्द कर दिया गया है!



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

## गैस के लिए लग रही लाइन. प्रबंधक ने कहा गैस की कोई कमी नहीं

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के तारा एचपी गैस एजेंसी परसौनी मुरलियाचक एवं जाहिदा एचपी गैस एजेंसी मिल्लत चौक बिस्फी के गोदाम पर घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ अन्य दिनों की तरह शनिवार को भी देखी गई. एजेंसी के द्वारा उपभोक्ताओं को लाइन लगाकर गैस का वितरण किया गया. एजेंसी के संचालक संजीव कुमार झा उर्फ बबलू एवं मो कलीमुद्दीन शम्स ने बताया कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ओटीपी लेने पर एजेंसी द्वारा गैस दिया जा रहा है. एजेंसी के प्रबंधक ने कहा कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है. 4 से 5 सौ तक सिलेंडर वितरित की जा रही है. बुकिंग ओटीपी के माध्यम से गैस दी जा रही है. जिन उपभोक्ताओं कि बुकिंग नहीं हुई है व ओटीपी नहीं आया है. उनका एजेंसी के कंप्यूटर सिस्टम में नाम व कंज्यूमर नंबर का मिलान कर उन्हें गैस भी दी जा रही है. कुछ नए नियम आये हैं. जिनका उपभोक्ता को पालन करना अनिवार्य है.वही उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके उद्देश्य जिला प्रशासन के द्वारा गैस वितरण व्यवस्था, पारदर्शिता, समयबद्धता और उपभोक्ता संतुष्ट का आकलन करने के लिए अधिकारियों की टीम भी लगाए गए हैं. जो एजेंसी के कार्यालय ,गोदाम, सुरक्षा व्यवस्था, तथा गैस सिलेंडरों के रखरखाव की स्थिति का बारीकी से अवलोकन करेंगे. एजेंसी के रिकॉर्ड, उपभोक्ता पंजीकरण और वितरण प्रक्रिया की भी जांच करेंगे. जिसमें बीडीओ, बीपीआरओ,वीएओ हरलाखी, एमओ, लेवल इंस्पेक्टर,बीसीओ बिस्फी को लगाया गया है. जो बिस्फी बाजार एवं बिस्फी ग्रामीण का निरीक्षण करेंगे.



### बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के डी.बी. कॉलेज के समीप जयनगर-दरभंगा राष्ट्रीय राजमार्ग 527 बी पर शनिवार को दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए जयनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मधुबनी सदर अस्पताल रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को डी.बी. कॉलेज के पास मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और भी सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

**संस्थागत प्रसव बढ़ाने, उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की निगरानी एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर**

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, मधुबनी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति के सलाहकार, सभी उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक तथा प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक उपस्थित रहे।बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में संस्थागत प्रसव की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। इसके लिए प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में प्रसव की नियमित समीक्षा करने तथा आशा कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। जिन आशा कार्यकताओं का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



बैठक करते जिलाधिकारी ।

इसके साथ ही निर्देश दिया गया कि एएनसी प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं ने सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव क्यों नहीं कराया, इसका कारण सहित विश्लेषण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाए, ताकि संस्थागत प्रसव को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।समीक्षा के दौरान उपलब्धियों के आधार पर मधवापुर, पंडौल एवं बिस्फी प्रखंडों में अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन पाए जाने पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों से कारण पूछा गया। साथ ही पंडौल प्रखंड के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं बीसीएम के वेतन से तीन दिनों की राशि तथा मधवापुर एवं बिस्फी प्रखंड के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं बीसीएम के वेतन से एक-एक दिन की राशि काटने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक ऐसी महिलाओं की सूची तैयार कर प्रतिदिन टेलीफोन के माध्यम से फॉलो-अप करें। आवश्यकता पड़ने पर समय रहते सुरक्षित सी-सेक्शन के माध्यम से प्रसव सुनिश्चित कराया जाए, ताकि जटिल प्रसव के मामलों में किसी प्रकार की जोखिम की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि ममता पोर्टल पर सभी स्वास्थ्य गतिविधियों की नियमित एवं सही प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए तथा की प्रविष्टि की निगरानी स्वयं उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी करें।बैठक के अंत में निर्देश दिया गया कि सदर अस्पताल, मधुबनी में प्रतिदिन कम से कम 30 अल्ट्रासाउंड जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को अनावश्यक रूप से बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े और उन्हें जिला स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर, पारदर्शी और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करना होगा, ताकि जिले के लोगों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## संक्षिप्त खबरें


### एनटीपीसी कांटी सीएसआर फण्ड से निर्मित दो आईसीटी लैब का विधायक ने किया उद्घाटन

**कांटी(एनएसबी)।** एनटीपीसी कांटी द्वारा सीएसआर फण्ड के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मध्य विद्यालय कांटी कस्बा तथा मध्य विद्यालय कलवारी में स्थापित आईसीटी लैब का भव्य समारोह के बीच उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने फीता काटकर लैब का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि आज के दौर में ऑनलाइन एजुकेशनल और डिजिटल इन्फॉर्मेशन का महत्व बढ़ गया है। किताबी ज्ञान से अधिक देश विदेश में कम्प्यूटर व डिजिटल शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इस स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों के लिए एनटीपीसी कांटी प्रबंधन द्वारा विद्यालय में यह अत्याधुनिक लैब की शुरूआत किया जाना सराहनीय कार्य है। वहीं कांटी एनटीपीसी के एजीएम (मानव संसाधन) महेश कुमार सुथार ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी कांटी सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करता रहा है। आईसीटी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका ज्ञानवर्धन के साथ उनमें तकनीकी समझ भी विकसित होगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनटीपीसी कांटी द्वारा स्थापित इन आईसीटी लैब के माध्यम से दोनों विद्यालयों के लगभग 1000 छात्र-छात्राएँ आधुनिक डिजिटल शिक्षा की सुविधाओं से लाभान्वित होंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ना तथा उनके सीखने के अनुभव को अधिक प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर महेश कुमार सुथार, एजीएम (मानव संसाधन), डीजीएम (मानव संसाधन), विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। वही उपस्थित अतिथियों ने एनटीपीसी कांटी की इस पहल की सराहना की तथा विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



### मड़वन प्रखंड कार्यालय परिसर में हुआ इफ्तार पार्टी का आयोजन, गंगा जमुनी तहजीब का दिया गया संदेश

**कांटी/एनएसबी।** रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर कांटी के जदयू विधायक ई अजीत कुमार द्वारा कांटी विधानसभा क्षेत्र के मड़वन प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम और हिंदू समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। साथ ही आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जदयू कार्यकर्ता, स्थानीय बुद्धिजीवी व बड़ी संख्या में आमलोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सऊदी अरब से लाई गई विशेष पारंपरिक टोपी पहनाकर क्षेत्रीय विधायक को सम्मानित किया। मौके पर अजीत कुमार ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम और इंसानियत का संदेश देता है। रोजा और इफ्तार केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र महीने में सभी लोग एक-दूसरे के लिए अमन-चैन, सुख और समृद्धि की कामना करते हैं, समाज में सौहार्द और एकता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान जदयू नेता मो जमाल, जदयू मड़वन प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम, जिला परिषद उपाध्यक्ष निरुपमा सिंह ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मौके पर कांटी सीओ पिन्टू कुमार, बीडीओ आनंद कुमार विभूति, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मो जावेद हुसैन, अजय चौधरी, मनोज कुमार सिंह, इंदल साह, अमरनाथ गुप्ता, प्रमोद पटेल, रमाशंकर सिंह, शीला देवी, नीलू देवी, रविंद्र पंडित, सोनू सिंह, सिकंदर सिंह, मो सिराज, सुनील शर्मा, जयसिंधु ठाकुर, मो मोतिउर रहमान, ई. सोहैल समेत बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



### औराई पीएचसी में अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने पर चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को बेहतर, त्वरित एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनके घर के पास ही सरकारी अस्पतालों में इलाज एवं जांच की व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें इलाज व जांच के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़े। मरीजों की चिकित्सा एवं जांच की सुविधाओं की नियमित जांच के तहत जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई में अल्ट्रासाउंड संचालन व्यवस्था की जांच की। जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड सेवा के संचालन में लापरवाही सामने आने पर सिविल सर्जन ने संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण तलब करते हुए सेवा को नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में सीएस ने पत्र जारी कर कहा है कि औराई सीएचसी में निर्धारित व्यवस्था के बावजूद अल्ट्रासाउंड सेवा का नियमित संचालन नहीं हो रहा है, जो गंभीर लापरवाही है। साथ हीं सरकार की योजनाओं और आम मरीजों के हित के खिलाफ है। उन्होंने संबंधित चिकित्सक से आखिर किस कारण से सेवा नियमित रूप से संचालित नहीं किए जाने से संबंधित जबाब मांगा है। सिविल सर्जन ने यह भी स्पष्ट कहा है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा सामने आती है तो संबंधित चिकित्सक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उधर, जिलाधिकारी ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य सेवाओं को नियमित और प्रभावी तरीके से संचालित करना प्राथमिकता है, ताकि आम लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। अगर, इसमें लापरवाही होती है तो निश्चित रूप से जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कांटी प्रखंड परिसर में एईएस व बाल संरक्षण के बचाव को लेकर आयोजित हुई बैठक

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी प्रखंड मुख्यालय सभागार में एईएस एवं बाल संरक्षण पर शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कांटी प्रखंड प्रमुख कृपा शंकर शाही ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख कृपा शंकर शाही, बीडीओ आनंद कुमार विभूति, सीओ पिंटू कुमार, पीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुमित संस्कार ने संयुक्त रूप से कहा कि इससे बचाव को लेकर सभी लोगों को जागरूक करना होगा, तभी इसका उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि यह दोनों बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के हर लोगों तक इसके बचाव को लेकर बात पहुंचे एवं सरकार व विभाग के द्वारा दिए गए सभी गाइडलाइंन का अनुपालन करना होगा। डॉक्टर सुमित संस्कार ने कहा कि एईएस से बचाव को लेकर कांटी सरकारी अस्पताल में स्पेशल वार्ड बना हुआ है। साथ ही प्रचार गाड़ी से क्षेत्र के लोगों को इसके बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस बैठक में बाल संरक्षण के अधिकारियों ने भी अपने विभाग के कार्यों की चर्चा कर मूल संदेश उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। इस बैठक में कांटी प्रखंड प्रमुख कृपा शंकर शाही, बीडीओ आनंद कुमार विभूति, सीओ पिंटू कुमार, सीडीपीओ मीरा कुमारी, बीपीआरओ काजोल कुमारी, पीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुमित संस्कार, कांटी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह वीरपुर मुखिया कुमारी याचना शाही, शेरुकाही मुखिया संगीता कुमारी,उप प्रमुख प्रतिनिधि चुन्नू चौधरी समेत पंसस कौशल दुबे, बाल संरक्षण के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजीव कुमार, सरजील अहमद , दयानंद कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मी व क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



# खेत में मिला युवक का शव, लेनदेन के विवाद में हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** सदर थाना क्षेत्र के पताहीं महमदपुर गांव स्थित एक खेत से शनिवार की सुबह एक युवक का शव मिलने को लेकर गांव में सनसनी फैल गई। घटना की खबर फैलते ही खेत मे ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। शव की पहचान पताही (धोबी टोला) निवासी स्वर्गीय दिलीप साह के 32 वर्षीय पुत्र पुतुल उर्फ शशि भूषण कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसका शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में पड़ा मिला। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने शव देखा और तुरंत स्थानीय थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा और सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम के साथ साथ डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया। एफएसएल की टीम ने जांच के लिए घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य संग्रह किया। साथ ही डॉग स्क्वॉड की टीम भी सुराग तलाशने में जुट गई। पुलिस की शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि पुतुल उर्फ शशि भूषण शराब के कारोबार से जुड़ा हुआ था। सदर थाना में उसके खिलाफ पहले से शराब से संबंधित कई मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। मृतक की पत्नी चंचल देवी ने इस मामले में बताया कि उसके पति ने हर्ष नामक युवक से करीब दो लाख रुपये कर्ज लिए थे। उसी पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। मृतक की पत्नी का आरोप है कि हर्ष लगातार उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा था और उसी ने इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से सबूत जुटाए जा रहे हैं ताकि इस रहस्यमयी मौत के पीछे की असली साजिश का पदार्फाश हो सके। वहीं दूसरी तरफ मृतक के परिवार में घटना को लेकर मातम छाया हुआ है। इस मामले में एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा ने बताया कि घटना की तहकीकात की जा रही है। मृतक के शरीर पर गहरे जख्म का कोई निशान नहीं पाया गया है। युवक के मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। साथ ही मृतक का शराब के कारोबार से जुड़े होने की जानकारी भी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस को एफएसएल जांच रिपोर्ट व डॉग स्क्वायड की जांच प्रतिवेदन का इंतजार है, ताकि इस हत्याकांड का रहस्योद्घाटन किया जा सके।



शव बरामदगी स्थल पर लगी लोगों की भीड़ और मामले की जांच को पहुंची पुलिस।

## कांटी प्रखंड के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास के साथ विधायक ने नारियल फोड़कर किया कार्यारंभ



नारियल फोड़कर नए प्रखंड कार्यालय भवन का भूमिपूजन व कार्यारंभ कराते विधायक अजीत कुमार।

**कांटी (एनएसबी)** । कांटी प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रस्तावित नए प्रखंड कार्यालय व आवासीय भवन निर्माण का शनिवार को भूमि पूजन हुआ। साथ ही क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने भवन निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर कार्यारंभ भी कर दिया। जदयू नगर परिषद अध्यक्ष सह नगर पार्षद चंदन पांडे द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन व कार्यारंभ कराया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक अजीत कुमार ने कहा कि कांटी प्रखंड परिसर के नए भवन में आमलोगों का सभी काम एक छत के नीचे संभव हो सकेगा। वहीं प्रखंड मुख्यालय से संबंधित सभी विभागीय कार्यालय भी इसी भवन में होगा। उन्होंने भवन निर्माण कार्य कराने वाले संवेदक को नए भवन के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने को आगाह किया। साथ ही कहा कि प्रखंड मुख्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। वहीं समय समय पर इसकी मॉनिटरिंग और समीक्षा भी की जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास का जो संकल्प उन्होंने लिया था, वह अब धरातल पर उतर रहा है और दिख भी रहा है। उन्होंने कहा कि उनके नजर में क्षेत्र के अंतिम पायदान के लोग भी उतने ही खास हैं, जितने मध्यम व उच्चवर्गीय हैं। उन्होंने कहा कि सब हमारे लिए एक बराबर है और इसी प्राथमिकता को लेकर वे हमेशा चलते रहे हैं। इस मौके पर कांटी सीओ पिंटू कुमार, बीडीओ आनंद कुमार विभूति, सीडीपीओ मीरा कुमारी, बीपीआरओ काजोल कुमारी, श्रम निरीक्षक वरुण कुमार, बीएओ शिवनाथ झा, कांटी पीएचसी प्रभारी डॉ सुमित संस्कार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनोद गुप्ता, नगर परिषद कांटी के मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, मुखिया इंद्रमोहन झा, नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, अशोक चौधरी, चंदन पांडे, राम मोहन पासवान, पार्षद प्रतिनिधि शंकर महतो, जदयू नेता कारी साहू, महेश चौधरी, सुमन कुमार सिंह, रजनीश कुमार सिंह उर्फ फौजी साहब, दीपक कुमार उर्फ टुन्ना, प्रभु गुप्ता प्रो अशोक गुप्ता, नवल किशोर उर्फ पप्पू गुप्ता, वरुण कुमार, सुजीत कुमार सिंह, शकुंतला देवी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## वित्तीय वर्ष 2026-27 के 1,115 करोड़ का विवि बजट के साथ 22 एजेंडों पर सीनेट की लगी मोहर




सीनेट की बैठक में शामिल कुलपति व अन्य सदस्यगण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट की बैठक शनिवार को केंद्रीय पुस्तकालय के सीनेट हॉल में आयोजित की गई। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ₹1,115 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹65 करोड़ अधिक है। बैठक में विश्वविद्यालय के अकादमिक और प्रशासनिक 22 एजेंडो पर सीनेट की मुहर लगी। अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति ने विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता की ओर ले जाने के प्रयासों का विस्तृत लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए पिछले वर्ष हुए दीक्षांत समारोह का जिक्र किया, जिसमें दो राज्यों के राज्यपालों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कुलपति ने इस वर्ष विश्वविद्यालय को बी.एड व शिक्षा शास्त्री प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी मिलना एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। प्रशासनिक सुधारों पर चर्चा करते हुए प्रो. राय ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की प्रोन्नति उनकी प्राथमिकता है और शेष बची सभी प्रोन्नतियाँ बहुत जल्द पूरी कर ली जाएंगी। छात्रों के हितों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में लंबित परिणामों में भारी कमी आई है और इसे शून्य पर लाने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खेल और सांस्कृतिक मोर्चे पर भी विश्वविद्यालय की उपलब्धियां सराहनीय रही हैं। जहां संस्थान लगातार दूसरी बार ईस्ट जोन प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है और सांस्कृतिक टीम राष्ट्रीय मंचों पर अपनी धाक जमा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के योगदान से विश्वविद्यालय शैक्षणिक और रिसर्च के क्षेत्र में अपने उच्च लक्ष्यों को को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। सत्र के दौरान उठाए गए 'समान काम, समान वेतन' के सवाल पर कुलपति ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय पूरी तरह कानून के दायरे में रहकर ही आगे बढ़ेगा। कॉलेजों की संबद्धता के मुद्दे पर प्रो राय ने बताया कि प्रस्तावित 60 कॉलेजों का कड़ाई से निरीक्षण कर सरकारी मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने सीनेटरों से अपील की कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रस्तावित कॉलेजों के मानकों से संबंधित किसी भी कमी की सूचना सीधे उन्हें दें। कुलपति ने दोहराया कि विश्वविद्यालय के सारे वित्तीय कार्यों में राज्य सरकार के नियमों के का पालन सुनिश्चित करना जारी रहेगा। प्रो राय ने बताया कि परिसर में पूरी तरह जन सहयोग से स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति लग रही है। मूर्ति के साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में विवेकानंद पार्क बनाया जा रहा हैं। हॉस्टल के लिए बजट प्रावधान के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और कॉलेजों में हॉस्टल का संचालन आंतरिक स्त्रोत से ही चलाया जा सकता है। अकादमिक सीनेट अलग से कराने पर भी बैठक में सहमति बनी। बैठक में पिछले दिनों इंप्लीमेंटेशन एंड मानिटरिंग कमिटी, न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी, एकेडमिक काउंसिल और सिंडिकेट से अनुमोदित प्रस्तावों को सीनेट से मंजूरी मिली।

## शहद की मिठास से बदलेगी महिलाओं की तकदीर : समीर

### मधुग्राम महिला प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाओं के कारोबार को सशक्त करने को ले कार्यशाला आयोजित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित जीविका महिलाओं की तकदीर बदलने के लिए लगातार काम कर रही है। आसपास के जिले की महिलायें भी मधुमक्खी पालन कर अपना भविष्य सवार रही है।मधुमक्खी पालन करने वाली महिलाओं की तकदीर को संवारने के लिए जीविका लगातार बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाजार मुहैया कराने को प्रयासरत है। वहीं शहद की मिठास से महिलाओं की जिंदगी में आर्थिक उन्नति हो रही है। उक्त बातें जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक (गैर कृषि) समीर कुमार ने शनिवार को आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। इससे पूर्व नगर के एक निजी होटल में "मधुमक्खी पालन से समृद्धि की ओर" विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन समीर कुमार राज्य परियोजना प्रबंधक (नॉन फॉर्म ) अनीशा, डीपीएम जीविका, वंदना कुमारी डीपीएम वैशाली, सुर्दीप्त समदर्शी, डाबर के अजय कुमार के साथ मधुग्राम की दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मधुग्राम कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए दीदियों के साथ चर्चा की और रणनीति तय किया। इस कार्यक्रम के दौरान मधुमक्खी पालन करने वाली मुजफ्फरपुर, वैशाली, पश्चिमी चंपारण,और पूर्वी चंपारण की जीविका दीदियों ने अपने अनुभव साझा की। साथ ही जीविका दीदियों ने इस वर्ष मधुमक्खी पालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा शहद की बिक्री के लिए रणनीति पर चर्चा की। कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली दीदियों के साथ ही कैडर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मधुग्राम से जुड़ी दीदियों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कंपनी के कारोबार के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। वही डीपीएम अनीशा ने कहा कि जीविका से जुड़कर महिलाएं काफी आगे बढ़ रही हैं। शहद उत्पादन के क्षेत्र में भी काफी अच्छा काम हो रहा है। इस साल भी लक्ष्य के अनुरूप शहद उत्पादन का कार्य किया जाएगा। वही वैशाली की डीपीएम वंदना कुमारी ने मधुग्राम से जुड़ी दीदियों को भरोसा दिलाया कि अच्छा शहद का उत्पादन होगा तो उन्हें अच्छा मूल्य भी दिया जाएगा।



# बाल व किशोर श्रम उन्मूलन को गति देने के लिए आयोजित प्रमंडलस्तरीय सेमिनार व कार्यशाला

### श्रम में उलझे बच्चों को मुक्त कराने पर दिया गया बल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** संयुक्त श्रम भवन गन्नीपुर स्थित तिरहुत प्रमंडलीय उप श्रम आयुक्त कार्यालय के सभागार में शनिवार को बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास के लिए एक दिवसीय कार्यशाला व सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन तिरहुत के उप श्रमायुक्त नीरज नयन, मुजफ्फरपुर के सहायक श्रमायुक्त राकेश रंजन, बेतिया के सहायक श्रमायुक्त सुबोध कुमार, श्रम अधीक्षक मुजफ्फरपुर अजय कुमार, श्रम अधीक्षक वैशाली शशि कुमार सक्सेना, श्रम अधीक्षक सीतामढ़ी व प्रभारी पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) रमाकांत कुमार, श्रम अधीक्षक, शिवहर सह प्रभारी पश्चिमी चंपारण (बेतिया) विजय कुमार ठाकुर जिला बाल कल्याण समिति मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष उदय शंकर शर्मा, एनजीओ के कानूनी सलाहकार मुजफ्फरपुर से अमोद कुमार एवं अनिल कुमार, जीआरपी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।




कार्यक्रम में मंचासीन तिरहुत प्रमंडलीय उप श्रमायुक्त व अन्य विभागीय अधिकारी गण।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय उप श्रमायुक्त सह कार्यक्रम संयोजक नीरज नयन ने कहा कि बच्चों का स्थान स्कूल में है, खेल के मैदान में है ना कि किसी होटल, ढाबा, मोटर गैरेज या फैक्ट्री में। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत हर 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है और हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें ताकि उनका बचपन सुरक्षित रहे और वे आगे चलकर इस देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनें और देश व समाज के विकास में अपनी भागीदारी दें।

इस प्रमंडलस्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए लागू राज्य कार्य योजना की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया की बाल एवं किशोर श्रम से संबंधित कार्यों के लिए 18 विभागों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है वहीं। हितधारकों को राज्य कार्य योजना 2025 में दिए गए प्रावधानों एवं बाल व किशोर श्रम से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी भी दी गई। उप श्रमायुक्त के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी हितधारकों से किसी भी परिस्थिति में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से बाल मजदूर से कोई कार्य नहीं लिए जाने संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस क्रम में मुजफ्फरपुर के श्रम अधीक्षक अजय कुमार ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए सभी को प्रभावी कदम उठाने को प्रेरित किया गया। वही अन्य श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा तकनीकी सत्र में बाल श्रमिकों की विमुक्ति एवं पुनर्वास से संबंधित अधिनियम, राज्य कार्य योजना तथा आर्थिक एवं गैर आर्थिक पुनर्वास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर रश्मि राज, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मुरौल ने किया। इस कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर, पुर्वी चंपारण (मोतिहारी)और पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले में पदस्थापित सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीयों ने भाग लिया ।

## पंचायती राज विभाग की विभागीय समीक्षात्मक बैठक में दिए गए कई निर्देश

# सभी क्षेत्रों में समानुपातिक रूप से किया जाए विकासात्मक योजनाओं का क्रियान्वयन : डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में पंचायती राज विभाग की विभागीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अपर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव, अंकेक्षक, कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक में सूचना के अधिकार (आरटीआई) से संबंधित प्राप्त आवेदनों के आलोक में यह निर्देश दिया गया कि आवेदक को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान सभी पंचायतों में विभागीय दिशा-निदेशों के आलोक में योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विकासात्मक योजनाओं का क्रियान्वयन


बैठक को सम्बोधित करते जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय।

सभी क्षेत्रों में समानुपातिक रूप से किया जाए, ताकि सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ समान रूप से पहुंच सके। कम व्यय करने वाले पंचायत समिति एवं पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देने हेतु कैंप मोड में कार्य करते हुए समय-सीमा के भीतर योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए वे स्वयं स्थल निरीक्षण करेंगे। साथ ही सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति एवं तकनीकी स्वीकृति से पूर्व संबंधित योजना का स्थल निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि योजनाओं के दोहरीकरण से बचा जा सके। विभागीय नियमों के प्रतिकूल योजनाओं के क्रियान्वयन में संलिप्त पदाधिकारी, कर्मी अथवा जनप्रतिनिधि को चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सभी पंचायत सचिवों को पंचायत में संचालित सभी मदों की योजनाओं का मास्टर डाटा तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी मद से क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध हो सके। सोलर लाइट से संबंधित योजनाओं के रख-रखाव (मेंटेनेंस) को प्राथमिकता देते हुए उसे समय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। अन्यथा की स्थिति में विभागीय दिशा-निदेशों के आलोक में संबंधित एजेंसी के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) के संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए गाइडबुक के मार्गदर्शन का पालन करते हुए अंकेक्षण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्रों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही फ्ळ्ढर तथा ग्राम कचहरी में लंबित मामलों के निष्पादन एवं विभागीय लक्ष्यों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे बिना किसी अनैतिक दबाव में आए विभागीय दिशा-निदेशों के अनुरूप कार्य करें। यदि किसी के द्वारा नियम के प्रतिकूल कार्य हेतु दबाव बनाया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल अपने वरीय पदाधिकारी को दें, ताकि संबंधित व्यक्ति को चिह्नित कर त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक के अंत में बिहार दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिला स्तर पर सम्मानित किए जाने की बात भी कही गई।

## सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने ईरानी प्रतिनिधि से की मुलाकात

### भारत-ईरान संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारत-ईरान संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास में इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच भारत और ईरान के बीच राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक संबंधों को और मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्लाह सैयद अली खामनेई के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा नव-निर्वाचित सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मोजतबा खामनेई को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बैठक में दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर जोर दिया गया। सांसद ठाकुर ने कहा कि भारत और ईरान के बीच पारंपरिक मित्रता, व्यापारिक सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का समृद्ध इतिहास रहा


मुलाकात करते सांसद देवेश चंद्र ठाकुर एवं ईरानी प्रतिनिधि)

है, जिसे भविष्य में और सशक्त बनाया जाना चाहिए। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधि से ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों एवं भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया। वहीं डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने भारत के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता जताई। इस मुलाकात को भारतझ्रईरान संबंधों को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सूचना का अधिकार (आरटीआई) कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में सूचना का अधिकार (आरटीआई) कोषांग की समीक्षा बैठक आयोजित की


बैठक में जिला पदाधिकारी बी उपस्थित अन्य।

गई। बैठक में सूचना के अधिकार से संबंधित प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों के लोक सूचना पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर करते हुए आवेदकों को नियमानुसार सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आरटीआई आवेदनों के निष्पादन में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब न हो तथा सभी संबंधित पदाधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि समय पर सूचना उपलब्ध कराने से जिला स्तर पर ही मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निपटारा संभव हो सकेगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में डिजिटल व्यवस्था से परीक्षा, 45 मिनट पहले पोर्टल पर मिल रहा प्रश्नपत्र

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल बनाने की दिशा में इस बार बड़ा बदलाव किया गया है। पहली से आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में अब प्रश्नपत्र ह्यई-शिक्षाकोषह्ण पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। परीक्षा शुरू होने से मात्र 45 मिनट पहले पोर्टल पर प्रश्नपत्र अपलोड किए जा रहे हैं, जिसे स्कूल निर्धारित समय पर डाउनलोड कर उपयोग कर रहे हैं। इस बार परीक्षा प्रणाली में एक और बड़ा बदलाव किया गया है। पूर्व में तीसरी से आठवीं कक्षा तक छात्रों को प्रश्नपत्र सह उत्तरपुस्तिका दी जाती थी, लेकिन इस वर्ष इसे समाप्त कर दिया गया है। अब विद्यार्थियों को उत्तर लिखने के लिए सादी कॉपियां दी जा रही हैं। शिक्षा विभाग ने प्रश्नपत्रों की छपाई बंद कर पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित किया है। हालांकि नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन कई स्कूलों में बिजली और इंटरनेट की समस्या के कारण शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर प्रश्नपत्र मिलने के बाद शिक्षकों को जल्दबाजी में ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखने पड़ रहे हैं, जिससे समय और श्रम दोनों बढ़ रहे हैं।

### जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में दिनांक 14 मार्च 2026 तदनुसार मार्च माह के द्वितीय शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परममंगलमयी माता श्री की मंदिर सदस्यों एवं उपस्थित मां भक्तों द्वारा 12:00 बजे दिन में पूजा अर्चना कर खिचड़ी भोग लगाया गया एवं उसे लगभग 350 जरूरतमंदों के बीच जिसमें विशेष संख्या रिक्शा ठेला चालकों , स्कूली बच्चों एवं महिलाओं के थी, वितरण किया गया। परममंगलमयी माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा श्रीमती मंजू देवी धर्म पत्नी सुनील कुमार पिंटू विधायक सीतामढ़ी द्वारा की गई।

### फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रहे तीन शिक्षक बेनकाब, प्राथमिकी दर्ज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में शिक्षा विभाग में फजीर्वाड़े का एक बड़ा मामला सामने आया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की जांच में तीन शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाणपत्र जाली पाए जाने के बाद उनके खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच में परसौनी प्रखंड की कुमारी आरती रानी, बोखड़ा की रूना पासवान और बेलसंड के सुधांशु कुमार के प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। बताया गया कि आरती रानी और रूना पासवान के मध्यमा के अंकपत्र, जबकि सुधांशु कुमार के इंटरमीडिएट के प्रमाणपत्र जाली पाए गए, जिनके आधार पर वे वर्षों से शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और सरकारी वेतन ले रहे थे। निगरानी विभाग के निर्देश पर परसौनी थाना कांड संख्या 09/2026, बोखड़ा थाना कांड संख्या 10/2026 तथा बेलसंड थाना कांड संख्या 54/2026 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) मनीष कुमार ने संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों शिक्षकों को एक सप्ताह के भीतर चयनमुक्त किया जाए और कार्रवाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

## इफ्तार की दावत बनी भाईचारे की मिसाल

# समाज और मुल्क की सलामती की मांगी दुआ


इफ्तार कार्यक्रम में शामिल लोग ।

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रमजान के पाक महीने में आपसी भाईचारा और साम्प्रदायिक सौहार्द की अनोखी मिसाल सोनबरसा प्रखंड के विशनपुर आधार पंचायत में देखने को मिली। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. जिलानी ने मुशहरनिया स्थित अपने आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया, जिसमें दोनों समुदायों के बुद्धिजीवी, गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इफ्तार से पूर्व देश, समाज और मानवता की सलामती व खुशहाली के लिए दुआ की गई। इसके बाद सभी ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मो. जिलानी ने कहा कि इफ्तार केवल रोजा खोलने का अवसर नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ाने का माध्यम भी है। विभिन्न धर्मों के लोगों का एक साथ इफ्तार करना गंगा-जमुनी तहजीब की सच्ची मिसाल है। घुरघुरा हनुमाननगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. ज्याउद्दीन उर्फ तनु ने कहा कि रमजान का महीना नेकी और रहमत का महीना है और इस दौरान इफ्तार कराना बड़ा सवाब माना जाता है। कार्यक्रम में मौलाना जिकरूल्लाह, हारून रशीद, इसराईल राइन, प्रसाद महतो, भिखारी पासवान, विश्वनाथ पासवान, सदीक सेख, अकबर साह, शोले राइन, सोनेलाल बैठा, कय्यूम बैठा, क्रांति दर्जी, मौलाना सदरे आलम तूफानी, मुश्ताक, नईम सेख, इसलाम राइन, जमशेद राइन, हफीज साह, मेराज आलम, रहीम आलम, रहमत सेख, कुर्बान अली समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## यूपीएससी में सफलता पर सिद्धार्थ कृष्ण का नागरिक अभिनंदन


कार्यक्रम में आईपीएस सिद्धार्थ कृष्ण व उपस्थित गणमान्य ।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** यूपीएससी परीक्षा 2025 में 431वीं रैंक हासिल कर आईपीएस बनने वाले सिकंदरपुर निवासी सिद्धार्थ कृष्ण के सम्मान में सिकंदरपुर स्थित एक निजी सभागार में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सिद्धार्थ कृष्ण, महेश प्रसाद यादव और मृदुला यादव के पुत्र हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर उनके पिता महेश प्रसाद यादव (डीएसपी) और माता मृदुला यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में साहू भूपाल भारती, मनोज प्रसाद गुप्ता 'राजा', नाना पंचम राय, नानी कृष्णा देवी, मामा संजय किंकर, डॉ. अनीश, वार्ड पार्षद अमित रंजन, डॉ. रामबाबू यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अपनी खुशी व्यक्त की।

# जिला परिषद की सामान्य बैठक में 87.85 करोड़ रुपए का बजट

## कई विकास योजनाओं को मिली मंजूरी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला परिषद सीतामढ़ी की सामान्य बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में अध्यक्ष अदिती कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला परिषद के सदस्यों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित किया गया।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026झ्र27 के लिए 87 करोड़ 85 लाख रुपये के बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं और विकास योजनाओं को गति देने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जिला परिषद सामान्य निधि से लगभग 21 करोड़ रुपये की योजनाओं तथा पंचम राज्य वित्त आयोग मद से लगभग 8 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में पशुपालन निदेशालय के निदेर्शानुसार जिला परिषद की चयनित


बैठक में मंचासीन जिप अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त व अन्य ।

भूमि पर डॉग शेल्टर/पाउंड निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। वहीं बगही धाम में छठ घाट एवं हलेश्वर स्थान के पास सीसी सड़क निर्माण को मंजूरी दी गई, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

इसके अलावा जिला परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने, ग्रामीण सड़कों के विकास तथा कई स्थानों पर उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के प्रस्ताव भी स्वीकृत किए गए।

बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी तथा जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्ष अदिती कुमारी ने अधिकारियों को सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

# बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास पर एक दिवसीय प्रमंडलीय कार्यशाला आयोजित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** संयुक्त श्रम भवन, गन्निपुर स्थित उप श्रम आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर के सभागार में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु राज्य रणनीति एवं कार्य योजना 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला/सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप श्रम आयुक्त नीरज नयन, सहायक श्रमायुक्त राकेश रंजन (मुजफ्फरपुर), सहायक श्रमायुक्त सुबोध कुमार (बेतिया), श्रम अधीक्षक अजय कुमार (मुजफ्फरपुर), शशि कुमार सक्सेना (वैशाली), रमाकांत कुमार (सीतामढ़ी/पूर्वी चंपारण प्रभारी), विजय कुमार ठाकुर (शिवहर/पश्चिम चंपारण प्रभारी), जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उदय शंकर शर्मा सहित अन्य

**कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर, मोतिहारी और बेतिया जिले के सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने लिया**

अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला में मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) और पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिलों के सभी प्रखंडों में पदस्थापित श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने भाग लिया। उप श्रम आयुक्त नीरज नयन ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए राज्य कार्य योजना 2025 लागू की गई है, जिसमें


संयुक्त श्रम भवन, गन्निपुर में आयोजित कार्यशाला में उप श्रम आयुक्त व अन्य पदाधिकारी


कार्यक्रम में उप श्रम आयुक्त, विभिन्न जिलों के श्रम अधीक्षक व विभागीय पदाधिकारी

18 विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 एवं संशोधित 2016 की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों का स्थान स्कूल और खेल के मैदान में है, न कि होटल, ढाबा, मोटर गैरेज या फैक्ट्रियों में। तकनीकी सत्र में बाल श्रमिकों की मुक्ति, पुनर्वास और संबंधित कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध है, जिस पर 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुमार्ना या छह माह से दो वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत जरूरतमंद बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास और गोद लेने की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को किसी भी परिस्थिति में बाल मजदूरी नहीं कराने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही बताया गया कि बाल श्रमिकों की मुक्ति के दौरान उन्हें एक माह का राशन, वस्त्र हेतु 3000 रुपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 हजार रुपये

## जटिल प्रसव के दौरान गर्भाशय फटने का मामला, डॉक्टरों की सूझबूझ से बची महिला की जान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सदर अस्पताल सीतामढ़ी में शनिवार को एक अत्यंत जटिल प्रसव के दौरान गर्भाशय फटने का आपातकालीन मामला सामने आया, जिसमें डॉक्टरों की त्वरित कार्रवाई और बेहतर टीमवर्क से महिला की जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार सुरसंड प्रखंड के एक गांव की सुमित्रा देवी (बदला हुआ नाम) को शनिवार दोपहर गंभीर अवस्था में प्रसव के लिए सदर अस्पताल लाया गया। ऑन ड्यूटी महिला चिकित्सक डॉ. माधुरी रानी ने मरीज की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उसे ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कराया। मरीज का पूर्व में दो बार सिजेरियन ऑपरेशन हो चुका था। जांच के दौरान खून की कमी और रक्तचाप अत्यधिक बढ़ा हुआ पाया गया। साथ ही मरीज पूर्ण प्रसव अवस्था (फुल डायलटेशन) में थी, जिसके कारण उसे अन्यत्र रेफर करना संभव नहीं था। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार के निर्देश पर परिजनों को स्थिति से अवगत कराते हुए जोखिम उठाकर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। अस्पताल प्रशासन द्वारा तुरंत रक्त की व्यवस्था भी कराई गई। इसी दौरान ऑपरेशन टेबल पर ही मरीज को अचानक ह्लचमकीह्व (दौरे) आने लगे, जिसके बाद तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाया गया। आईसीयू इंचार्ज डॉ. मृत्युंजय कुमार भी ऑपरेशन के दौरान मौजूद रहे। मरीज की स्थिति को देखते हुए जांच के लिए पेट का ऑपरेशन (एक्सप्लोरेटरी लैप्रोटॉमी) किया गया। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज को तुरंत आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के अनुसार अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। इस जटिल ऑपरेशन में क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. परवेज और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. माधुरी रानी की अहम भूमिका रही। वहीं डीएनबी पीजी छात्र डॉ. अभय, डॉ. ऋचा, डॉ. श्वेता, डॉ. अविनाश और डॉ. आशुतोष भी इस दौरान मौजूद रहे।

## ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा कर्मचारी यूनियन ने किया दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बैरिया स्थित ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा कर्मचारी यूनियन के तत्वावधान में यूनियन कार्यालय परिसर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। यूनियन के अध्यक्ष एआर अन्नु और महासचिव मो. इलियास ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमर पासवान, राजद प्रदेश महासचिव जयशंकर प्रसाद यादव, साहू भूपाल भारती, रमेश गुप्ता, शीतल गुप्ता, सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार झा, मो. शहजाद, संजय राय, चंद्रभूषण झा सहित विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# विवादों के समाधान का सशक्त माध्यम है राष्ट्रीय लोक अदालत : निरीक्षी न्यायाधीश

## लोक अदालत में हार-जीत नहीं, सहमति से होता है विवादों का निपटारा : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में हुआ, जिसका उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के निरीक्षी न्यायाधीश राजेश कुमार वर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय इसरार अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दुबे तथा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शेषनाथ कुंवर ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कियास कार्यक्रम का संचालन एसीजेएम श्वेता सिंह ने किया।निरीक्षी न्यायाधीश राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि जब तक समाज है, तब तक विवाद भी रहेंगे, लेकिन उनके समाधान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत एक सशक्त और प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि पक्षकार आपसी सहमति और समझदारी से लोक


उद्घाटन करते मुख्यातिथि व अन्य।


प्रमाण पत्र देते न्यायाधीश गण।

अदालत के माध्यम से अपने विवादों का सरल और त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।वही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से होने वाले निपटारे में न किसी की हार होती है और न किसी की जीत, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से सौहार्दपूर्ण समाधान होता है।

वहीं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय इसरार अहमद, महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दुबे तथा अध्यक्ष शेषनाथ कुंवर ने भी लोक अदालत की उपयोगिता पर प्रकाश डालास वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि लोक अदालत भारत की न्याय व्यवस्था का एक प्रभावी और मानवीय तंत्र है, जिसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित, सस्ता और सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का अवसर दिया जाता है, जिससे न्यायालयों का भार कम होता है और समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द भी बढ़ता है।कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के तहत सात महिलाओं को सम्मानित किया गया।

वहीं अनुसूचित जाति कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लाभुकों को विक्टिम कम्पनसेशन के तहत आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किए गए तथा पांच दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई।

राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया था, जिनमें सदर न्यायालय में 22, अरेराज में एक तथा ढाका में चार बेंच शामिल थे। लोक अदालत में कुल 1000 न्यायालयीय वादों तथा 2000 बैंक से संबंधित मामलों का समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया। इसके साथ ही माप-तौल विभाग से 92 हजार रुपये की वसूली की गई तथा बैंकों के माध्यम से लगभग 7 करोड़ रुपये का समझौता कराया गया।

उल्लेखनीय है कि अरेराज न्यायालय में 30 वर्ष पुराने वादों का भी सफलतापूर्वक निपटारा किया गया।कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों में मुकुंद कुमार, रेशमा वर्मा, राजविजय सिंह, ब्रजेश कुमार, ऋचा भार्गव, सूर्यकांत तिवारी, विद्या प्रसाद (एडीजे), प्रसेनजीत सिंह, राहुल रंजन, गरीमा रानी, अविनाश कुमार, नसीम नजर (एसीजेएम), गौरव सिंह, तौसीफुल अंसारी तथा अलका पांडे (जेएमएफसी) सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यवसायी अपने प्रतिष्ठान में वैध लाइसेंस रखना करें सुनिश्चित : एसडीएम

## एसडीएम ने किया कृषि उत्पादन बाजार समिति, मोतिहारी का औचक निरीक्षण, अवैध व्यवसाय पर कार्रवाई

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी-सह-विशेष पदाधिकारी निशांत सिहारा एवं सहायक निदेशक (शस्य) सह जिला षि विपणन पदाधिकारी-सह-विशेष पदाधिकारी शशि कुमार गुप्ता द्वारा षि उत्पादन बाजार समिति (वि्), मोतिहारी का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान बाजार समिति के मुख्य द्वार पर ट्रक खड़ा कर व्यवसाय किया जा रहा था।

इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को तुरंत वहां से हटाया गया तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधि दोबारा पाए जाने पर


निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य।

कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गईस इसके अलावा बाजार समिति परिसर में धर्म कांटा के बगल में व्यवसाय कर रहे एक व्यवसायी को वहां से तत्काल व्यवसाय बंद करने का आदेश दिया गयास जांच के क्रम में बिना लाइसेंस के व्यवसाय कर रहे व्यवसायी विजय राय, जो अपने प्रतिष्ठान से अनुपस्थित पाए गए, के 25 बोरी प्याज को जब्त कर लिया गया।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने सख्त निर्देश दिया कि सभी व्यवसायी अपने प्रतिष्ठान में वैध लाइसेंस रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बाजार समिति परिसर में अवैध तरीके से व्यवसाय करते पाए जाने वाले कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने 860 ग्राम गांजा बरामद किया

**रक्सौल (एनएसबी)।** जिला पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के दिशा निर्देश पर सुखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीपीओ मनिष आनंद और पलनवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के पलनवा थाना अंतर्गत सौनाहा गांव निवासी बजरंगी कुमार के घर से छापेमारी कर 860 ग्राम गांजा बरामद किया।गांजा के साथ बजरंगी कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।उक्त गांजा नेपाल से लाकर अपने घर में बजरंगी रखा था और घर से गांजा की खरीद बिक्री का काम कर रहा था।जिसकी सूचना मिलते ही छापेमारी कर बजरंगी कुमार को गिरफ्तार किया गया।इसकी जानकारी पलनवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने दिया।

# मेगा कैंप में जीविका पहाड़पुर का परचम

## परियोजना प्रबंधक ईश्वर चंद्र कुशवाहा सम्मानित

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** जिले में आयोजित मेगा कैंप के दौरान जीविका पहाड़पुर ने अपनी उत्ष्ट उपलब्धियों का परचम लहराया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक ईश्वर चंद्र कुशवाहा को उनके बेहतर कार्य, उत्ष्ट प्रदर्शन और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए ब्ळड सर के हाथों सम्मानित किया गया।बताया जाता है कि पूरे जिले में बेहतर कार्य करने वाले चुनिंदा प्रखंडों को ही यह विशेष सम्मान दिया गया, जिसमें पहाड़पुर प्रखंड भी शामिल रहा।

जीविका पहाड़पुर को जिले के टप परफर्मर के रूप में स्थान मिलना प्रखंड के लिए गर्व और गौरव की बात मानी जा रही है।जीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में पहाड़पुर प्रखंड की भूमिका सराहनीय रही है।

इसी समर्पण और मेहनत के कारण पहाड़पुर प्रखंड ने जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है।सम्मान समारोह के दौरान अधिकारियों ने कहा कि जीविका पहाड़पुर की टीम ने जिस लगन, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है, वह अन्य प्रखंडों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। ठच्ड ईश्वर चंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पूरी टीम ने उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी मजबूत पहचान कायम की है।

इस उपलब्धि के बाद जीविका से जुड़ी महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तथा स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। सभी ने इस उपलब्धि को पहाड़पुर प्रखंड के लिए गौरव का क्षण बताया और ठच्ड ईश्वर चंद्र कुशवाहा सहित पूरी टीम को बधाई दी।स्थानीय लोगों का कहना है कि जीविका पहाड़पुर की यह सफलता आने वाले समय में और भी बेहतर कार्यो के लिए प्रेरित करेगी तथा प्रखंड में विकास की नई दिशा तय करेग।

यह सम्मान न केवल जीविका टीम की मेहनत का परिणाम है, बल्कि पूरे पहाड़पुर प्रखंड की सामूहिक उपलब्धि भी है।

### 1-0 से झारखंड को मात देकर यूपी बना चैंपियन

# यूपी ने दूसरे हाफ में गोल दाग 1-0 से ट्राफी पर जमाया कब्जा

**चकिया (एनएसबी)।** महात्मा गांधी आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला शनिवार को स्थानीय गांधी मैदान में कोलहान सकर चाईबासा झारखंड व कंक्रीटो फुटबल क्लब कुशीनगर यूपी टीम के बीच हुआ। यूपी ने झारखंड को 1-0 से मात देकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। पहले हाफ के निर्धारित समय तक दोनों टीमों में कांटे की टक्कर हुई। पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें शून्य पर रही। दूसरे हाफ में मैदान में उतरी दोनों टीमों में कांटे की टक्कर जारी रही।

> **फुटबाल टूर्नामेंट**
> महात्मा गांधी आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला

इसी बीच मौका पाकर यूपी के जर्सी नंबर 7 रिपुल बोरो ने 90वें मिनट में प्रथम गोल दागकर झारखंड को 1- 0 से हरा महात्मा गांधी अल इंडिया फुटबल टूर्नामेंट ट्रफी पर कब्जा जमा लिया। मैन अफ द मैच का पुरस्कार यूपी टीम के खिलाड़ी जर्सी नम्बर 7 रिपुल बोरो,बेस्ट गोलकीपर पुरस्कार यूपी टीम के जयराम चौधरी, मैन अफ द टूर्नामेंट यूपी के माइकल को, मैन अफ द डिफेंडर का पुरस्कार जर्सी नंबर 18 शीशष थापा को आयोजन समिति के मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया।

कमेंटेटर के रूप में रोहित सिंह स्कोरर सुकेश कुमार जबकि रेफरी मनीष कुमार,दिनेश कुमार गुप्ता, संतोष पांडेय,विशाल कुमार थे।मौके पर विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव,सभापति पवन सर्राफ,उप सभापति सुभाष कुमार,टूर्नामेंट अध्यक्ष हरजीत सिंह राजू, डीएसपी संतोष कुमार,अशोक यादव, जदयू नेता चंद्रभूषण प्रसाद,दाउद्ध आलम,राजन पटेल, सएम नासिर,सुभाष सहनी, ष्णा शर्मा,गौतम कुमार व अन्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# जसौली पट्टी में चंपारण सत्याग्रह महोत्सव की तैयारी शुरू

## स्वतन्त्रता सेनानी लोमराज सिंह की जन्मभूमि पर 25, 26 व 27 मार्च को महोत्सव, 20 से अधिक विभागों का लगेगा स्टाल

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी ने चम्पारण आगमन के बाद अपनी पहली यात्रा किसान नेता लोमराज सिंह के गांव जसौली पट्टी के लिए की थी। उस स्मृति में आयोजित होने वाले चम्पारण सत्याग्रह महोत्सव की तैयारी बैठक निधि कुमारी प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा की अध्यक्षता में हुई। सुश्री निधि ने बताया कि बिहार सरकार के कला संसति विभाग एवं अनुमंडल प्रशासन सदर के नेतृत्व में 25,26 एवं 27 मार्च को चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि महोत्सव का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलेव इसके लिए गांव गांव में प्रचार प्रसार जरूरी है। बैठक की शुरुआत सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार बैठक में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और महोत्सव एवं गांव के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि गांधी जी चम्पारण आगमन के बाद पहली यात्रा जसौली पट्टी के लिए की थी उस स्मृति में 2000 ई से किया जाता है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पाण्डेय ने कहा कि महोत्सव को आकर्षक बनाने में स्थल पर मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित करने के लिए बैठक में


बैठक में भाग लेते अधिकारी।

> **महात्मा गांधी ने चम्पारण आगमन के बाद अपनी पहली यात्रा किसान नेता लोमराज सिंह के गांव जसौली पट्टी के लिए की थी**

आवश्यक बिंदुओं पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा की गयी। महोत्सव के अवसर पर तीनों दिन स्वास्थ विभाग,परिवहन विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका,बाल विकास परियोजना, उत्पाद, डाक विभाग, पशुपालन विभाग, उद्योग विभाग, अगिसम, आपूर्ति विभाग, बिजली विभाग, मत्स्य विभाग, प्रखण्ड एवं राजस्व विभाग, षि विभाग, सामाज कल्याण विभाग, जी राम जी के साथ अन्य विभागों द्वारा स्टल लगाया जाएगा जहां आम लोग सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन आदित्य मानस ने कीस मौके पर जिला अपर अगि शमन पदाधिकारी जयजय राम मंडल, प्रभारी पदाधिकारी कला संसति फहद सिद्दिकी, परिवहन विभाग के संजय कुमार, ड गौरव, थानाध्यक्ष करण सिंह,प्रखण्ड षि पदाधिकारी विकास कुमार,संजय पाण्डेय ,अरुण पाण्डेय, मुखिया प्रतिनिधि संतोष सिंह, पूर्व मुखिया कमलेश कुमार सिंह,पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,रमाकांत पाण्डेय, रामश्रेष्ठ बैठा, अशोक कुमार सिंह ,मनीष कुमार, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित हो कर महोत्सव को सफल बनाने में सुझाव और हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बलुआ एकवना में चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**पहाड़पुर ( एन एस बी)।** थाना क्षेत्र के बलुआ एकवना इलाके में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बड़ा लगूनिया गांव निवासी वीरेंद्र सिंह के पुत्र रूपेश सिंह (27 वर्ष) के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़पुर पुलिस नियमित गश्ती के दौरान बलुआ एकवना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध स्थिति में दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर बाइक के कागजात की मांग की तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।पुलिस द्वारा जांच किए जाने पर मोटरसाइकिल चोरी की होने की आशंका पाई गई। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से ठत 05 फ 7478 नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष अजय कुमार ने किया, जबकि पुलिस टीम में पीएसआई सूरज बैठा भी शामिल थे। पुलिस ने आरोपी को थाने लाकर आवश्यक पूछताछ की और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल कहां से चोरी की गई थी, इसकी जांच की जा रही है तथा मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश जारी है।

### आईसीपी में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रक्सौल(एनएसबी)** इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) रक्सौल परिसर में शनिवार को एक दिवसीय मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रक्सौल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें आईसीपी से जुड़े विभिन्न विभागों के कर्मियों तथा ट्रक चालकों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर में कस्टम, इमिग्रेशन, कार्यालय कर्मियों के साथ-साथ ट्रक चालकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड ग्रुप की जाँच की गई। शिविर में करीब 150 से अधिक लोगों की निरूशुल्क स्वास्थ्य जाँच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श के साथ मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईंस आईसीपी रक्सौल के प्रबंधक कुमार राजीव रंजन ने बताया कि आईसीपी केवल आयात-निर्यात की सुविधा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर स्वास्थ्य जाँच शिविर सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैंस स्वास्थ्य जाँच शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रक्सौल के प्रभारी ड़ राजीव रंजन एवं वरीय चिकित्सा पदाधिकारी ड़ अमित जायसवाल के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने लोगों की जाँच की। टीम में एएनएम इंदु कुमारी, नीरज कुमारी के साथ स्वास्थ्यकर्मी रवींद्र कुमार और नवीन कुमार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### 4 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म

**पहाड़पुर ( एन एस बी)।** थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां चार वर्षीय एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना गुरुवार की शाम की बताई जा रही है, जिसके बाद पूरे इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार, बच्ची जब शाम के समय घर पहुंची तो वह लगातार रो रही थी। परिजनों ने जब उससे रोने का कारण पूछा तो उसने रोते-रोते अपने साथ हुई पूरी घटना की जानकारी दी। यह सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए और घर में मातम जैसा माहौल बन गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन बच्ची को तुरंत इलाज के लिए पीएचसी पहाड़पुर लेकर पहुंचे। वहां मौजूद डक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन बच्ची की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में बच्ची का मेडिकल जांच कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में लोगों के बीच आक्रोश और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन भी सक्रिय हो गया। अरेराज डीएसपी रवि कुमार और पहाड़पुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की गहन जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

### यूपीएससी में सफलता मिलने पर स्वागत

**फेनहारा।** मोतिहारी जिला के फेनहारा प्रखंड के लाल विवेक कुमार पुत्र अवधेश बैठा ने यूपीएससी परीक्षा 882रैंक लाकर प्रखंड एवं जिले का नाम रौशन किया है। विवेक अपने घर पहुँचा फेनहारा प्रखंड के लोगों ने गाजे बाजे एवं फूल माला के साथ किया स्वागत सैकड़ों गाड़ी से लोगों ने प्रखंड के देवकुलीय चौक पर स्वागत किया और फेनहारा बजार तक गाजे बाजे के साथ ले जाया गया विवेक ने उक्त सफलता अपनी दूसरे प्रयास में हासिल किया है। विवेक ने दसवीं तक पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय मोतिहारी से करने के उपरांत पुणे से 12वी की परीक्षा पास किया। उन्होंने आई आई टी बम्बे से इंजीनियरिंग कर दो साल तक नौकरी भी किया। फिर उन्होंने नौकरी छोड़ दिल्ली में। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी प्रारम्भ करते हुए दूसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर लिया है।विवेक के पिता अवधेश बैठा फेनहारा में प्रखंड में शिक्षक है वहीं उनकी माता सोनी देवी गृहिणी है।विवेक की बहन कुमारी शिल्पी भी गोविंदवारा ग्राम में ही शिक्षिका है।विवेक के छोटे भाई रोहित कुमार आईजीआईएमएस पटना से एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र है। स्वागत समारोह में पैक्स अध्यक्ष अमजद कमाल उर्फ संबिल, मोनू कुमार आजाद, ब्रजेश कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ता ही जनसुराज पार्टी का मेरुदंड है : संजय ठाकुर

**केसरिया(एनएसबी)** जनसुराज पार्टी की शनिवार को केसरिया में एक कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला संगठन के विस्तार और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के चंपारण प्रक्षेत्रीय मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा कि जल्द ही जिला स्तरीय संगठन का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक प्रखंड से एक-एक जिला उपाध्यक्ष और एक-एक जिला सचिव बनाए जाएंगे, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि पार्टी के कर्पूरी मंच, युवा प्रकोष्ठ सहित कुल नौ प्रकोष्ठों के लिए भी प्रत्येक प्रखंड से एक-एक जिला उपाध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी, जिससे संगठन की गतिविधियां और अधिक सक्रिय हो सकें। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया तथा कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारों को आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई। इस दौरान संजय कुमार ठाकुर ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और भाजपा ने नीतीश कुमार को केवल मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया है। बैठक में जिलाध्यक्ष रवींद्र सिंह बेरुआर, जिला महासचिव अभय कुमार शर्मा, विजय कुशवाहा, मो़ मिहनाज, अशोक राम, विनोद साह, रूपम मिश्रा, मनीष पाठक, शक्तिभूषण सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 25 अपराधिक मुकदमो का निपटारा

**अरेराज(एनएसबी) ।** अनुमंडल के व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह पीठासीन पदाधिकारी उपेन्दर साह की उपस्थिति में लोक अदालत का आयोजन किया गया।.जिसमे सुलहनीय योग्य कुल पच्चीस आपराधिक मुकदमों का निपटारा अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह पीठासीन पदाधिकारी उपेन्द्र साह ने गैर न्यायिक सदस्य व संबंधित अधिवक्ताओं की उपस्थिति में कियास पीठासीन पदाधिकारी श्री साह ने दोनो पक्षों के कागजात व सुनवाई के उपरांत अनुमंडल क्षेत्र के पहाड़पुर,मलाही,हरसिद्धि,व गोविंज थाना के सुलहनिय योग्य पच्चीस फौजदारी मुकदमों का निपटारा किया़अपराधिक मामलों का निपटारा हो जाने से दोनों पक्षों के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए न्यायालय के प्रति विश्वास जताया.लगभग तीस वर्षो से चल रहे पुराने तीन मुकदमों का निपटारा हो जाने से पहाड़पुर,अरेराज ,व गोविंज क्षेत्र के दोनों पक्षों ने पीठासीन पदाधिकारी की सराहना करते बिपिन गिरी जो 138एन आई एक्ट के मुदालह थे नहीं थक रहे थे स. मौके पर अभियोजन पदाधिकारी कवलजीत शेखर,पीएलवी रविन्द्र कुमार साह,गैर न्यायिक सदस्य सुरेश पांडेय,कार्यालय सहायक पंकज कुमार,सुबोध कुमार,सहित अन्य न्यायालय कर्मी,अधिवक्ता व दोनो पक्षकार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 25.875 लीटर विदेशी शराब बरामद, छह गिरफ्तार

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक सीएनजी टेम्पू से 25.875 लीटर विदेशी शराब बरामद कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सलखुआ की ओर से एक टेम्पू में अवैध शराब लाकर बनमा चैक की ओर ले जाया जा रहा है। इसके बाद सअनि ईश्वर दयाल सिंह पुलिस बल के साथ हनसारी मोड़, परसाहा के पास वाहन जांच में जुट गए। इसी दौरान सलखुआ की ओर से आ रहे सीएनजी टेम्पू को रोकने का प्रयास किया गया, तो उसमें सवार लोग भागने लगे।



पुलिस ने खदेड़कर सभी छह लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार लोगों में श्रवण कुमार, राजीव शर्मा, मिथिलेश शर्मा, रविंद्र चैधरी (सभी ग्राम सितुआहाँ बांध, थाना सलखुआ), मिथिलेश यादव (ग्राम महादेव मठ, थाना सलखुआ) तथा इजामुल ग्राम पिपरा खैरबा पार, थाना चैथम, जिला खगड़िया शामिल हैं। तलाशी के दौरान टेम्पू की सीट के नीचे छिपाकर रखे तीन प्लास्टिक बैग से 22 बोतल 750 एमएल एम्पीरियल ब्लू, 11 बोतल 750 एमएल अप्सरा च्वाइस और 3 बोतल 375 एमएल एम्पीरियल ब्लू बरामद की गई। कुल शराब की मात्रा 25.875 लीटर पाई गई। पुलिस ने टेम्पू (बीआर34पी-6933) को भी जब्त कर लिया। इस संबंध में बनमा ईटहरी थाना कांड संख्या 61/2026 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) में प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के लिए सहरसा न्यायालय भेज दिया गया है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 पंचायत सरकार भवन तरियमा में आयोजित।

**सहरसा (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा अन्तर्गत सिमरी पूर्वी मंडल में आयोजित ल्लपंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026ल्ल पंचायत सरकार भवन तरियमा में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र को



संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वह राष्ट्रवादी विचारधारा है, जो सुशासन, अंत्योदय और सर्वांगीण विकास को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार मानती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकत्त्राओं को संगठनात्मक रूप से दक्ष और वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकत्त्राओं को जनसेवा और संगठन की कार्यपद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सिमरी पूर्वी मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित इस मंडल कार्यशाला में प्रदेश ओबीसी मोर्चा के संजीव भगत जी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला प्रवक्ता अभिलाष कुमार, अमर यादव, मिस्टर झा जी, संजीव जयसवाल जी, तरियमा के पूर्व मुखिया नारयाण साह, दिलीप साह, अजीत आगरकर, प्रदीप साह, पवन दास जी, अभिमन्यु गुप्ता, गोपाल भगत आदि सम्मानित पार्टी पदाधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सहरसा में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य उद्घाटन, आमजन को सुलह-समझौते के लिए किया गया प्रेरित

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला अधिकारी दीपेश कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार एवं उपस्थित वरीय पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के माननीय न्यायाधीशगण भी सम्मानपूर्वक उपस्थित रहे। इस अवसर पर आमजन को सुलह-समझौते के माध्यम से अपने मामलों का त्वरित एवं सरल निपटारा कराने के लिए प्रेरित किया गया। सहरसा पुलिस न्यायिक प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आम



नागरिकों को सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को बिना लंबी न्यायिक प्रक्रिया के आपसी सहमति से मामलों के समाधान का प्रभावी मंच प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में दर्जनों गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### कोशी दिशा केन्द्र में दिव्यांग 20 बच्चों के बीच परिवहन भत्ता राशि का वितरण।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति द्वारा संचालित कोशी दिशा केन्द्र में शनिवार को नामांकित मानसिक मंदता श्रेणी के दिव्यांग 20 बच्चों के बीच परिवहन भत्ता राशि का वितरण किया गया।जिसके अंतर्गत माह फरवरी 2026 का लाभार्थी परिवहन भत्ता की राशि 1000 रू० का चेक सभी बच्चों के बीच मोहन कुमार अध्यक्ष सह बोर्ड सदस्य राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार के द्वारा वितरण किया



गया। इस अवसर पर केन्द्र विशेष शिक्षक दयानंद कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ अबु सालह, काउंसलर सुनील कुमार ठाकुर, केयर गिभर डाली कुमारी, आया पुनम देवी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने सभी बच्चों के अभिभावकों को जानकारी दी गई है कि संस्थान द्वारा सभी मानसिक मंदता श्रेणी के दिव्यांग बच्चों का राष्ट्रीय न्यास के निरामया योजना के अन्तर्गत लाभान्वित करवाने हेतु निरामया कार्ड का नवीनीकरण हेतु राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार को शुल्क के साथ आवेदन भेजा गया है। शीघ्र ही निरामया योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य कार्ड केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। तदुपरांत एक लाख रुपए तक इलाज का दवाई का शिल्प, डॉ का पर्ची उपलब्ध कराने पर राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार द्वारा राशि अभिभावकों के बैंक खाते में उपलब्ध कराई जाएगी ताकि दिव्यांग बच्चों का उपचार हो सके।

### बापू बाल विकास विद्यालय सिमराहा 30 में 28 छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** स्थानीय सिमराहा स्थित बापू बाल विकास विद्यालय सहरसा के ने एन टी ए द्वारा आयोजित सैनिक प्रवेश परीक्षा 2026 में सुपर 30 के तर्ज पर 30 में से 28 परीक्षार्थी सफलता हासिल किए। निदेशक मनोज मनोहर ने बताया कि विद्यालय के योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के निर्देशन में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय एवं अपने माता पिता अभिभावकों का नाम रौशन किया है। उन्होने बताया कि विद्यालय से 30 आवेदन में 27 वर्ग षष्ट्म से और 03 आवेदन वर्ग नवम् से किया गया था। जिसमें वर्ग षष्ट्म में 27 में 25 परीक्षार्थी और वर्ग नवम् में 03 में 03 परीक्षार्थी सफल रहे। जिसमें मोहित राज प्रियदर्शी 300 में 282, राजकुमार 263, दीपनारायण हँसदा 260, रविश कुमार



241, आदित्य कुमार 239, पूजा कुमारी 238, दिव्य परासर 237, प्रणव प्रकाश 236, सोनू कुमार 234, सुमन टुडू 233, सार्थक रंजन 223, पुष्कर 210, रोशन कुमार 209, राज आर्यन 207, आर्यन 193, मधुकर हँसदा 187, ज्ञानशु राज 179, आदित्य आनंद 176, केशव आनंद 176, ईशिका रानी 174, सुधांशु कुमार 172, आयुष कुमार 172, साक्षी कुमारी 170, रजनीश कुमार 141 और निलेश कुमार 107 अंक प्राप्त कर लिखित परीक्षा में क्वालीफाई किया है। वर्ग नवम् में शिवम कुमार 214, अंशु कुमारी 200 और प्रेमनारायण कुमार 187 अंक लाकर लिखित परीक्षा में क्वालीफाई किया है। ज्ञात हो कि इस विद्यालय से 300 से अधिक छात्र-छात्रा सैनिक स्कूल में दाखिल हो चुके हैं। इस विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्रा नवोदय में दाखिला ले चुके हैं और सिमुलतला में 100 से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं।

# गैंगवार में गोलियों से भून कर छोटू मिश्रा की हत्या

## बाइक सवार चार पांच अपराधी पर लगा हत्या का आरोप ● 12 खोखा हुआ बरामद, हत्या और आर्म्स एक्ट का था आरोपी

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** शुक्रवार की देर रात लगभग 10 बजे सदर थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी मोहल्ला स्थित मीरा सिनेमा हॉल के निकट घर से बुलाकर ले गए छोटू मिश्रा को गोलियों से भून दिया गया। उनके ऊपर लगभग 12 राउंड गोली चलाई गई। जो उनके शरीर के कई हिस्सों में लगी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।जिसकी सूचना उनके साथ मौजूद अन्य मित्रों ने उनके परिजनों और सदर थाना को दिया। जिसके बाद घटनास्थल पर जहां मृतक के परिजन पहुंचे। वहीं सदर थाना पुलिस टीम भी पहुंची। फिर देर रात ही सदर एसडीपीओ के साथ एफएसएल की टीम, डीआईयू की टीम के साथ डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। जहां इर्द-गिर्द लगे कई दर्जन सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की तलाश की जा रही थी। घटना में सामिल अपराधियों को भी चिन्हित किए जाने का प्रयास किया जा रहा था। मृतक के बड़े भाई आशीष कुमार झा ने बताया कि वे मूल रूप से सुपौल जिला के



मृतक सतीश कुमार झा उर्फ छोटू मिश्रा।

बलहा गांव निवासी हैं। लेकिन वर्तमान में वे लोग सहरसा सदर थाना क्षेत्र के विद्यापति नगर, फकीर टोला, वार्ड नंबर - 16 में रहते हैं। उनके भाई और जागेश्वर झा के छोटे पुत्र सतीश कुमार झा उर्फ छोटू मिश्रा को रात के 10 बजे कुछ मित्र घर से बुलाकर मीरा सिनेमा टॉकीज रोड तक ले गए थे।जहां पूर्व से खड़ी उनकी थार गाड़ी के निकट दो तीन बाइक पर सवार चार-पांच अपराधी अचानक पहुंचे। वे लोग उनके ऊपर लगातार गोलीबारी कर दिया। जिनसे उनके शरीर के कई हिस्से पर गोली लगी।वे वहीं गिर पड़े। जिसकी सूचना उन्हें दी गई। जिसके बाद वे अपने पिता सहित अन्य परिजन के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।सदर थाना पुलिस टीम को भी सूचना दी गई। आनन-फानन में उन्हें गांधी पथ स्थित निजी नर्सिंग होम ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद सदर अस्पताल में उनका पोस्टमार्टम कराया गया था।उन्होंने आगे बताया कि चार-पांच की संख्या में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर उनकी हत्या की थी। घटनास्थल के इर्द-गिर्द कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस अगर गहनता से जांच करें तो सभी अपराधी चिन्हित होंगे। किसी निरपराध पर कोई कार्रवाई नहीं हो और कोई भी अपराधी बचे नहीं। उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाए।उन्होंने आगे बताया कि हत्या से पूर्व छोटू मिश्रा के साथ उनके मित्र रोशन सिंह, गांधी कुमार यादव और एक अन्य अज्ञात लड़के भी मौजूद थे। लेकिन वे सभी अभी उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में पुलिस से उम्मीद है कि वे गहनता से जांच कर घटना में शामिल सभी आरोपियों पर कार्रवाई करें।एसपी हिमांशु ने बताया कि देर रात आर्म्स एक्ट और हत्या के कई मामलों में आरोपी सतीश कुमार झा उर्फ छोटू मिश्रा को गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर उनके निर्देश पर सदर एसडीपीओ आलोक कुमार, सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, एफएसएल की टीम, डीआईयू की टीम और डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा जांच करवाया गया था। जिसके बाद वे भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच किया था। घटनास्थल के इर्द-गिर्द लगे सीसीटीवी फुटेज की तलाश की जा रही है। मृत युवक के ऊपर हत्या और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज थे। संभावना है कि आपसी विवाद में ही उनकी हत्या की गई है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। वहीं उक्त घटना में एक अन्य युवक के भी घायल होने की मिल रही सूचना पर उन्होंने बताया कि फिलहाल ऐसी कोई सूचना नहीं मिल रही है। लेकिन सभी बिंदुओं पर जांच हो रही है। घटनास्थल से 12 खोखा बरामद किया गया था। सभी संभावित परिस्थितियों पर नजर रखी जा रही है। जल्द ही घटना का उद्भेदन होगा। सभी अपराधी की गिरफ्तारी की होगी।

## प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में बाल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी प्रशिक्षण आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में बाल संरक्षण के विषय पर आयोजित एक दिवसीय विचार-गोष्ठी-सह-संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को प्रेक्षा गृह के सभा कक्ष में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल के जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित तीनों जिले के सिविल सर्जन, शिक्षा विभाग के अधिकारी,




बैठक में आयुक्त, डीएम, एसपी, डीडीसी व अन्य।

पुलिस उपाधीक्षक, श्रम अधीक्षक, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला खेल पदाधिकारी सहित बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय परिषद एवं बालकों के आवासन से संबंधित संस्थाओं के प्रधान सहित सभी शेयरधारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से आयुक्त, कोशी प्रमंडल एवं तीनों जिलों के जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन अभिभाषण में आयुक्त, कोशी द्वारा आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए बताया कि बच्चों की सुरक्षा, देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास और उनके अधिकारों की प्रभावी सुनिश्चिता की दिशा में एक साझा, संस्थागत और उत्तरदायी पहल है। बाल संरक्षण एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि पुलिस, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय परिषद, जिला बाल संरक्षण इकाई, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चाइल्डलाइन, बाल देखरेख संस्थानों तथा जिला प्रशासन सहित सभी संबंधित विभागों की संयुक्त भूमिका आवश्यक है ।इसके पूर्व जिला पदाधिकारी, सहरसा द्वारा अपने उद्धोषण में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा सहित बाल संरक्षण के तहत विभिन्न योजनाओं यथा परवरिश, स्पॉनरशिप सहित अन्य योजनाओं की जानकारी एवं सहयोग की साथर्कता के बारे में बताया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से आए पदाधिकारी विकास कुमार एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में आए सुनील झा व भगवान पाठक द्वारा सभी प्रतिभागियों को किशोर न्याय अधिनियम, किशोर न्याय नियमावली के विभिन्न प्रावधानों, नियमों एवं कार्य में प्रयुक्त विभिन्न प्रारूपों की उपयोगिताओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आए हुए बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य के द्वारा सवालों का भी उत्तर भी रिसोर्स पर्सन द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, सहरसा के सहायक निदेशक बाल संरक्षण, बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं अन्य के द्वारा किया गया।

## विगत 26 वर्षों से विराट शिवगुरू महोत्सव 14 एवं 15 मार्च को निरंतर हो रह आयोजन : रमण प्रकाश

**सहरसा (एनएसबी)।** दो दिवसीय विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन शनिवार को सुपर मार्केट में भोलेनाथ के विधिवत पूजा अर्चना से हुई शुरू। कल तक होने वाले इस प्रोग्राम में बाहर से आए वक्ता ओर मशहूर भजन गायिका



उर्वशी एवं रामकिंकर जी, संजय शर्मा,महेश पांडे,चंद्रशेखर शर्मा ,कृपाशंकर जी ने महोत्सव में अपनी गायकी से श्रोताओं का मंत्रमुध कर दिया। हजारों की संख्या में इस महोत्सव में महादेव के प्रसाद खिचड़ी का अनवरत वितरण किया गया। जिसमें सुशील गुप्ता राजकुमार शाह, बंटी कुमार, राहुल कुमार, संजीव कुमार, आदि सक्रिय रहे। रमन प्रकाश सिंह के संचालन में एवं डॉक्टर आर के सिंह के देखरेख में प्रोग्राम विधिवत रूप से चल रही है। शिव शिष्य रमण प्रकाश ने बताया कि वगत 26 वर्षो से लगातार सुपर मार्केट सहरसा में बिराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विराट शिव गुरु पर एक अध्यात्मिक ज्ञान परिचर्चा राज्य स्तरीय संत महात्मा महापुरुष द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्य स्तरीय भजन सम्राट कलाकार पधारते हैं। कोशी सीमांचल क्षेत्र की एक मात्र शिवचर्चा जो एक तारीख में होते आ रहे हैं।यह महाकाल महादेव की असीम कृपा सहरसा की धरती सुपर मार्केट सहरसा है। सभी शिव शिष्य परिवार भक्तगण के सहयोग से बिराट शिव गुरु महोत्सव चल रही है। जिसमें सभी का सहयोग राशि चाहे कोई तन मन धन से सहयोग कर जिले के सुदूर गांव तक संदेश संकल्प लिया जाता है। संयोजक रमण प्रकाश सिंह, डा आरके सिंह, डा प्रभाकर, हरेंद्र सिंह मेजर, धरणी धर, अरूण कुमार मुन्ना, बंटी, शशि नाथ झा, इन्द शेखर, अरूण कुमार इत्यादि शिव शिष्य सहयोग सदैव करते हैं। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम 14 से 15 मार्च तक चलेगा। आज विधि-विधान पूजा के साथ बिराट शिव गुरु महोत्सव आरंभ किया गया। दूर दूर से आये भक्तगणों के साथ स्थानीय ही गुरू भाईयों के लिए अनवरत भंडारा का आयोजन किया गया है जो समाप्ति तक चलता रहेगा।

## पुलिस अधीक्षक हिमाषु ने किया यातायात थाना का औचक निरीक्षण

**सहरसा (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक हिमाषु ने षनिवार को यातायात थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना के अभिलेख, उपलव्ध संसाधनों एवं यातायात प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं का गहण अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को प्रभावी तकनीक सम्मत यातायात नियंत्रण के संबंध में आवष्यक दिषा-निर्देष दिया। इस मौके पर व्यवस्था और अधिक सुदढ़ तथा प्रभावी के उद्देष्य से 07 मैनपैक एवं मेगाफोन उपलब्ध कराए गए। जिससे तैनात पुलिस कर्मियों को त्वरित संचार स्थापित करने तथा आमजन को यातायात



नियमों के जागरूक करने में विषेष सहायता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा अनुसाषन तथा आधुनिक संचार उपकरणों के समुचित उपयोग के माध्यम से षहर में सुरक्षित, सुव्यवस्थित व सुगम यातायात व्यवस्था सुनिष्चित करने हेतु निर्देषत किया गया।

## राष्ट्रीय संयोजिका शारदा दीदी के पधारने पर आशीर्वचन कार्यक्रम का आयोजित

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र शांति अनुभूति भवन में संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय आबू राजस्थान से वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका शारदा दीदी के पधारने पर आशीर्वचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शारदा दीदी ने कहा कि आज समाज में व्याप्त समस्त बुराइयों का मूल कारण जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान एवं नैतिक मूल्यों का अभाव है। लोगों के अंदर इनके प्रति जागरूकता की



कमी और सद्मार्ग पर निरंतर चल पाने का नैतिक साहस न होना मानव मन को बुराइयों की तरफ और भी अधिक धकेलता जा रहा है। हम अपने वर्तमान मनोदशा की पहचान तभी कर सकते हैं जब हम अपने विचारों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। इसके लिए मन को अंतमुर्खी करना आवश्यक है। हमारी सब पर नजर है लेकिन स्वयं पर से नजर हटी हुई है। आध्यात्मिकता हमें यही सिखाती है कि बाहरी बातों से अपना बुद्धियोग हटाकर स्वयं पर केंद्रित करना। ऐसा करने से अनावश्यक बातों का प्रभाव हमारी मनोदशा पर नहीं पड़ता, वरन् हमारी सकारात्मक मनोदशा का प्रभाव बाहरी परिस्थितियों पर पड़ने लगता है। आज हम बाहरी परिस्थितियों के प्रभाव में दबते चले जा रहे हैं और हमारी स्व स्थिति बिगड़ती चली जा रही है। जब स्व स्थिति शक्तिशाली होगी तो परिस्थितियां स्वतः हमारे पक्ष में होती जायेंगी। हमारे अंदर हर परिस्थिति पर विजय प्राप्त करने की शक्ति है ऐसा हम अनुभव करने लगेंगे। ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा स्व सशक्तिकरण का ज्ञान विश्व भर में दिया जा रहा है जिसका लाभ लाखों भाई-बहन प्रतिदिन ले रहे हैं। स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी स्नेहा बहन ने सहरसा की धरनी पर पधारने पर उन्हें समस्त कोशी वासियों की ओर से आभार प्रकट किया।

# दो दिवसीय कोशी महोत्सव में स्थानीय व प्रसिद्ध कलाकारों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

## सारेगामा फेम जय झा, निलोफर शबनम व विनोद राठौर ने गायन से श्रोताओ को किया मंत्रमुग्ध

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के तहत आयोजित दो दिवसीय कोसी महोत्सव में बाहर से आये कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। प्रथम दिन शुक्रवार को उद्घाटन के बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा दी गयी प्रस्तुति से दर्शकों में उत्साह का संचार हुआ। जबकि अन्य स्थानीय कलाकारों ने एक से बढकर एक प्रस्तुति दी।इस अवसर पर स्वागत गान जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा के द्वारा गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम मे मौजूद पूर्व मंत्री आलोक रंजन, पूर्व मंत्री सह सोनबरसा विधायक रत्नेश सादा, जिलाधिकारी दीपेश कुमार, डीडीसी गौरव कुमार, एडीएम निशांत ,एसडीएम श्रेयांश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा के संयोजन व गायन पर काफी सराहना की।वहीं देर संध्या



उद्घाटन करते विधायक, पूर्व मंत्री, डीएम, डीडीसी।

सारेगामापा आइडल प्रतिभागी जय झा, उर्वशी ठाकुर एवं बॉलीवुड पाश्र्व गायिका निलोफर शबनम ने एक से बढकर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। महोत्सव के प्रथम दिन की मुख्य कलाकार अभिनव आकर्ष एवं जय झा की प्रस्तुति सुनने पंडालों में श्रोता सहित वरीय अधिकारी जमे रहे। उर्वशी ठाकुर ने पहली प्रस्तुति गजल चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है से की।वहीं जय झा ने लगन लगन तुमसे लगन लगी से शुरूआत की।जिसके बाद दर्शकों की मांग पर दर्जनों गीत की प्रस्तुति दी।मुस्कुराने की वजह तुम हो गुनगुनाने की वजह तुम हो, जीने के हैं चार दिन सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। जय झा के गीतों का असर ऐसा रहा कि कार्यक्रम के अंत तक श्रोता जमे रहे।वहीं बॉलीवुड पाश्र्व गायिका निलोफर शबनम ने गजल कजरा मुहब्बत वाला कजरे ने ली मेरी जान से शुरूआत कर दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। साथ ही झुमका गिरा रे, दमादम मस्त कलेंडर, अली का पहला नंबर सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी।वहीं दूसरे दिन शनिवार को को स्थानीय कलाकारों ने एक से बढकर एक प्रस्तुति दी। संध्या में बॉलीवुड पाश्र्व गायक विनोद राठौड़ एवं टीम की प्रस्तुति हुई।कोसी महोत्सव के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने श्रोताओं को झूमने पर विवश किया।साक्षी रंजन के शास्त्रीय नृत्य से दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

### कोशी महोत्सव के दुसरे दिन मिष्टी के नृत्य ने बांधा समां

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोसी महोत्सव 2026 के दूसरे दिन सहरसा स्टेडियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साह और तालियों से भर दिया। इसी क्रम में युवा नृत्यांगना कृतिका झा मिष्टी ने अपने आकर्षक



नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने लोकप्रिय गीत ...सजदा तेरा सजदा और ...मनमोहिनी तेरी अदा पर मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके भाव, लय और अभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही संगीत की धुन पर उनके कदम थिरके, पूरा स्टेडियम तालियों और उत्साह से गूंज उठा।

# जिला एवं अनुमंडल में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान हजारों मामले हुए निष्पादित

**सुपौल (एनएसबी)** । लोक अदालत के माध्यम से हजारो मामले निष्पादित किए गए । इस अवसर पर सुपौल न्यायमंडल में कुल 13 बेंचों का गठन किया गया था जिसमें सुपौल व्यवहार न्यायालय में 10 बेंचों तथा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय वीरपुर में 3 बैंचों का गठन किया गया। पक्षकारों के सुलभता एवं सहयोग के लिए कुल 4 हेल्प डेस्क जिसमें सुपौल में 2 तथा वीरपुर में 2 हेल्प डेस्क बनाए गए।

वैसे मामले जो व्यवहार न्यायालय में लंबित है का 182 आपराधिक वादों का दोनों पक्षों के सुलह समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया । जबकि टेलीफोन, बैंक, वित्तीय संस्थानों , ट्रैफिक चालान , वैवाहिक से संबंधित मामलों , इदे के धारा 126, महिला हेल्पलाइन अन्य के 1124 मामलों का निष्पादन किया गया ।


दीप प्रज्ज्वलित करते डीएम-एसपी व न्यायिक पदाधिकारी।


लोक अदालत के माध्यम से हजारो मामले निष्पादित किए गए ।

इस प्रकार प्री लिटिगेशन में 15732 वादों में 1124 वादों का निष्पादन हुआ जिसमें कुल समझौता राशि 2 करोड़ 92 लाख 58 हजार 2 सौ 40 रुपया का हुआ तथा पोस्ट लिटिगेशन में कुल 2690 वादों में 458 वादों का निष्पादन हुआ जिसमें कुल समझौता राशि 71 लाख 80 हजार रुपए का हुआ इस प्रकार सुपौल न्यायमंडल में प्री लिटिगेशन एवं पोस्ट लिटिगेशन में कुल 1582 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें कुल समझौता राशि 3 करोड़ 64 लाख 38 हजार 2 सौ 40 रुपए का हुआ । मोटर दुर्घटना में 7 वादों में 65 लाख रुपए, बैंक में 581वादों में समझौता राशि 2 करोड़ 83 लाख 2 हजार 1 सौ 84 रुपया, वित्तीय संस्थानों में 25 मामलों में समझौता राशि 4 लाख 600 रुपए, विद्युत अधिनियम के तहत दर्ज 106 वादों से 4 लाख 14 हजार रुपया का समझौता तथा ट्रैफिक चालान के 36 मामलों से 86,000 रुपए की समझौते के तौर पर वसूली की गई। इस लोक अदालत में ट्रैफिक चालान तथा वित्तीय संस्थानों के पक्षकारों ने बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए और अपने - अपने मामलों का खुशीपूर्वक निष्पादन कराया ।

## एसएसबी ने तस्करी के लिए लाए जा रहे 18 बैल को किया जब्त, तस्कर फरार

**सुपौल (एनएसबी)** । भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी की गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल , बीरपुर के सीमा चौकी नरपतपट्टी द्वारा नाका ड्यूटी के दौरान 18 बैलों को जब्त किया गया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी जगदीश कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा चौकी नरपतपट्टी के कार्य क्षेत्र से मवेशियों की तस्करी होने की संभावना है। प्राप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी नरपतपट्टी के जवानों द्वारा नियमित नाका ड्यूटी के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 219/30 के समीप, ग्राम रूपौली के पास (भारत की ओर लगभग 01 किलोमीटर अंदर) संदिग्ध गतिविधि देखी गई। जवानों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि कुछ व्यक्ति मवेशियों को लेकर नेपाल से भारत की ओर आ रहे थे। जैसे ही ड्यूटी पार्टी द्वारा उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया, वे अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद जवानों द्वारा उक्त स्थान की तलाशी लेने पर कुल 18 बैल बरामद किए गए, जिन्हें तस्करी के उद्देश्य से नेपाल से भारत लाया जा रहा था। जब्त किए गए सभी बैलों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत थाना भपटियाही को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में सशस्त्र सीमा बल के सहायक उप निरीक्षक मुन्ना सिंह के नेतृत्व में अन्य जवान शामिल थे।

# ईद को लेकर शांति समिति की बैठक, आपसी भाईचारे के साथ ईद का पर्व मनाने का निर्देश

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)।** थाना प्रांगण में शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विभाष कुमार के अध्यक्षता में एवं थानाध्यक्ष राकेश कुमार के मौजूदगी में ईद उल फितर ,चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।

बैठक को संबोधित करते अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विभाष कुमार ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि त्रिवेणीगंज में सभी धर्मो के लोग निवास करते हैं और यहां का इतिहास रहा है कि सभी लोग एक दूसरे के पर्व को आपसी भाईचारे में एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराते आ रहे हैं ।


बैठक में शामिल पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

उन्होंने कहा पर्व त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके एवं आपसी भाईचारे में मनाने की जवाबदेही हम सबों की है । हमें यह आशा और विश्वास है कि आप सभी पूर्व की तरह ही आगामी सभी पर्वो को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराएंगे । वक्ताओं ने भी यह आश्वासन दिया कि आगामी सभी पर्व हमलोग मिलजुलकर एवं आपसी भाईचारे के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराएंगे ।

इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष भुवनेश्वरी साह, उमाशंकर गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह मुन्ना जी, बोधी यादव, शत्रुघ प्रसाद चौधरी, विवेक राज चौधरी, किशोरी प्रसाद गुप्ता, उमेश भगत, मो जहांगीर आलम, अनील यादव, अशोक यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# डीएम ने की स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास इत्यादि योजनाओं की समीक्षा

**सुपौल (एनएसबी)** । समाहरणालय, सुपौल स्थित लहटन चौधरी सभागार में सावन कुमार, भाप्रसे, जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अवयववार समीक्षा करते हुए कई दिशा निर्देश दिए गए है । जिसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक को शत प्रतिशत का इंट्री करने, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक को ग्राम पंचायत में संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का नियमित निरीक्षण करने, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक को एलएसबीए के तहत प्राप्त आवंटन का नियमानुसार दिनांक 17-03-2026 तक हर हाल में व्यय करने, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक को निर्माणाधीन सीएससी का कार्य पूर्ण कराते हुए नियमानुसार भुगतान करने, संबंधित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक को अपूर्ण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास प्लस एप, 2024 के माध्यम से प्रतीक्षा सूची निर्माण हेतु सर्वेक्षित जिन परिवारों का मनरेगा जब कार्ड की इन्ट्री लंबित है, उनके जब कार्ड की इन्ट्री प्रखंड मनरेगा कार्यालय से सहयोग प्राप्त करते हुए आवास सफ्ट पर एक सप्ताह के भीतर कार्य सुनिश्चित कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2024-25 एवं 2025-26 अन्तर्गत जिन 98 परिवारों को वासस्थल नहीं रहने के कारण स्वीकृति प्रदान नहीं की जा सकी है, उन्हें राजस्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं अथवा मुख्यमंत्री वासस्थल क्रय सहायता योजना अन्तर्गत अविलंब वासस्थल उपलब्ध करवाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से आवास का लाभ देने के संबंध में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि


बैठक में शामिल लोग।


बैठक में शामिल डीएम ।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2024-25 एवं 2025-26 अन्तर्गत जिन लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि प्रदान की गयी है, उनके द्वारा आवास निर्माण की अद्यतन स्थिति की जाँच करवायेंगे तथा जिन लाभुकों द्वारा प्लिंथ स्तर तक आवास निर्माण कर लिया गया है, उन्हें द्वितीय किस्त प्रदान करने हेतु निर्माणाधीन आवास का जियोटैग करवाना सुनिश्चित करवायेंगे।

इसी प्रकार द्वितीय किस्त प्राप्त जिन लाभुकों द्वारा छत स्तर तक आवास निर्माण कर लिया गया है, उन्हें तृतीय किस्त प्रदान करने हेतु निर्माणाधीन आवास का जियोटैग करवाना सुनिश्चित करवायेंगे।

जिन लाभुकों द्वारा अग्रिम किस्त पाने हेतु निर्धारित स्तर तक आवास निर्माण नहीं किया गया है, उन लाभुकों को आवास निर्माण हेतु प्रेरित करते हुए निर्धारित स्तर तक आवास निर्माण करवाना सुनिश्चित करवायेंगे ताकि उन्हें अग्रिम किस्त जा सके। 15 वीं वित्त आयोग एवं षष्ठम वित्त आयोग के अंतर्गत अवशेष राशि को शीघ्र व्यय करने का निदेश दिया गया।

## खबरें : एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के हुलास पंचायत स्थित विश्वकर्मा चौक के समीप शनिवार की संध्या एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल राघोपुर पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। घायलों की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के छिट दुबियाही वार्ड संख्या 19 निवासी बाबूचंद मंडल (28 वर्ष) एवं संजीत कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बाबूचंद मंडल के पिता बोकू मंडल ने बताया कि वे लोग हुलास गुदरी हाट आए थे। देर हो जाने के कारण उनका पुत्र उन्हें हाट से घर ले जाने के लिए बाइक से आया था। इसी दौरान हाट के समीप पहुंचते ही एक अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को उठाकर रेफरल अस्पताल राघोपुर पहुंचाया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने बताया कि संजीत कुमार के दोनों पैर टूट गए हैं और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह कोमा में चला गया है। वहीं बाबूचंद मंडल का भी बायां पैर टूट गया है तथा सिर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को पुलिस वाहन से अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


अस्पताल में इलाजरत घायल।

### जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**सुपौल (एनएसबी)** । भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) से संबंधित जिला एवं चार्ज स्तर के अन्य शासकीय सेवकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला परिषद सुपौल के सभागार में सावन कुमार, जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलांतर्गत सभी प्रखंडों एवं नगर निकाय ( कुल 17 चार्ज) से अपर चार्ज जनगणना अधिकारी, जनगणना कार्य में संलग लिपिक शिक्षक, तथा आई टी सहायक या कार्यपालक सहायक ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्य की समयबद्धता एवं आंकड़ों की सटीकता पर विशेष ध्यान देने हेतु सभी प्रतिभागियों को निदेशित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी लेने पर बल दिया। जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना डिजिटल मोड में किया जाएगा, इसलिए यह प्रशिक्षण और भी महत्वपूर्ण है। विदित हो कि जनगणना 2027 का प्रथम चरण का कार्य दिनांक 02-05-2026 से 31-05-2026 तक प्रगणक द्वारा घर घर जाकर एंड्रयड मोबाइल के माध्यम किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक, एन ई पी, डी आर डी ए, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला जनगणना अधिकारी तथा जिला जनगणना कोषांग के सभी कर्मी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना निदेशालय से आए प्रशिक्षक श्री रमेश कुमार पाठक एवं श्री अनिल कुमार द्वारा दिया जा रहा है । यह प्रशिक्षण दिनांक 14-03-2026 से दिनांक 16-03-2026 तक चलेगा। तत्पश्चात दिनांक 17-03-2026 से दिनांक 19-03-2026 से जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियो का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएम सावन कुमार।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोग।

### बीडीओ-एमओ ने होटलों व गैस एजेंसी का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**राघोपुर (सुपौल)** । प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत को लेकर मचे हाहाकार के बीच शनिवार को प्रशासन हरकत में दिखा। जिलाधिकारी के निर्देश पर राघोपुर बीडीओ सतेंद्र कुमार यादव और एमओ अमर कुमार ने सिमराही बाजार स्थित विभिन्न होटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि अधिकांश होटल संचालक कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे थे, जबकि कुछ जगहों पर जलावन के माध्यम से खाना पकाया जा रहा था। अधिकारियों ने होटल संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद बीडीओ और एमओ राघोपुर स्थित गणपति एचपी गैस एजेंसी पहुंचे, जहां गैस सिलेंडर लेने के लिए सैकड़ों उपभोक्ता अपने-अपने सिलेंडर के साथ लंबी कतार में खड़े मिले। उपभोक्ताओं ने अधिकारियों से शिकायत करते हुए बताया कि वे घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन एजेंसी संचालक द्वारा कुछ लोगों को साइड से सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाता है। इससे आम और खास के बीच भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि कई लोग रात के तीन बजे से ही घर छोड़कर गैस के लिए लाइन में लग जाते हैं, फिर भी उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पाता। इस संबंध में बीडीओ सतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कोई कमी नहीं है और यदि किसी भी व्यवसायिक स्थल पर घरेलू गैस का उपयोग करते हुए पाया गया तो संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडरों की समस्या से सबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्प लाइन नम्बर की हुई शुरुआत

## कालाबाजारी रोकने के लिए गठित की गई टीम पकड़े जाने पर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश

**सुपौल (एसएनबी)** । जिलाधिकारी, सुपौल के निदेश पर घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने तथा इसके अनुश्रवण के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन स्थापित किया गया है। कोई भी उपभोक्ता या आम जनता इस संबंध में सूचना, शिकायत या जानकारी 6 बजे पूर्वा से 10 बजे अपरा तक दूरभाष संख्या 06473-224005 पर दे सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

सुपौल जिला में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। सभी डिस्ट्रिब्यूटर्स एवं गैस कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है। बुकिंग एवं डिलिवरी मिस्ड कल, एसएमएस आईवीआरएस, व्हाट्सएप तथा ओटीपी के आधार पर होता है। यह प्रणाली अभी भी क्रियाशील है। एलपीजी गैस की बुकिंग एवं इसके अगले बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतराल निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कहा कि गैस कंपनियों के एरिया अफिसर्स, फिल्ड अफिसर्स, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ इस विषय पर नियमित समीक्षा की जा रही है। स्थिति पर प्रशासन की पूरी नजर है। एलपीजी गैस की कहीं कोई समस्या नहीं है। लोग पैनिक बुकिंग न करें।

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को एलपीजी गैस डीलर्स एवं वितरकों के यहाँ नियमित तौर पर निरीक्षण तथा छापामारी करने का निदेश दिया गया है। निरीक्षण एवं छापामारी हेतु जिला स्तर से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा थाना अध्यक्षों की टीम भी बनाई गई है जो लगातार निरीक्षण एवं छापामारी का कार्य कर रही है । जिलाधिकारी सुपौल द्वारा अधिकारियों को कालाबाजारी तथा जमाखोरी को सख्ती से रोकने एवं दोषियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया है।



एजेंसी के बाहर मुआयना करते पदाधिकारी।

# वीवीपी पार्ट टू के तहत बसंतपुर के 27 एवं निर्मली के 3 गांव चयनित



बैठक में शामिल डीएम ।


बैठक में शामिल डीएम व सबंधित पदाधिकारी।

**सुपौल (एनएसबी)** । सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में भी भी पी पार्ट टू के अंतर्गत कार्य योजना तैयार करने के उद्देश्य से जिलास्तरीय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान संबंधित विभागों से प्राप्त जानकारी के आधार पर बसंतपुर प्रखंड के कुल 27 गाँवों तथा निर्मली प्रखंड के 03 गाँवों को योजना अंतर्गत चयनित करते हुए मडल गाँव की अवधारणा पर आधारित समग्र कार्य योजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बसंतपुर एवं निर्मली, अनुमंडल पदाधिकारी, बसंतपुर एवं निर्मली तथा सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि चयनित गाँवों के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना, विकास योजनाओं एवं जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समन्वय के साथ विस्तृत कार्य योजना शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम की मौत से मचा कोहराम, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने हर संभव सहयोग का दिलाया भरोसा

**परबत्ता।** प्रखंड के सौढ उत्तरी पंचायत अंतर्गत बुद्धनगर भरतखंड निवासी रिकेश पासवान अपने परिवार के साथ शुक्रवार को बीरपुर से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पसराहा थाना क्षेत्र के सतीशनगर चौक के पास सड़क पार करने के दौरान रिकेश का 5 वर्षीय पुत्र प्रियरंजन कुमार वाहन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उसे मायागंज, भागलपुर ले गए। वहां स्थिति गंभीर होने पर उसे निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को गांव लाया गया, जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया तथा वाहन को जब्त कर लिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमेश कुमार सिंह ने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### 45 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार ई-रिक्शा से ढोई जा रही थी शराब

**खगड़िया।** नगर थाने की पुलिस ने 45 लीटर विदेशी शराब एवं तीन पहिया वाहन जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में अवैध शराब तस्करी एवं तस्करों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी है। इसी क्रम में खगड़िया पुलिस को सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर विदेशी शराब ई-रिक्शा पर लोड कर आ रहा है। सूचना के आधार राजेन्द्र चौक पर वाहन जांच शुरू की गयी। इसी क्रम में राजेन्द्र चौक के पास ई-रिक्शा पर लोड कुल 250 पैकेट 180 एमएल की विदेशी शराब ऑफिसर च्वाइस बरामद की गयी। इस संबंध में खगड़िया थाना कांड सं.-77/26 दर्ज कर विधि सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इधर, नगर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि राजेश कुमार, सा ननकू टोला थाना मुफ्फसिल, जिला खगड़िया को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में पुनि सह थानाध्यक्ष, राकेश कुमार, पुअनि राहुल कुमार, परिपुअनि प्रधान भारती आदि शामिल थे।



### हथियार और कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार अमौसी थाने में सक्रिय हैं सौदागर

**खगड़िया।** अमौसी थाने की पुलिस ने हथियार तस्कर को देशी कट्टा एवं 11 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशानुसार हथियार तस्करी एवं तस्करों पर नकेल कसने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है। इसी क्रम में शनिवार को अमौसी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बनहेर अंतर्गत चिरिमारी घाट के पास स्थित अपने बासा पर एक व्यक्ति अपने तकिया के नीचे अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस लेकर सोया है। जब सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी तो अमौसी थानान्तर्गत ग्राम बनहेर चिरिमारी घाट के पास से अनिल महतो को देशी कट्टा एवं 11 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में अमौसी थाने में कांड दर्ज कर अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### महिला ने थाने में शिकायत कर की कार्रवाई की मांग पति पर अकारण मारपीट का आरोप

**बेलदौर।** नगर पंचायत निवासी सुनील शर्मा की 36 वर्षीया पत्नी कविता देवी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है। मालूम हो कि उक्त लड़के के साथ 5 मई 2022 को महिला ने कोर्ट मैरिज की थी। दोनों को एक लड़का और एक लड़की हुई। पति अकारण मारपीट करता रहता है। विरोध करने पर जान से मारने पर उतारू हो जाता है। अब लड़का खर्च तक नहीं दे रहा है, जिस कारण पति-पत्नी के बीच तू-तू-मैं-मैं होते रहता है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। छानबीन कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### भरतखंड में कल होगा नौवां विशाल निरंकारी संत समागम बिहार समेत कई राज्यों के महाराज लेंगे सुरक्षा

**परबत्ता।** प्रखंड के भरतखंड में 16 मार्च को नौवां विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन प्रस्तावित है। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की उपस्थिति में होने वाले इस भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भरतखंड ब्रांच के मुखी चंद्र किशोर यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह समागम आध्यात्मिक आनंद, प्रेम और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश देगा। इस आयोजन में बिहार सहित उत्तर प्रदेश, पंजाब, असम और पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में निरंकारी समाज से जुड़े श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की जाएगी।

### पर्चा की जमीन पर से बेदखल करने की शिकायत

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के इतमादी गांव निवासी प्रभास राम की 22 वर्षीया पत्नी गुड़िया देवी ने बेलदौर थाने अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है। आवेदन में वर्णित है कि संजय राम, शबनम देवी, माला देवी समेत आधा दर्जन से अधिक लोग हिस्सा की मांग करने पर मारपीट करते हैं और झूठा बताकर नदी में काट देने की धमकी दे रहे हैं। सभी नामित व्यक्ति दबंग प्रवृति के बताए जाते हैं। वे हिस्से की जमीन नहीं दे रहे हैं। बताते चलें कि बेलदौर थाना में जमीन विवाद को लेकर हर रोज दर्जनों आवेदन पीड़ित परिवार द्वारा दिए जाते हैं। न्याय नहीं मिलने के कारण दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। महिला ने कहा कि उसे पर्चा की जमीन से बेदखल किया जा रहा है।

### पुरानद्म विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**बेलदौर।** नगर पंचायत निवासी नागो भगत के बड़े पुत्र राजेश भगत एवं छोटे पुत्र मोहन भगत के बीच मारपीट की घटना घटी। मारपीट को लेकर दोनों भाईयों ने थाने में लिखित आवेदन दिया। राजेश भगत ने अपने छोटा भाई मोहन भगत पर आरोप लगाया कि गत 19 अक्टूबर की रात्रि में असमाजिक तत्वों ने पेट्रोल पंप के समीप पटाका फोड़ने के दौरान आग लगा दी थी। उक्त आगजनी में मिनी दमकल को स्मैकर के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया था। जब प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा तो पथराव हुआ था जिसमें राजेश भगत के पुत्र को झूठ मामले में फंसा दिय गयाा। जब राजेश भगत का पुत्र सिलेंडर शिप थाने में जमा कर घर पहुंचे तो दोनों भाइयों के बीच आपस में तू-तू मैं मैं होने लगी जो मारपीट में तब्दील हो गई।

## युवा किसान पुरुषोत्तम ने 'मिक्स फार्मिंग' से बदली किस्मत

**एक साथ गाय, बत्तख, मुर्गी, बकरी और मछली का कर रहे पालन, अब तक नहीं ली सरकारी मदद**

**गाय के गोबर से बत्तख और मुर्गियों को भोजन मिलता है, जबकि इनकी बीट मछलियों के लिए उत्तम आहार का काम करती है**



पुरुषोत्तम कुमार।

**पसराहा (एनएसबी)।** वार्ड 7 निवासी डॉ. पोर्स सिंह के पुत्र पुरुषोत्तम कुमार ने अपनी मेहनत के दम पर आधुनिक खेती की नई परिभाषा लिखी है। बेंगलुरू से बीसीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद, जहाँ अधिकांश युवा सरकारी नौकरियों की तलाश में भटकते हैं, वहीं पुरुषोत्तम ने स्वरोजगार का रास्ता चुनकर खुद को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है।

उन्होंने अपनी मात्र एक एकड़ की सीमित भूमि पर मिक्स फार्मिंग यानी एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर ऐसा मॉडल खड़ा किया है, जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गया है। पुरुषोत्तम के इस फार्म की सबसे बड़ी विशेषता विभिन्न कृषि इकाइयों का सफल समन्वय है। उन्होंने एक ही स्थान पर गाय, बत्तख, मुर्गी, बकरी और मछली पालन को एकीकृत किया है। साथ ही सुरक्षा के लिए उन्नत नस्ल के कुत्ते भी रखे हैं। इस प्रणाली का सबसे बड़ा वैज्ञानिक और आर्थिक लाभ यह है कि एक इकाई का अपशिष्ट दूसरी इकाई के लिए संसाधन बन जाता है। पुरुषोत्तम बताते हैं कि गाय के गोबर से बत्तख और मुर्गियों को भोजन मिलता है, जबकि इनकी बीट मछलियों के लिए उत्तम आहार का काम करती है। वहीं, पशुओं का बचा हुआ गोबर खेतों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला जैविक खाद बनता है। इस चक्र के कारण बाहर से खाद या चारा खरीदने का खर्च 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक कम हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस विशाल और विविधतापूर्ण प्रोजेक्ट के लिए पुरुषोत्तम को अब तक सरकार की ओर से कोई भी आर्थिक अनुदान या सहायता प्राप्त नहीं हुई है। किसी भी सरकारी मदद की प्रतीक्षा किए बिना उन्होंने अपने बल पर निजी जमापूंजी के भरोसे इस पूरे सेटअप को जीवंत किया है। उनकी यह सफलता स्पष्ट करती है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो संसाधनों की कमी कभी भी प्रगति की राह में बाधा नहीं बन सकती। आज पुरुषोत्तम कुमार न केवल स्वयं आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों को भी कम लागत में अधिक मुनाफे की आधुनिक तकनीक के प्रति निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## 60 मक्का किसानों ने किया मक्का अनुसंधान केंद्र का दौरा



**दिल्ली से आए विशेषज्ञों ने दी जानकारी इससे किसानों को मिलेगा लाभ**

खगड़िया **(एनएसबी)।** कोशी सहजीवन कार्यक्रम के अंतर्गत ड़साई दास (एक्स डायरेक्टर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली) एवं क्षेत्रीय मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादक केन्द्र कुसमहौत बेगूसराय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. चिकपा कर्जगी की देख रेख में चौथम एवं मानसी प्रखंड के लगभग 60 प्रगतिशील मक्का उत्पादक किसानों का बेगूसराय मक्का अनुसंधान केंद्र में एक्पोजर विजिट कार्य-क्रम करवाया गया।

इस दौरान किसानों को मक्का बीज उत्पादन प्रकिया एवं मक्के के अलग-अलग प्रभेद एवं उसकी विशेषता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही वर्तमान समय में मक्का में लगने वाले रोग एवं के निवारण हेतु दवाई के बारे में भी साईं दास एवं चिकप्पा ने विस्तार से जानकारी दी गई एवं प्लॉट विजिट करवाया गया। इसके साथ ही नव जागृति संस्था के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस एक्पोजर विजिट का उद्देश्य है कि हमलोग किसानों को उनके अपने क्षेत्र में लगातार मक्का खेती को लेकर प्रशिक्षण तो दे रहे हैं लेकिन उसी चीज को प्रत्यक्ष दिखाने से किसानों को अधिक समझ आयेगी और उसे खुद से जब करेंगे तो उनको ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। किसानों को अधिक लाभ हो इसके लिए स्पेशली दिल्ली से डॉ. साईं दास को बुलाया गया। उम्मीद है कि किसान यहां से बहुत कुछ सीख कर इसका प्रयोग अपनी खेत में प्रयोग करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लाभ लेंगे।

# बासगीत जमीन के विवाद में मारपीट

### दो भाइयों के परिवार भिड़े

**दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में दिया आवेदन**

**परबत्ता (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के माधवपुर पंचायत अंतर्गत मुरादपुर ग्राम के वार्ड संख्या 10 में बासगीत जमीन को लेकर दो भाइयों के परिवारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया।

बताया जाता है कि सतीश दास एवं टुनटुन दास के बीच जमीन को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते उग्र हो गई और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान महिलाओं के बीच भी तीखी झड़प देखने को मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक महिला ने दूसरी महिला के बाल पकड़कर उसे घसीट दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परबत्ता ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जाता है कि दोनों पक्ष आपस में रिश्ते में भाई हैं, लेकिन बासगीत जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग शिकायत दर्ज कराने के लिए परबत्ता थाना पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

## मस्जिद विवाद को लेकर दो पक्षों में पथराव

**कन्हैयाचक गांव की ओर जाने वाली सड़क पर ईंट-पत्थरों के ढेर लग गए**

**दोनों पक्ष मस्जिद पर जता रहे अपने-अपने दावे**

**रोजा खोलने से पूर्व शुरू हो गया विवाद, मौके पर पहुंची परबत्ता थाने की पुलिस ने दोनों पक्षों को किया शांत**

**परबत्ता (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के मोजाहिदा मस्जिद के आसपास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो पक्षों के बीच अचानक जमकर ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना के दौरान परबत्ता टमटम स्टैंड से कन्हैयाचक गांव जाने वाली सड़क कुछ देर के लिए बाधित हो गई और सड़क पर ईंट-पत्थरों का ढेर लग गया। मिली जानकारी के अनुसार नूरपुर और मोजाहिदा टोला के बीच उक्त मस्जिद को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष मस्जिद पर अपनी-अपनी दावेदारी जता रहे हैं। इसी विवाद को लेकर शनिवार की शाम रोजा खोलने से पूर्व दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और देखते ही देखते मामला उग्र हो गया। इसके बाद दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना की सूचना मिलते ही परबत्ता थाना के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है।

## ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों में आएगी तेजी

**जिला परिषद के भूखंड पर व्यावसायिक मॉल, स्टॉल और शेड बनेंगे**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला परिषद खगड़िया की सामान्य बैठक अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव की अध्यक्षता में जिला सभागार में हुई। इसमें उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद श्वेता भारती, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद अनिल कुमार सहित जिले के 29 विभागों के कार्यों की समीक्षा जिप अध्यक्ष ने किया। इसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा और शुद्ध पेयजल के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर सदस्यों ने अपनी बातें रखीं। इस पर जिप अध्यक्ष ने अधिकारी को नसीहत दी कि जिले में दिशा की बैठक संसद की अध्यक्षता में तथा जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन की बैठक प्रभारी मंत्री बिहार सरकार की समीक्षा के बावजूद शिक्षा, पेयजल की योजना हर घर नल का जल शत प्रतिशत अपना दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहा है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। अन्यथा सरकार और विभाग को जिला परिषद पत्र लिखकर जानकारी देगी। बैठक में जिला परिषद सदस्य सत्यनारायण पासवान, जयप्रकाश यादव, चंदन कुमार, प्रवीण पासवान, जवाहर राय निषाद ने अपने क्षेत्र के विकास एवं समस्या से अध्यक्ष और सदन को अवगत कराया। इसके समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिला परिषद द्वारा जिला पंचायती राज संसाधन केंद्र डीपीआरसी भवन को जल्द पूरा कर जिला परिषद को सुपुर्द करने का आदेश दिया गया है। साथ ही जिला परिषद के भूखंड पर व्यावसायिक मॉल, स्टॉल, शेड निर्माण कराया जाएगा। अनुपस्थित पदाधिकारी के खिलाफ विभाग को सूचित किया जाएगा।



## अंतरजिला शतरंज प्रतियोगिता कल से, 18 जिलों के खिलाड़ी आएंगे

**खगड़िया (एनएसबी)।** अखिल बिहार शतरंज संघ पटना से मान्यता प्राप्त नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के तत्वावधान में प्रथम जयमाला देवी मेमोरियल निशुल्क अंतरजिला शतरंज प्रतियोगिता 15 मार्च से श्यामलाल चन्द्रशेखर मेडिकल कॉलेज परमानन्दपुर में होगा। अब तक खगड़िया सहित 18 जिलों के खिलाड़ियों ने अपनी इंट्री करायी है। अकादमी के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और अखिल बिहार शतरंज संघ पटना द्वारा 25 से 29 मार्च तक बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कंकड़बाग पटना में होने जा रहा है। इसमें कुल दस लाख रुपए की ईनामी राशी रखी गई है। पूरे देश से 500 खिलाड़ियों के इसमें आने की प्रबल संभावना है। इसे देखते हुए खगड़िया के खिलाड़ियों के लिए 15 मार्च की शतरंज प्रतियोगिता अहम है। 17 जिलों के खिलाड़ियों संग खेलकर खगड़िया के खिलाड़ी मारक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विवेकानंद और प्रतियोगिता के डायरेक्टर नीतीश नयन ने कहा कि यह मानसिक खेल है। अकादमी के अध्यक्ष अभय कुमार बिक्की और उपाध्यक्ष विवेक भगत ने कहा प्रतियोगिता की तैयारी हो चुकी है।



प्रेम कुमार यशवंत व अन्य।

## नगर को सुंदर बनाने का हो रहा निरंतर प्रयास

**कोशी साइंस क्लासेस परिसर में अलौली विधायक रामचंद्र सदा का भव्य स्वागत**

**खगड़िया (एनएसबी)।** अलौली के विधायक रामचंद्र सदा के खगड़िया आगमन पर कोशी साइंस क्लासेस परिसर में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर सभापति अर्चना कुमारी, सभापति प्रतिनिधि ज्योतिष मिश्रा तथा कोशी साइंस क्लासेस के डायरेक्टर राजीव कुमार चौहान ने बुके एवं शॉल भेंट कर विधायक रामचंद्र सदा एवं जदयू मीडिया सेल के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मंडल का अभिनंदन किया।

मौके पर मौजूद लोगों ने विधायक सदा का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है और ऐसे संस्थान युवाओं को सही दिशा दे रहे हैं।



नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि अलौली से उनका अटूट और आत्मीय रिश्ता है। अलौली की बहू होने और खगड़िया की बेटी के साथ-साथ नगर की सभापति होने के कारण उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र में सड़क, नाला, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी, सौंदर्यीकरण सहित कई विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं और नगर को सुव्यवस्थित एवं विकसित बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। विधायक रामचंद्र सदा ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला होती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही युवाओं को नई दिशा देती है और समाज को आगे बढ़ाने का काम करती है।

## समृद्धि यात्रा की सफलता पर प्रशासन को दिया साधुवाद

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार की विकासगाथा में गत शुक्रवार का दिन महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बहुप्रतीक्षित समृद्धि यात्रा का भव्य आगमन खगड़िया की धरती पर हुआ। मुख्यमंत्री के स्वागत में पूरा जिला उत्साह, आशा और राजनीतिक ऊर्जा से परिपूर्ण दिखा। नगर की सड़कों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर एनडीए के ध्वज, आकर्षक बैनर, होर्डिंग तथा सुसज्जित तोरणद्वार अपने लोकप्रिय जननायक के स्वागत में आत्मीयता से पलक-पांवड़े बिछाए खड़े थे। इधर जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने समृद्धि यात्रा और जनसभा की ऐतिहासिक सफलता पर जिला प्रशासन व जिलावासियों को बधाई एवं साधुवाद देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने संसारपुर से नगर सुरक्षा तटबंध बायपास मार्ग का निरीक्षण करते हुए पुनः संसारपुर मैदान पहुंचकर विकास और जनविश्वास के ऐतिहासिक अध्याय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपये से लगभग 319 विकास योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण कर खगड़िया के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ता से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास प्रदर्शनी स्टलों का मुख्यमंत्री ने सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इस निरीक्षण के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया कि बिहार की प्रगति केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि धरातल पर साकार होते कार्यों से ही उसकी वास्तविक पहचान निर्मित होती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उद्बोधन में केवल राजनीतिक विमर्श ही नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की दिशा और विकास की दूरदर्शी रूपरेखा भी स्पष्ट रूप से प्रतिध्वनित हुई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1823 वादों का किया गया निष्पादन

**14 बेंच की अदालत में पक्षकारों के बीच कुल 8,59,58,162 रुपए का हुआ समझौता**

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सऊदी अरब से पक्षकार को जोड़कर वाद का कराया निष्पादन**

**कोर्ट में लंबित कुल 769, बैंक ऋण वाद 1026, ट्रैफिक चालान 11 एवं बीएसएनल से संबंधित 17 वादों का किया गया निष्पादन**

**खगड़िया (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के निर्देश पर 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में किया गया। इसमें सभी प्रकार के सुलहनीय वादों का निष्पादन किया गया।

खगड़िया सिविल कोर्ट में प्रधान जिला जज सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया राजेश कुमार बच्चन, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार द्विवेदी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम संजय कुमार, जिला एवं अपराध न्यायाधीश द्वितीय शैलेन्द्र कुमार-2, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय प्रभाकर झा तथा चंदन कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला बार एसोसिशन के अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद यादव एवं सचिव नागेश्वर प्रसाद गुप्ता ने राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान पिछली लोक अदालत में सर्वाधिक वाद निष्पादित करने वाले तीन न्यायिक पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा सम्मानित किया गया। 230 वाद का निष्पादन कर प्रथम स्थान पाने वाले राजीव कुमार रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, 86 बाद का निष्पादन कर द्वितीय स्थान पाने वाले प्रियंका कुमारी एवं 73 वाद का निष्पादन कर तृतीय स्थान पाने वाले ऋषि चंदन विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट खगड़िया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नोडल पदाधिकारी कौशिकी कश्यप, डीएसपी मुख्यालय प्रवीण कुमार मिश्रा, सभी न्यायिक पदाधिकारी, विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक तथा अधिवक्ता और कोर्ट के समस्त स्टाफ आदि उपस्थित थे। विभिन्न वादों के निष्पादन हेतु इस बार लोक अदालत में कुल 14 बेंच का गठन किया गया था राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कई बार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा मामलों के निष्पादन हेतु गठित पीठ का निरीक्षण किया गया तथा पक्षकारों से बातचीत कर उनके मामलों का निष्पादन संबंधित बेंच में कराया गया।



प्रधान जिला जज द्वारा सभी पीठासीन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जो भी पक्षकार आए हैं उनके वाद का निष्पादन करके ही उन्हें वापस भेजें। आज राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान शशांक कुमार नायक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी खगड़िया बेंच संख्या 10 द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सऊदी अरब से पक्षकार को जोड़कर वाद का निष्पादन कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत सिविल कोर्ट खगड़िया एवं गोगरी में कुल 1823 वादों का निष्पादन किया गया एवं पक्षकारों के बीच कुल 8,59,58,162 रुपए का समझौता हुआ जिसमें कोर्ट में लंबित वाद कुल 769 बैंक ऋण वाद 1026, ट्रैफिक चालान 11 एवं बीएसएनल से संबंधित 17 वाद का निष्पादन किया गया। मुकदमे के पक्षकारों की सहायता के लिए इस बार भी दो हेल्प डेस्क बनाए गए थें एवं सभी बेंच में पीएलवी की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जो लोगों के लिए बहुत उपयोगी और मदार साबित हुए। डालसा के सचिव श्री चंदन कुमार ने लोक अदालत की सफलता के लिए सभी न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, बैंककर्मी, पीएलवी, अधिवक्ता, मीडिया कर्मी तथा दूर दूर से आए सभी पक्षकारों को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया और यह उम्मीद जताई है कि अगले लोक अदालत में इससे ज्यादा मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

# लखीसराय : व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लखीसराय (एनएसबी)।** व्यवहार न्यायालय लखीसराय के परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अजय कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डी़एल़एस़ए़ लखीसराय ने की।

इस दौरान जिला पदाधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पवन कुमार झा, आरक्षी अधीक्षक के प्रतिनिधि अपर पुलिस उपाध्यक्ष, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राजीव कुमार मिश्र, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचम राजन कुमार, विधानंद सागर, सचिव जिला विधिक संघ प्राधिकार लखीसराय एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान जिला जज अजय कुमार शर्मा ने अपील की कि यह इस वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत है। अधिक से अधिक संख्या में शमनीय वादों का निस्तारण करायें व राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठावें। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक सुगम, सुलह व सहज प्रक्रिया से वाद निस्तारण का मंच है, इसका अधिक से अधिक लाभ उठावें। राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कुल 13 बेंच का गठन किया गया है।



व्यवहार न्यायालय लखीसराय के परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अजय कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डी़एल़एस़ए़ लखीसराय ने की।

बेंच न0-01 पवन कुमार झा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बेंच न0-02 राजीव कुमार मिश्र अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, बेंच न0-03 राजन कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम, बेंच न0-04 रंजीत कुमार सोनू अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के नेतृत्व में बनी थी।

अन्य बेंच का गठन किया गया। पोस्ट-लिटिगेशन कुल 1299 वाद, अभिलेख एवं प्री-लिटिगेशन के 529 वाद निष्पादित हुआ। कुल बैंक ऋण वसूली संबंधित एक करोड़ चौवालीस लाख अठारह हजार नौ सौ एकतालीस रुपये हुआ। रेलवे कोर्ट में भी एक बेंच का गठन कुंदन कुमार गुप्ता रेलवे अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी में किया गया जिसमें कुल 706 वादों का निस्तारण हुआ है।

## बिहार सरकार का बड़ा तोहफा

# महिला जॉब फेयर 2026 में 2000 से अधिक पदों पर होगी सीधी भर्ती

**लखीसराय / पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार के सूचना एवं जन-संपर्क विभाग द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। सरकार द्वारा महिला जॉब फेयर - 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश की शिक्षित और कुशल महिलाओं को नामी राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षित महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए इस मेले में 50 से भी अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां शिरकत कर रही हैं। इस मेगा जब फेयर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें कुल 2000 से अधिक रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी। मेले में भाग लेने वाली अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही, चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाने के लिए ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद सफल उम्मीदवारों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस जब फेयर में शामिल होने के लिए शैक्षणिक योग्यता अत्यंत सरल रखी गई है। 10वीं पास, 12वीं पास, स्नातक, तकनीकी डिग्री धारक और आईटीआई उत्तीर्ण महिलाएं इसमें भाग ले सकती हैं। अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को अपने साथ मूल दस्तावेज और उनकी छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

## खबरें : एक नजर में

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट डीएम ने कजरा पावर प्लांट परिसर का लिया जायजा

**लखीसराय (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के सफल आयोजन और व्यापक तैयारियों को लेकर लखीसराय जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र के निर्देशन में सूर्यगढ़ा प्रखंड स्थित कजरा पावर प्लांट परिसर का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत डीएम ने सभी संबंधित वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की रूपरेखा तय की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रशासनिक स्तर पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल, विशाल जनसभा स्थल, हेलीपैड निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग, बैरिकेडिंग, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य समय सीमा के भीतर और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि कार्यक्रम के दौरान आम जनों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह समृद्धि यात्रा जिले के विकास कार्यो को प्रदर्शित करने का एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने विभिन्न विभागों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आकर्षक प्रदर्शनी एवं स्टलों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सुरक्षा के मानकों पर जोर देते हुए उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने तथा स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस व मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने कहा कि तैयारियों की निरंतर निगरानी की जाएगी ताकि कार्यक्रम ऐतिहासिक और सफल हो। इस महत्वपूर्ण बैठक और निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता नीरज कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभूनाथ, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, नजारत उपसमाहर्ता पम्मी रानी, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता कुणाल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी उपस्थित थे।


जायजा लेते डीएम।

# मारवाड़ी धर्मशाला के प्रांगण में नरसिंह भगवान मंदिर का हुआ भूमि पूजन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर के प्रांगण में नरसिंह भगवान मंदिर का भूमि पूजन भव्य रूप से मारवाड़ी धर्मशाला प्रबंध कार्यकारिणी समिति की ओर से किया गया। भूमि पूजन के दौरान पूजा पाठ प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। मौके पर प्रकाश संघई,महेश संघई के द्वारा भूमि पूजन करवाया गया। जिसमें पुरोहित बिट्टू बाबा ने विधि विधान ओर वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना करके मंदिर के निर्माण को आगे बढ़ाया। कमिटी के अध्यक्ष गिरधर संघई मंत्री सुजीत संघई,जयशंकर शर्मा ने बताया कि यह मंदिर गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, लक्ष्मी नारायण, श्री नरसिंह देव धाम मंदिर को बनाने में लगभग 2 वर्षो में पूर्ण होगी और यह मंदिर मुंगेर जिला में आकर्षण का केंद्र होगा। संदीप अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, प्रकाश पंसारी, राजकुमार शर्मा, प्रदीप छापड़िया ने बताया कि इस पावन भूमि पर मंदिर निर्माण हो रहा है जिसमें हजारों भक्त भंडारे स्वरूप प्रशाद ग्रहण किए। इस मौके पर गोरी शंकर शर्मा, संजय अग्रवाल, शेखर खेतान, पप्पू शर्मा, अशोक शर्मा, आलोक गर्ग, माधव मस्कारा, शेखर जलान और समाज के सभी लोग उपस्थित थे।


भूमि पूजन करते प्रबंध कार्यकारिणी समिति।

# ट्राईब्रेकर के जरिए मुबारक चक ने शीतलपुर को हराकर फुटबाल टूर्नामिंट पर जमाया कब्जा

## खेले गए फाइनल मैच को देखने के लिए मैदान में बच्चे बूढ़े नौजवान महिलाओं की उपस्थिति

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** युगल रंजीत मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट का फाइनल मैच फुलका के ऐतिहासिक मैदान में इलेवन स्टार मुबारकचक मुंगेर एवं आशीर्वाद क्लब शीतलपुर मुंगेर के बीच खेला गया। खेले गए फाइनल मैच में हाफ टाइम तक दोनों टीम एक दूसरे पर गोल करने का पूरा प्रयास किया पर गोल नहीं हो सका।

हाफ टाइम के बाद दोनों टीम एक बार फिर एक दूसरे पर गोल करने को लेकर काफी संघर्ष मैदान में करते देखे गए। मैच के समाप्ति तक कोई भी टीम एक दूसरे पर गोल नहीं कर पाई। फाइनल मैच का निर्णय के लिए ट्राईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा। ट्राईब्रेकर में मुबारक चक ने शीतलपुर को हराकर टूर्नामिंट पर जमाया कब्जा।


विजेता टीम को पुरस्कार देते अतिथि।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधान पार्षद सदस्य लालमोहन गुप्ता, विशिष्ट अतिथि कारखाना के उपमुख विद्युत अभियंता केपीजे मिंस, सहायक सामग्री प्रबंधन संजीव कुमार एवं रेल के आईओडब्ल्यू दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए ट्रफी प्रदान किया। निर्णायक मंडली के रूप में शिवब्रत गौतम,देवब्रत राणा,मनीष एवं ष्णानंद मौजूद थे।

मौके पर गणमान्य व्यक्तियों में मनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, अजय कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, विनय कुमार, प्रताप कुमार,कन्हैया तांती, प्रवीण शंकर सिंह ,संजय कुमार , शंभू सिंह, पूर्व डीएसपी अनिल पासवान, शिवलाल रजक, उमेश सिंह, प्रहलाद रावत, सुमित राज, अनिल यादव, रोहित कुमार, राजेश रमन, कन्हैया आदि मौजूद थे।

# वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के जन्मदिन पर पर्यावरण भारती ने जमुई में किया पौधारोपण

**जमुई (एनएसबी)।** विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को पुरानी बाजार स्थित रवींद्र वाटिका में पर्यावरण भारती द्वारा फलदार आम के दो पौधे लगाए गए। पौधारोपण का नेतृत्व पर्यावरण जमुई नगर संयोजक वैद्य दीपक कुमार मोदी ने किया। इस अवसर पर पर्यावरण भारती के संस्थापक व अखिल भारतीय पेड़ उपक्रम टोली सदस्य राम बिलास शाण्डिल्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण भारती वर्ष 2008 से निरंतर वृक्षारोपण अभियान चला रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करना है। शाण्डिल्य ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंख्या वृद्धि और जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण आज मार्च के महीने में ही नदियाँ सूखने लगी हैं और जमुई के महादेव सिमरिया जैसे क्षेत्रों में जल संकट गहराने लगा है। उन्होंने कहा कि हरे वृक्ष हमें प्राणवायु अक्सीजन देते हैं और जहरीली कार्बन डाइअक्साइड को अवशोषित करते हैं, इसलिए वृक्ष साक्षात ईश्वर के समान हैं। उन्होंने कोरोना काल की अक्सीजन किल्लत को याद दिलाते हुए आह्वान किया कि लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने श्वृक्ष धरा के हैं आधार, रोकें इन पर अत्याचारश जैसे नारों के माध्यम से पर्यावरण सुधार का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शाण्डिल्य ने बताया कि 14 मार्च 1879 को जर्मनी में जन्मे आइंस्टीन को 20वीं सदी का सबसे प्रभावशाली वैज्ञानिक माना जाता है। उन्होंने सापेक्षता के सिद्धांत और म्उब'2 जैसे समीकरणों से विज्ञान जगत को नई दिशा दी। प्रकाश-विद्युत प्रभाव की खोज के लिए उन्हें 1921 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला था। उनके जीवन की सा्ी और सीखने की ललक आज भी प्रेरणादायक है। ऐसे महान वैज्ञानिक की स्मृति में पौधारोपण करना एक स्मरणीय कार्य है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीशू मोदी, विजय मोदी, शिवम कुमार, सत्यम कुमार, अक्षत राज और गौरव कुमार सहित कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे।



वृक्षारोपण करते ।

# शिव ने तांडव नृत्य का प्रचार किया जबकि पार्वती ने समाज को ललित और कोमल नृत्य की शिक्षा दी

## मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल में नहीं फल परम सत्ता के हाथ में है

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ धर्म महासम्मेलन के दूसरे दिन बाबा नगर जमालपुर में आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण रहा। दिन का शुभारंभ पांचजन्य, गुरु सकाश, सामूहिक साधना, आसन, कौशिकी तथा तांडव के अभ्यास से हुआ।

पुरोधा प्रमुख श्रद्धेय आचार्य विश्वदेवानन्द अवधूत ने एक अत्यंत गूढ़ और प्रेरणादायी विषय पर प्रवचन दिया, जिसमें उन्होंने प्रपत्ति, विप्रपत्ति और अप्रपत्ति के दार्शनिक पक्ष को स्पष्ट किया। उन्होंने प्रवचन के विषय प्रपत्ति का दार्शनिक आधार मानव बुद्धि और अंतर्ज्ञान की भूमिका पर आचार्य विश्वदेवानन्द अवधूत ने कहा कि मानव बुद्धि और अंतर्ज्ञान के क्षेत्र में एक अत्यंत सुंदर विचार को बताएं। इसी प्रपत्ति के आलोक में वज ष्ण और पार्थसारथि कृष्ण की भूमिकाओं का विश्लेषण किया जा सकता है। भारत की आध्यात्मिक परंपरा में प्रपत्तिवाद का विशेष महत्व है। पुरोधा प्रमुख ने प्राचीन भारतीय इतिहास के अनुसार भगवान सदाशिव का अवतरण लगभग सात हजार वर्ष पूर्व हुआ था। उस समय मानव समाज की बौद्धिक क्षमता अधिक विकसित नहीं थी। इसलिए दार्शनिक चर्चाएँ लोगों के लिए उपयोगी नहीं थीं।भगवान शिव ने उस समय मानव समाज को आध्यात्मिकता के व्यावहारिक मार्ग की ओर प्रेरित किया।


धर्म सम्मेलन स्थल पर जाते पुरोधा प्रमुख, कौशिकी नृत्य करते मार्गी।

उन्होंने लोगों को तंत्र साधना सिखाई, जो आध्यात्मिकता का प्रयोगात्मक पक्ष है। शिव ने तांडव नृत्य का प्रचार किया, जबकि पार्वती ने समाज को ललित और कोमल नृत्य की शिक्षा दी।

इसी प्रकार शिव ने महर्षि धन्वंतरि को वैद्यक शास्त्र का ज्ञान दिया तथा भरत मुनि को नृत्य, गीत और वाद्य के माध्यम से संगीत विज्ञान का शिक्षण कराया। इस प्रकार उन्होंने मानव प्रतिभा के अनेक द्वार खोल दिए, किंतु दर्शन का प्रतिपादन नहीं किया।

उन्होंने ऐसे तथाकथित दार्शनिकों को लोकव्यामोहकारक कहा जो समाज को भ्रमित करते थे। महर्षि कपिल ने सांख्य दर्शन का प्रतिपादन किया और सृष्टि के विकास को चौबीस तवों के आधार पर समझाया।

मौके पर आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत, आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत, आचार्य मधुवतानन्द अवधूत, आचार्य अभिरामानन्द अवधूत, आचार्य शुभनिर्यासानन्द अवधूत, आचार्य कल्याणमित्रानंद अवधूत, आचार्य मेघदीपानंद अवधूत, आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत, आचार्य अवनिन्द्रानंद अवधूत, आचार्य रुद्रप्रकाशनंद अवधूत, आचार्य रत्नमुक्तानंद अवधूत, आचार्य सदवीरानंद अवधूत, आचार्य प्रियतोषानंद अवधूत, आचार्या अवधूतिका आनंद, आचार्य सुष्मितानन्द अवधूत भुक्ति प्रधान रंजीत, बादल सहित हजारों अनुवाई मौजूद थे।

# जिला विधिज्ञ संघ, लखीसराय चुनाव 2026 की निष्पक्षता सवालों के घेरे में

**लखीसराय (एनएसबी)।** उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेश के आलोक में तथा बिहार राज्य बार काउंसिल के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में बीते 12 मार्च 2026 को संपन्न हुआ जिला विधिज्ञ संघ, लखीसराय का चुनाव विवादों में घिर गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नियमित अधिवक्ता प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों ने इस चुनाव परिणाम के विरुद्ध विधिक अपील दायर करने तथा न्याय के लिए पुनः माननीय उच्च न्यायालय, पटना की शरण लेने का निर्णय लिया है, ताकि संघ की गरिमा और न्यायपूर्ण व्यवस्था को पुनः बहाल किया जा सके।

अध्यक्ष पद के लिए घोषित चुनाव परिणाम को अकल्पनीय, अविश्वसनीय एवं संदेहास्पद बताते हुए संघ के नियमित अधिवक्ताओं के बीच गहरी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिहार राज्य बार काउंसिल के पर्यवेक्षण पर सवाल उठाते हुए इसे मात्र एक औपचारिकता करार दिया गया है। आरोप है कि मतदाता सूची के प्रकाशन से लेकर मतदान तक हर चरण में निष्पक्षता का घोर अभाव रहा। संघ की नामांकन पंजी की सत्यता की जांच किए बिना ही मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई और उसमें बिना किसी वैध साक्ष्य के व्यापक फेरबदल किया गया। गंभीर आरोप है कि दर्जनों नियमित अधिवक्ताओं, जिनमें निरंजन कुमार, रंजीत पासवान, विमलेश कुमार विमल, विमल यादव, उमेश मंडल आदि शामिल हैं, के नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए गए। वहीं दूसरी ओर, लगभग एक सौ फर्जी मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ दिए गए। आश्चर्यजनक तथ्य यह भी सामने आया है कि चुनाव से मात्र बारह घंटे पूर्व दर्जनों नए नाम मतदाता सूची में जोड़े गए, जिसकी गोपनीय जानकारी केवल एक प्रत्याशी विशेष को ही थी। चुनाव की पारदर्शिता पर प्रश्नचि लगाते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि बिहार राज्य बार काउंसिल के स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना कर मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी तक नहीं कराई गई।

# शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सराहणीय कार्य के लिए रेलवे के इरवो टीम हुई सम्मानित

## लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक के नेतृत्व में इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल की टीम हुई सम्मानित, रेलवे के डिवाइन रोज स्कूल में जो निहालों को मिल रहा डिजिटल शिक्षा

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेल क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अनोखे पहल कर महंगी एवं अत्याधुनिक व डिजिटल शिक्षा को सरल एवं आम बनाने को लेकर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षता अनीता वर्णवाल कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके टीम को सम्मानित किया गया है। उत्सव भवन ईस्ट कलोनी जमालपुर में आयोजित सादा समारोह के दौरान इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल, सचिव शालिनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद, स्कूल इंचार्ज टीना कुमारी, डिवाइन रोज स्कूल की प्राचार्य नेहा भारद्वाज एवं पर्यावरण संरक्षक पिंकी पांडे का सम्मान करते हुए लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक ने कहा कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में किसी से काम नहीं है। वह जो सपना देखते हैं वह पूरा करती है क्योंकि वह कोई भी काम को ईमानदारी पूर्वक निस्वार्थ भाव से करती है। रेल क्षेत्र में डिवाइन रोज स्कूल खोलकर आज के दौर में महंगे एवं उच्च शिक्षा को सरल बनाने का जो अनोखा पहल इरवो टीम ने किया है जमालपुर शहर के लिए गौरव की बात है। श्री रजक ने यह भी कहा कि आधुनिक एवं डिजिटल एवं स्मार्ट क्लास के साथ इस स्कूल के नोनीहाल बच्चे खेल-खेल के माध्यम से स्मार्ट बन सकेंगे। इधर लाइंस क्लब की ओर से मिले सम्मान के प्रति इरवो अध्यक्षा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान निश्चित रूप से हम लोगों को गोर्बान्वित करने जैसा है इसलिए आगे भी सामाजिक स्तर पर इस तरह के कार्य को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने विशेष तौर पर स्कूल की प्राचार्य को बधाई दी है। मौके पर मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार निवेदिता, प्रीति राजपूत, प्रीति कुमारी, करिश्मा प्रकाश, सुमन कुमारी, विमल झा, पूनम कुमारी, विनीता कुमारी, शीला कुमारी,वेलफेयर इंस्पेक्टर सुमन कुमार, ओम कुमार, दीपू सहित कई मौजूद थे।


इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल एवं प्राचार्य नेहा को सम्मानित करते लाइंस क्लब।


इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल एवं प्राचार्य नेहा को सम्मानित करते लाइंस क्लब।

# युवक के संदिग्ध मौत मामले में जांच कर रही फरेंसिक टीम, घटना आदर्श थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर स्थित गांधी पुस्तकालय समीप का

## स्वजनों ने कहा बेटे की हुई है हत्या जांच में जुटी है पुलिस

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आदर्श थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर गांधी पुस्तकालय समीप एक गली में 45 वर्षीय रंजीत कुमार नामक युवक का शव पुलिस को मिला। मिले सब की पहचान बड़ी दरियापुर निवासी सिंघेश्वर तांती का पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुआ है। बड़ी दरियापुर के गली में मिले युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं युवक की मौत के बारे में पिता सिंघेश्वर तांती, पत्नी निर्मला देवी एवं भाई दीपक कुमार ने बताया कि रंजीत मुंगेर जमालपुर रोड स्थित डेलकोन होम कंपनी मैं काम करता था जिसकी हत्या हुई है। इसकी जांच होनी चाहिए। इधर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि बीते रात्रि सूचना मिली थी कि बड़ी दरियापुर स्थित एक गली में युवक का शव मिला है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए स्वजनों से भी बातचीत किया गया। स्वजनों के अनुसार जो भी आवेदन प्राप्त होता है उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बरहाल इस मामले को फरेंसिक टीम के द्वारा भी जांच करवाया जा रहा है। फिलवक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर एक महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।इधर युवक के मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चा शहर में हो रही है क्योंकि मृतक युवक जमीन का कार्य भी किया करता था और शहर के कई सफेदपोश चेहरे के साथ उनका बैठना उठना भी होता था। मौत के कुछ घंटे पूर्व से युवक बहुत परेशान दिख रहा था।


घटनास्थल पर जांच करती जमालपुर पुलिस।

# लखीसराय : मद्य निषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई शराब बेचने और पीने के आरोप में 7 गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** मद्य निषेध विभाग द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। शुक्रवार, 13 मार्च 2026 को की गई इस कार्रवाई में शराब बेचने और पीने के आरोप में कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विभाग ने इस दौरान भारी मात्रा में अवैध चुलाई शराब भी बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीसराय थाना क्षेत्र के चरोखरा (वार्ड नंबर-18) में की गई छापेमारी के दौरान शराब बेचने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रंजन केवट (पिता-स्व़ राजो केवट) और दीपक केवट (पिता-स्व़ विष्णु केवट) के रूप में हुई है। इनके पास से क्रमशः 18000 लीटर और 03000 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई।

इसी क्रम में मेदनीचौकी थाना क्षेत्र के किरनपुर (वार्ड नंबर-08) में छापेमारी कर धर्मवीर पासवान (पिता-नारायण पासवान) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 12.250 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद हुई है। विभाग ने इसे शराब बिक्री के मामले में दर्ज किया है। शराब पीने वालों के खिलाफ भी विभाग ने कड़ा रुख अपनाया। बीरपुर थाना क्षेत्र के फदरपुर में छापेमारी कर जगदीश साव (पिता-स्व़ रामस्वरूप साव) और महरामचक निवासी चन्द्रशेखर महतो (पिता-स्व़ मुड़न महतो) को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वहीं, बड़हिया थाना क्षेत्र के गोलभट्ठा और नया छावनी इलाके में भी कार्रवाई की गई। यहाँ से शराब पीने के आरोप में लोकेश महतो (पिता-गेनहारी महतो) और अर्जुन कुमार (पिता-गोपाल यादव) को हिरासत में लिया गया। मद्य निषेध विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से शराब माफियाओं और नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


गिरफ्तार धंधेबाज व नशेड़ी।


गिरफ्तार आरोपी।

# वीर कुंवर सिंह विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा रही शांतिपूर्ण

**नवसंदेश ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में आयोजित पीएचडी प्रवेश के लिए प्री-एंट्रेंस टेस्ट (पालटू) परीक्षा रविवार को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही तथा सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अनुसार परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो सके। साथ ही नकल रोकने के लिए विशेष निगरानी दल भी सक्रिय रहा। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा और कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि परीक्षा समय पर शुरू हुई और निर्धारित समय पर ही समाप्त कराई गई।

विश्वविद्यालय के कुलपति और परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया तथा इसमें सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।



परीक्षा को लेकर प्रेस ब्रीफिंग।

## मोबाइल के साथ पकड़े जाने पर 10 परीक्षार्थियों को किया गया निष्कासित

**आरा (एनएसबी)।** आरा के प्रतिष्ठित हरप्रसाद दास जैन कॉलेज में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की प्री पीएचडी प्रवेश परीक्षा का केंद्र था, जिसमें विज्ञान संकाय के वनस्पति शास्त्र, भौतिक शास्त्र, जंतु विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान एवं कला संकाय के समाजशास्त्र विषयों के कुल 683 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। परीक्षा कुल दो पारियों में संचालित हुई जिसमें 465 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 217 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो (डॉ.) नरेंद्र कुमार ने बताया कि यह परीक्षा जैन कॉलेज में पूरी तरह कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा में कुल 10 परीक्षार्थियों को मोबाइल के साथ पकड़े जाने पर परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित किया गया। परीक्षा के दौरान उड़न दस्ता सक्रिय रूप से सभी कक्षाओं में निरीक्षण कर रहा था, साथ ही परीक्षा को कदाचार मुक्त निष्पादन में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षा पर्यवेक्षकों की भी सक्रिय भूमिका थी। प्रशासन ने बताया कि आगे की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी और परिणाम जल्द ही विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल्स बिहार प्रक्षेत्र के आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी

**आरा (एनएसबी)।** स्थानीय बीएसडीएवी पब्लिक स्कूल में आठवीं के बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि डीएवी प्रबंधन देश स्तर पर आठवीं बोर्ड का आयोजन करता है। इस क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की परीक्षा के परिणाम आ चुके हैं।

डीएवी स्कूल्स,बिहार प्रक्षेत्र-ह्यजेड्ह के कुल 9 विद्यालयों में बी एस डीएवी. पब्लिक स्कूल, आरा के बच्चों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। बक्सर, पुसौली, कोचस , मोहनिया, डुमराँव, पीरो, शाहपुर तथा आरा में संचालित हो रहे कुल 9 विद्यालयों में बी एस डीएवी आरा के बच्चों को मिली यह सफलता एक बड़ी व चुनौती पूर्ण सफलता रही है। यहाँ के आठवीं कक्षा के कुल 277 विद्यार्थी बोर्ड में शामिल हुए। इनमें से 33 बच्चों ने 90, 62 बच्चों ने 80, 93 बच्चों ने 70, 46 बच्चों ने 60.तथा 43 बच्चों ने 50. से अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किये। आठवी के अनुभव कुमार ने 97.57: तथा आर्यन मिश्र ने 97.50: अंक प्राप्त कर प्रक्षेत्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्राचार्या श नीशू जायसवाल ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

### बीएसडीएवी के अनुभव कुमार और आर्यन मिश्र बने जोनल टॉपर

## संक्षिप्त खबरें

### बीकॉम सेमेस्टर-1 का रिजल्ट जारी

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2025-29 के बी. कॉम सेमेस्टर-1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। छात्र-छात्राएं अब अपना रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से रोल नंबर या रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए देख सकते हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद (बी.कॉम.) के छात्रों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। लंबे समय से विद्यार्थी अपने परिणाम का इंतजार कर रहे थे। विश्वविद्यालय ने छात्रों को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही अपना रिजल्ट देखें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में संबंधित कॉलेज या विश्वविद्यालय से संपर्क करें। वहीं बी०ए और बी.एससी. सेमेस्टर-1 के विद्यार्थियों को अभी थोड़ी और प्रतीक्षा करनी होगी। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार इन दोनों संकायों का रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे भी जारी कर दिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले कुछ दिनों में बी०ए और बी.एससी. का परिणाम भी प्रकाशित कर दिया जाएगा।

### अंचल में जनता दरबार, कई भूमि विवादों का निष्पादन

**कोईलवर (एसएनबी)।** भूमि विवादों के त्वरित और शांतिपूर्ण समाधान को लेकर शनिवार को कोईलवर अंचल कार्यालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें अंचलाधिकारी का प्रभार देख रहीं आरडीओ सोनी सिन्हा ने विभिन्न थानों से जुड़े मामलों की सुनवाई की। जनता दरबार में चांदी थाना क्षेत्र से आए दो मामलों की सुनवाई की गई। भगवतपुर गांव के धनंजय सिंह और जीनंदन यादव के बीच गुंडी व मानपुर मौजा की जमीन को लेकर चल रहे विवाद का अभिलेखों की जांच के बाद आपसी सहमति से मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं बहियारा गांव के जनार्दन सिंह और रमेश कुमार सिंह के बीच भूमि विवाद का भी समझौते के आधार पर समाधान कराया गया। गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव से जुड़े एक मामले में दूसरे पक्ष के अनुपस्थित रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस दौरान एक नया मामला भी दर्ज किया गया।

### गीधा में दो पुराने वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**कोईलवर (एसएनबी)।** गिधा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो पुराने वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने छापेमारी कर जलपुरा गांव निवासी भोला सिंह (पिता विक्रमा सिंह) को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी कार्रवाई में विष्णुपुरा गांव निवासी राजू राय (पिता शंभू राय) को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपित लंबे समय से न्यायालय से जारी वारंट के मामले में फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को उनके-अपने गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### शराब के अलग-अलग मामलों में तीन गिरफ्तार


**कोईलवर (एसएनबी)।** क्षेत्र में शनिवार का दिन पुलिस के लिए अहम रहा। शराब से जुड़े अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि कांड संख्या 693/23 के मामले में वेदन्ती देवी को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2023 में उसके घर के पास से बोरा में बंद 35 लीटर देशी शराब बरामद की गई थी। इस मामले में वह काफी समय से फरार चल रही थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर कांड संख्या 58/26 में भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में छोटका चंदा गांव निवासी गुड्डी नट और नया हरिपुर गांव निवासी अवधेश चैधरी शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के पास से क्रमशः 9-9 लीटर देसी शराब बरामद की है।

### अवैध राइफल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**आरा (एनएसबी)।** हसन बाजार थाना पुलिस द्वारा अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया, उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के नोनार हाल्ट के पास से की। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी रायफल बरामद किया गया। गिरफ्तार बदमाश जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मंगुरा गांव निवासी महेंद्र सिंह का पुत्र राजेश कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। उन्होंने बताया कि हसन बाजार पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि नोनार हाल्ट के पास एक युवक अवैध राइफल लेकर घूम रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उसने हथियार कहां से लाया। इसको लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### अनाईठ की सृष्टि हृदय रोग के आपरेशन के लिए अहमदाबाद रवाना, आरबीएसके के माध्यम से बाल रोगियों का होता है निः शुल्क इलाज

**आरा/उदवंतनगर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएस के के तहत भोजपुर जिले के आरा प्रखंड के अनाइठ गांव से हृदय रोगी बच्ची सृष्टि को



बेहतर इलाज के लिए अहमदाबाद रवाना किया गया। आरबीएसके कोऑर्डिनेटर डा राधिका रंजन कृष्णा, डीपीएम डा रवि रंजन की उपस्थिति में सी एस शिवेन्द्र कु सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर बच्ची को पटना के लिए रवाना किया जहां से वह हवाई जहाज से अहमदाबाद जाएगी। बच्ची के साथ उसके अभिभावक नाना सुरेश कुमार राय नानी रेणु देवी भी जाएंगे। बच्ची का हार्ट का ऑपरेशन निःशुल्क अहमदाबाद के सत्या साई हार्ट हॉस्पिटल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना के तहत कराया जाएगा। आरबीएसके के डा राधिका रंजन कृष्ण ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से संबंधित सृष्टि कुमारी की स्क्रीनिंग के बाद उसे अहमदाबाद इलाज के लिए भेजा गया। पूर्व में भी सृष्टि अहमदाबाद जा चुकी है लेकिन किसी कारणवश उसकी आपरेशन नहीं हो सका था। उन्होंने अभिभावकों से हृदय रोग संबंधी समस्या से जूझ रहे बच्चों के जांच व इलाज के लिए जिला कोऑर्डिनेटर से संपर्क करने की अपील की। मौके पर डैम अश्विनी कुमार, डीएमएनई धनंजय कुमार, डीपीसी प्रेम रंजन मोदी, शशि शेखर, रवि कुमार, अविनाश कुमार मुख्य थे।

## महापौर इंदु देवी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट किया प्रस्तुत, विकास व स्वच्छता पर विशेष जोर

# शहर के विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

**नवसंदेश ब्यूरो**

**आरा।** नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शनिवार को अरबों रुपये का बजट महापौर इंदु देवी द्वारा बैठक में पेश किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर इंदु देवी ने की। इस अवसर पर उप महापौर पूनम देवी, नगर आयुक्त अंजू कुमारी तथा अपर नगर आयुक्त जमाल अख्तर अंसारी सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि और नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहें।

बैठक के दौरान बजट को लेकर निगम प्रशासन और पार्षदों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। प्रस्तुत बजट में शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क निर्माण, जलापूर्ति, नाला निर्माण और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार विभिन्न वार्डों में विकास कार्यो को गति देने के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान को और सशक्त बनाने, कचरा प्रबंधन प्रणाली को बेहतर करने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए भी पर्याप्त राशि निर्धारित की गई है।

**बजट के प्रमुख प्रावधानः**

**आरा।** नगर निगम कर्मचारियों के वेतन, मजदूरी, भत्ते, पेंशन, पीएफ और सेवानिवृत्ति लाभ के लिए बजट में व्यय का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही कार्यालयों के रखरखाव एवं संचालन के लिए भी राशि निर्धारित की गई। कचरा सफाई, बिजली, ईंधन, मरम्मत एवं रखरखाव, नगर निगम भवनों, वाहनों तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के संचालन पर भी खर्च का प्रावधान किया गया। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग, दवा छिड़काव, स्वच्छता अभियान, पर्व-त्योहारों (छठ, दीपावली आदि) के दौरान विशेष सफाई, प्याऊ और अलाव की व्यवस्था तथा स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए भी बजट निर्धारित किया गया।




बजट पेश करतीं महापौर इंदू देवी व अन्य।

**विकास कार्यों के लिए बड़े प्रावधानः** आगामी वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय के अंतर्गत नगर निगम द्वारा नए लैंडफिल साइट के लिए भूमि, मार्केट कॉम्प्लेक्स, सामुदायिक भवन, शवदाह गृह एवं मोक्ष धाम, शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम, कम्पोस्ट प्लांट, पुस्तकालय, रैन बसेरा, पार्क, वेंडिंग जोन, सामुदायिक शौचालय, सड़क एवं पुल, अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र, सफाई उपकरण, वाहन और कार्यालय फर्नीचर व विद्युत उपकरण आदि मदों में खर्च का प्रावधान किया गया। साथ ही सार्वजनिक उपयोग के लिए पर्याप्त संख्या में सार्वजनिक शौचालय और मूत्रालय बनाने का भी निर्णय लिया गया।

**महिला सशक्तिकरण पर भी फोकसः** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी, जहां महिलाओं को तकनीकी शिक्षा दी जाएगी।

### बजट में शहरी गरीबों के लिए विशेष प्रावधान

**आरा।** बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 82 के तहत संसाधनों का 25 प्रतिशत शहरी गरीबों की आधारभूत सेवाओं के लिए खर्च करने का प्रावधान है। इसी के तहत कुल उपलब्ध राशि का लगभग 26.67 प्रतिशत यानी करीब 201 करोड़ 6 लाख रुपये शहरी गरीबों के लिए निर्धारित किया गया है। बैठक में आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी, उप महापौर और पूनम देवी, नगर आयुक्त, अंजू कुमारी अपर नगर आयुक्त जमाल अख्तर अंसारी सभी सम्मानित पार्षद गण पार्षद प्रतिनिधि और नगर निगम में बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहें।

इसके अलावा शहर के प्रमुख स्थानों पर पिंक टॉयलेट और हेल्थ केयर काउंसलिंग सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे।

# 30 मार्च को चैता कार्यक्रम में बिहार से जुटेंगे नामी कलाकार : श्रीभगवान

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** ऐतिहासिक नगरी जगदीशपुर के बाबू वीर कुंवर सिंह किला परिसर में आगामी 30 मार्च को भव्य चैता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक आयोजन को लेकर शुक्रवार को पूर्व मुख्य पार्षद मुकेश कुमार गुड्डू के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमे दिग्गज कलाकारों का जमावड़ा लगेगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व क्षेत्रीय विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा शामिल हुए।



निर्णय लिया गया कि किला परिसर स्थित साकेत कला कुंज रामलीला मंच पर चैता का महामुकाबला होगा, जिसमें बिहार के प्रसिद्ध व्यास अपनी कला और सुरों का जादू बिखेरेंगे। जगदीशपुर विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने बताया कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए यह आयोजन भव्य स्तर पर किया जा रहा है। नगर से लेकर प्रखंड क्षेत्र के गांव-गांव तक पोस्टर और बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल भाजपा नेता विनय मिश्रा, आदित्य जी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मिलिंद चैधरी वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रविंद्र चैधरी मुन्ना चैधरी तारकेश्वर चैधरी रामनवमी सुबह यात्रा समिति के अध्यक्ष रंजन प्रताप सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, मुखिया महेश ठाकुर जदयू जिला महासचिव संजय यादव प्रदुमन चैधरी, अनिल चैधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

## मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने अफसरों को दिया टास्क

# ईद व रामनवमी पर बरतें विशेष सतर्कता

**आरा (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी सह पुलिस सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक राज ने की। विधि-व्यवस्था संधारण तथा शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में आम जनता की शिकायतों के निवारण हेतु आयोजित होने वाले जनता दरबार तथा स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों के आसपास महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु अभया ब्रिगेड द्वारा की जाने वाली गश्त के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, अवैध आग्नेयास्त्रों एवं शराब की बरामदगी तथा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात, आयोजित पुलिस सभा में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके प्रभावी समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किया गया। ईद और रामनवमी के त्योहार को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली सुबह मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान सदर एसडीपीओ-वन राज कुमार साह, सदर एसडीपीओ-दो रंजीत कुमार सिंह, पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह, जगदीशपुर एसडीओपी राजेश कुमार शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु, साइबर डीएसपी स्नेह सेतू, मुख्यालय डीएसपी चंदेश्वर प्रसाद, नगर थानाध्यक्ष देवराज राय, नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी, मुफस्सिल थानाध्यक्ष दीपक कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।



# जीविका की विभिन्न गतिविधियों पर उन्मुखीकरण कार्यशाला




**आरा (एनएसबी)।** शहर के होटल में शनिवार को जीविका भोजपुर द्वारा मीडियाकर्मियों को जीविका भोजपुर में चल रही विभिन्न गतिविधियों पर उन्मुखीकरण हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य परियोजना प्रबंधक-संचार पवन प्रियदर्शी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार एवं जीविका भोजपुर के जिला परियोजना प्रबंधक बरुण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन जीविका के संचार प्रबंधक मनीष कुमार ने किया, उन्होंने जीविका भोजपुर द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ हीं साथ जीविका द्वारा निर्मित विभिन्न गतिविधियों पर बनी वीडियो फिल्म को प्रदर्शित किया। जिला परियोजना प्रबंधक ने भोजपुर मीडिया के कार्य को काफी सराहा एवं आगे भी इसी तरह जीविका के कार्यो को मीडिया के माध्यम से प्रदर्शित करने की अपील की, ताकि एक प्रखंड के अच्छे कार्यों का अनुसरण दूसरे प्रखंड की महिलाएं भी कर सके। राज्य परियोजना प्रबन्धक ने कहा कि मीडिया ही हमारे अच्छे कार्यों का आईना है। हम कितना भी अच्छे कार्य करे पर मीडिया के बिना सहयोग के उन कार्यों को प्रदर्शित नहीं कर सकते। मीडिया की हमारे समाज में अहम भूमिका है। कार्यक्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मीडियाकर्मी उपस्थित थे। अंत में संचार प्रबंधक मनीष कुमार ने सभी मीडियाकर्मियों का आभार प्रकट किया एवं भविष्य में इसी तरह जीविका की विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित करने का अनुरोध किया।

# सेमिनार सह पोस्टर प्रतियोगिता

**आरा (एनएसबी)।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के अवसर पर राइट, जस्टिस, एक्शनः ऑल वुमंस एंड गर्ल्स विषय पर महिलाओं एवं बलिकाओं के अधिकार न्याय और समान अवसर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सेमिनार सह पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेमिनार विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली एवं अंत्योदय चेतना मंडल के तत्वावधान में उद्वंतनगर प्रखंड के 2 उच्च विद्यालय सरथुआ मे आयोजित किया गया। उद्घाटन जिला परिषद सदस्य वंदना राजवंशी, पूनम कुशवाहा, डॉ. सुनीता सिंह, रामकुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत सामाजिक कार्यकर्ता विभा कुमारी ने किया। तत्पश्चात फूल सुंदरी देवी एवं सुभांति देवी ने महिला सशक्तिकरण पर एक प्रेरक गीत सुनाया। संस्था के सचिव रामनाथ ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष राइट, जस्टिस, एक्शनः ऑल वूमेंस एंड गर्ल्स विषय को केंद्र में रखते हुए महिलाओं के अधिकार न्याय और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है। मौके पर सुनिता सिंह, आदित्य राज, मिथिलेश कुमार, डॉ कृतुंजय चैधरी, विनय कुमार सिंह, आकांक्षा कुमारी, देव सागर सिंह, पिंकू, रितिका, रोशनी कुमारी, रीता कुमारी, जुबेद अली, रोशनी, अंशु कुमारी, रिया कुमारी, रवि रंजन कुमार, कंचन कुमारी, संजय कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, अनिस कुमार आदि थे।

# प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में 2925 मामलों का हुआ निष्पादन

**आरा (एनएसबी)।** व्यवहार न्यायालय, आरा परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के तत्वाधान में वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति हरीश कुमार (पटना उच्च न्यायालय सह निरीक्षी न्यायाधीश) एवं न्यायमंडल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षी न्यायाधीश श्री कुमार ने कहा कि न्याय तक लोगों की पहुंच भारतीय संविधान का मूलभूत बिंदु है। इसमें लोक अदालत की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब, न्यायालय आशुतोष कुमार, जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक राज, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनमोहन ओझा, अभियोजन पदाधिकारी, मणिक कुमार सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता रामधनी भारती, लोक अभियोजक राणा प्रताप सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक नीरज कुमार, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वरीय पदाधिकारी, स्टेट बैंक के पदाधिकारी, सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 17 पीठ का गठन किया गया था। कुल निष्पादन 2925 हुआ है, जिसमें बैंक निष्पादन मामले की संख्या 416 इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया।

न्यायालय में लंबित कुल सुलहनीय वाद के निष्पादन की संख्या 1047 है। बीएसएनएल के तीन मामले निष्पादित हुए साथ ही कुल 6, 50,63200 रुपए समझौता की राशि रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि विगत 3 माह से सभी कार्यालय कर्मी एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा कार्य किया जा रहा था।



स्मृति चिह्न भेंट करते न्यायिक पदाधिकारी।